
वर्ष 17 अंक 191
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, रविवार
20 अप्रैल 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20


03 दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में आरटीई अधिनियम का उल्लंघन... 06 असीम मुनीर के सिर चढ़ा रग-ए-जाँ का जुनून! 11 खेलों और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदली: राजनाथ













## उत्तर-पूर्वी दिल्ली में इमारत ढहने से 11 लोगों की मौत, 11 घायल

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शक्ति विहार इलाके में शनिवार तड़के एक बहुमंजिला आवासीय इमारत के ढहने से 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस और अन्य बचावकर्मियों की टीम ने राष्ट्रीय राजधानी के मुस्तफाबाद इलाके में तड़के करीब तीन बजे 20 साल पुरानी चार मंजिला इमारत के ढहने के बाद घटनास्थल पर 12 घंटे से अधिक समय तक बचाव कार्य चलाया। पुलिस के अनुसार, इमारत में 22 लोग थे, जिनमें से ज़्यादातर कुछ परिवारों के सदस्य थे। इमारत के मालिक तहसीन और उनके परिवार के छह सदस्य इमारत ढहने से मरने वाले 11 लोगों में शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने कहा कि हो सकता है कि भूतल पर ''दो-तीन दुकानों'' में हो रहे निर्माण कार्य के कारण इमारत ढह गई हो। स्थानीय लोगों ने भी कहा कि नयी दुकान पर निर्माण कार्य के कारण यह इमारत ढह गई होगी। उन्होंने चार से पांच अन्य इमारतों की गंभीर स्थिति पर भी चिंता जताई।

इलाके के निवासी सलीम अली ने कहा, ''सीवर का गंदा पानी वर्षों से इमारतों की दीवारों में रिस रहा है। समय के साथ नमी के कारण ढांचे कमजोर होने से दीवारों में दरारें आ गई हैं।'' दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक बयान में कहा कि यह इमारत लगभग 20 साल पुरानी थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इमारत ढहने की घटना की जांच के आदेश दिए हैं और घटना पर दुख जताया है।

आसपास की इमारतों में रहने वाले निवासियों ने भी झटके महसूस किए और कहा कि यह भूकंप जैसा था तथा नीचे की मंजिल हिल रही थी।

ढह चुकी इमारत के बगल में रहने वाले शिव विहार निवासी रायन ने कहा, ''ऐसा लगा जैसे हमारे घर से कुछ टकराया हो लेकिन जब हमने बाहर देखा तो पास की पूरी इमारत मलबे में तब्दील हो चुकी थी।''

पुलिस ने कहा कि तड़के करीब तीन बजकर दो मिनट पर दयालपुर थाने में इमारत ढहने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम शक्ति विहार की गली नंबर-1 पहुंची, जहां मलबे में 22 लोग दबे थे। अधिकारियों ने बताया कि एनडीआरएफ, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) और एम्बुलेंस सेवाओं की बचाव टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया। मलबे से बाहर निकाले जाने के बाद घायलों को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया।

इससे पूर्व, एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मोहसिन शाहिदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हम इसे 'पैनकेक कोलैप्स' कहते हैं - ढहने का एक खतरनाक प्रकार जिसमें बचने की संभावना न्यूनतम होती है। फिर भी, हमें उम्मीद है कि लोग जिंदा होंगे और हम सक्रिय रूप से उनकी तलाश कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि चूंकि यह अत्यधिक भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है, इसलिए मलबा हटाने का काम धीरे-धीरे किया गया, जिससे बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया। उन्होंने कहा कि जगह की कमी के कारण भारी मशीनरी के उपयोग में दिक्कतें थीं।

मृतकों में इमारत के मालिक तहसीन (60), उनके बेटे नजीम (30), उनकी पत्नी शाहिना (28) और उनके तीन बच्चे अनस (6), आफरीन (2) और अफान (2) तथा मालिक की छोटी बहू चांदनी (23) शामिल हैं। दो भाइयों- दानिश (23) और नावेद (17) तथा रेशमा (38) एवं इशाक (75) की भी इस घटना में मौत हो गई। छह लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जिनमें तहसीन का बेटा चांद (25) भी शामिल है, जबकि तहसीन की पत्नी समेत नौ लोग भर्ती हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'एक्स' पर कहा, ''मुस्तफाबाद में इमारत ढहने की घटना से बहुत दुख हुआ।

## सोनिया और राहुल के खिलाफ आरोप पत्र षड्यंत्र, हम डरने वाले नहीं हैं: खरगे

**नयी दिल्ली,** (भाषा) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ 'नेशनल हेराल्ड' मामले में आरोपपत्र दाखिल किए जाने को शनिवार को षड्यंत्र करार दिया और कहा कि पार्टी इससे डरने वाली नहीं है।

उन्होंने पार्टी के महासचिवों, प्रभारियों और अग्रिम संगठनों के प्रमुखों की बैठक में यह उम्मीद भी जताई कि वक्फ संशोधन अधिनियम मामले में उच्चतम न्यायालय में सरकार के खिलाफ विपक्ष की जीत होगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 'उपयोग के कारण वक्फ' के साथ सरकार ने छेड़छाड़ की है ताकि वक्फ संपत्तियों को विवादों में घसीटा जा सके। खरगे ने पार्टी नेताओं का आह्वान किया कि अहमदाबाद अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के संदेश को जिला, मंडल, ब्लॉक और बूथ तक पहुंचाना है।

कांग्रेस ने यह बैठक सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा आरोप पत्र दाखिल किए जाने की पृष्ठभूमि में आगे की रणनीति तय करने के लिए बुलाई थी।

इस बैठक में प्रियंका गांधी वाद्रा समेत पार्टी के कई महासचिव, प्रदेश



प्रभारी और कई अन्य नेता मौजूद थे।

खरगे ने कांग्रेस नेताओं से कहा, ''आपने गौर किया होगा कि कैसे बड़े षड्यंत्र के तहत नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी जी और राहुल गांधी जी का नाम आरोप पत्र में डाल दिया गया है। पर किसी का भी नाम डाल दें हम डरनेवाले नहीं है।'' उन्होंने कहा कि इसके दो-तीन पहले ही 'नेशनल हेराल्ड' की दिल्ली, लखनऊ और मुंबई की संपत्तियों को कुर्क कर दिया गया। खरगे ने कहा, ''इसमें कोई शक नहीं कि यह सब बदले की भावना से किया जा रहा है। 'यंग इंडियन' गैर लाभकारी कंपनी है। इसका मतलब यह है कि 'एजेएल' के शेयर और संपत्ति या लाभ को ना तो कोई ले सकता है और ना ही हस्तांतरित कर सकता है।'' उन्होंने पार्टी नेताओं का आह्वान किया कि भाजपा के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं और ऐसे में जनता को सच बताना होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह महज संयोग नही हो सकता कि ''एक तरफ हमारा एआईसीसी का अहमदाबाद अधिवेशन हो रहा हो और उसके तत्काल बाद ईडी की इतनी बड़ी कार्रवाई हो रही हो।''

खरगे ने कहा, ''मैं यहां आपको याद दिला दूं कि मेरे नेतृत्व में जब रायपुर में कांग्रेस महाधिवेशन हुआ था तो मोदीजी ने वहां भी उसे विफल करने के लिए हमारे नेताओं के ऊपर ईडी, सीबीआई को लगा कर रेड कराई। उनकी मंशा थी कि अधिवेशन न होने पाए। फिर भी ये हुआ। '' उनका कहना था, ''लोकसभा चुनाव के पहले हमारे खाते बंद किए फिर भी हमारा संख्या बल जनता ने लोक सभा में दो गुना कर दिया। हमारी लड़ाई कमजोर नहीं पड़ी।'' खरगे ने वक्फ मामले का उल्लेख करते हुए कहा, ''सरकार के वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने पूरे विपक्ष को एकत्र किया और इसका विरोध किया। इंडिया गठबंधन के सभी दल के लोगों ने साथ दिया।''




# हिन्दू हो रहा है पलायन को मजबूरः जय भगवान गोयल

## जिला उत्तरी-पूर्वी जिहादियों के निशाने पर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



नई दिल्ली। कुणाल नाम के 17 वर्षीय दलित समाज के हिन्दू युवक की निर्मम हत्या ने जे ब्लॉक सीलमपुर के हिन्दुओं में फिर दहशत व डर का माहौल बनाकर जिहादियों द्वारा पलायन करने पर मजबूर किया जा रहा है। यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री जय भगवान गोयल जी ने कहा कि इस क्षेत्र में वर्षों से रह रहे हिन्दुओं को आए दिन भद्दी-भद्दी टिप्पणियां और छोटी-छोटी बातों पर मरने मारने को तैयार रहने वाले इन जिहादियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय विधायक व निगम पार्षद के खुले समर्थन से क्षेत्र में केबल चोरी, स्मैक, नाजायज हथियार, चोरी की गाड़ियां, कबाड़ी की दुकानें, नाजायज शराब, सट्टा आदि का धंधा जोर-शोर से करते आ रहे हैं। जरा सा भी कोई हिन्दू इनका विरोध करता है तो उसे खुलेआम धमकाया जाता है और उसकी हत्या भी कर दी जाती है। इस क्षेत्र में पहले भी ऐसी कई घटनाएं घट चुकी हैं। जिनमें जितेन्द्र पुत्र प्रेम (2008), दिनेश पुत्र रामचरण (2012), सर्वेश (2014-15), रंजीत पुत्र हरिबाबू (2017) आदि के अलावा अब तक 7 लोगां की निर्मम हत्या हो चुकीं हैं, जिनके कातिल आज भी खुलेआम घूम रहे हैं। गहरा समाज के लगभग 400-500 परिवार यहां रह रहे हैं जिनकी संख्या लगभग 2500 से 3000 है, इन परिवारों को जिहादी किसी भी सूरत में यहां से पलायन करवाने पर उतारू हैं। आज पीड़ित परिवार से मिलकर उनको दिल्ली सरकार व पुलिस प्रशासन द्वारा जिहादियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करवाने का आश्वासन दिया व अब दिल्ली में भी योगी जी का बुलडोजर मॉडल लागू करने की अपील मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से की। जिहादियों द्वारा सुंदर नगरी में मनीष, राहुल उर्फ मनीष, राहुल की गवाह प्रवीन, कोमल, गोकल पुरी में हिमांशु नाम के 19 वर्ष के लड़के की निर्मम हत्या करके उत्तरी-पूर्वी जिले के हिन्दुओं में दहशत का माहौल बनाकर उन्हें यहां से पलायन करवाने का गहरा षड़यंत्र रचा जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप शास्त्री पार्क, गौतमपुरी, चौहान बांगड़, सीलमपुर, वैलकम, ब्रह्मपुरी, विजय पार्क मौजपुर, श्रीराम कॉलोनी, भगत विहार, भागीरथ विहार, सीमापुरी, सुंदर नगरी, चंदू नगर, बाबू नगर, नेहरू विहार, कबीर नगर, बृजपुरी, तकिया गुल्लूशाह, श्रीराम नगर कॉलोनी, शिव विहार, मुस्तफाबाद, जाफराबाद और यमुना विहार से हजारों हिन्दू परिवार पलायन करके जा चुके हैं।

# दिल्ली विश्वविद्यालय एससी/एसटी शिक्षक संघ ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



नई दिल्लीः दिल्ली विश्वविद्यालय एससी/एसटी शिक्षकों संघ (DUSCSTTA) ने भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार और सामाजिक न्याय के अग्रदूत भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती विश्वविद्यालय के ILLL सभागार में बहुत हर्षोल्लास से मनाई गई । इस कार्यक्रम में कार्यकारी परिषद (एउ) और शैक्षणिक परिषद (अउ) के सदस्यों, पूर्व EC/AC सदस्यों और सामाजिक कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन प्रो. संजय रॉय द्वारा किया गया। साथ ही, सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रमुख वक्ताओं को बाबा साहब का कलेंडर, पुस्तक, प्रतीक चिन्ह, पंचशील पटका पहनाकर अभिनंदन एवं स्वागत भी किया गया।

मुख्य प्रतिभागियों में एउ सदस्य डॉ. मिथुराज धूसिया और डॉ. मनीष कुमार (नामित), अउ सदस्य डॉ. विवेक कुमार रजक और डॉ. देवेश बिड़वाल, तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता जैसे प्रो. बलराज सिहमार, डॉ. हंसराज सुमन, प्रो मनोज कुमार कैन, प्रो. सुरेश कुमार, प्रो. रीना कनोजिया, प्रो. धनी राम, डॉ. श्याम कुमार, डॉ. पप्पू राम मीणा, डॉ. महेंद्र कुमार मीणा और डॉ. रवि शामिल रहे। इन सभी की उपस्थिति ने डॉ. अंबेडकर के समानता और सशक्तिकरण के सतत विजन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्या।

दिल्ली विश्वविद्यालय के 30 से अधिक कॉलेजों ने इस आयोजन में भाग लिया, जिससे यह हाल के वर्षों में सबसे समावेशी समारोहों में से एक बन गया। वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के राष्ट्र के प्रति अद्वितीय योगदान को रेखांकित किया और उनके जीवनभर के संघर्ष को याद किया, जो वंचित समुदायों के उत्थान और सामाजिक न्याय की संवैधानिक गारंटी सुनिश्चित करने के लिए समर्पित था।

DUSCSTTA के संयोजक डॉ. सिद्धार्थ ने सभा को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने डॉ. अंबेडकर के दृष्टिकोण को साझा करते हुए एससी/एसटी शिक्षकों में एकता और समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारा संघ शिक्षकों को एकजुट करके संवैधानिक प्रावधानों और कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समर्पित है, ताकि वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इस आयोजन से एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव यह पारित हुआ कि सभी कॉलेजों में डॉ. अंबेडकर जयंती का नियमित आयोजन किया जाएगा और विश्वविद्यालय स्तर पर DUSCSTTA के बैनर तले सामूहिक समारोह आयोजित किए जाएंगे। यह प्रस्ताव एउ/अउ सदस्यों द्वारा पूर्ण समर्थन के साथ पारित किया गया, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय समुदाय में अंबेडकरवादी मिशन को और सशक्त करना है।

समारोह का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ, जिसने एकता और साझी प्रतिबद्धता की भावना को और प्रगाढ़ किया। DUSCSTTA सभी प्रतिभागियों का दिल से आभार व्यक्त करता है, जिनकी भागीदारी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक सफलता दिलाई। संघ भविष्य में भी डॉ. अंबेडकर की विरासत को जीवित रखने के लिए निरंतर सहयोग की आशा करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 22 से 24 अप्रैल तक सरकारी/सेवानिवृत्त सरकारी सेवक व उनके आश्रित राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजनान्तर्गत करें आवेदन/ई-केवाईसी

नेशनल एक्सप्रेस

रायबरेलीः मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नवीन चन्द्रा ने बताया है कि सरकारी सेवक व उनके आश्रितों एवं सेवानिवृत्त सरकारी सेवक व उनके आश्रितों का पं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना अंतर्गत आवेदन/ई-केवाईसी पूर्ण कराने हेतु कम्प्यूटर आपरेटर अजीत कुमार प्रभारी अधिकारी आई0सी0सी0सी0 रायबरेली एवं कम्प्यूटर आपरेटर सैय्यद अदनान अहमद सामु0 स्वा0 केन्द्र-जतुआटप्पा रायबरेली की ड्यूटी 22 से 24 अप्रैल 2025 तक (तीन दिवसीय) तत्काल प्रभाव से कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 ऑफिस के निकट कोविड कंट्रोल रूम में लगाई गई है।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने उपरोक्त कम्प्यूटर आपरेटरों को निर्देश दिये है कि 22 से एवं 24 अप्रैल 2025 तक (तीन दिवसीय) सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का पं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य सरकारी कैशलेस चिकित्सा योजना अन्तर्गत आवेदन/ई-केवाईसी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

### एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रबुद्ध समागम का हुआ आयोजन



रायबरेली - भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सहसंयोजक अवध क्षेत्र दिलीप द्विवेदी के संयोजकत्व वैदिक इंटर कॉलेज रायबरेली में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाअध्यक्ष बुद्धिलाल पासी रायबरेली ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं रायबरेली के प्रभारी मंत्री राकेश सचान उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि एवं अन्य वक्ताओं ने केंद्र सरकार के एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर अपने विचार व्यक्त किया और इस प्रस्ताव का समर्थन किया कि चुनाव पूरे देश में एक साथ होने चाहिए।प्रभारी मंत्री ने अपने उद्बोधन ने कहा कि आजादी के बाद 1951- 52, 1957, 1962 तक देश में यही एक राष्ट्रीय चुनाव व्यवस्था थी लेकिन बाद में राजनीतिक अस्थिरता और समय पहले सरकारों के गिरने से यह कृम टूट गया लेकिन अब समय आ गया है कि हम उसी व्यवस्था पर लौट आए ।कार्यक्रम को विनीत मौर्य, रामेश्वर प्रसाद अवस्थी, डॉक्टर जितेंद्र प्रसाद, चंद्र प्रकाश पांडे, लक्ष्मीकांत शुक्ल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह सुधा अवस्थी, किरण सिंह ,विवेक शुक्ला अभिषेक वर्मा ,बच्चा शुक्ला, देवेंद्र सिंह, नागेंद्र बहादुर सिंह, सुनील द्विवेदी, संतोष मिश्रा ,अरविंद तिवारी, विजय कुंवर चौधरी, रतन सिंह ,चंद्रधर शर्मा, विनोद द्विवेदी, हरिश्चंद्र शर्मा, संदीप मिश्रा, अनिल यादव ,सुरेश मिश्रा, शरदचंद ,गिरजा शंकर, उमाशंकर, रमेश बाजपेई , अतिथि कुमार ,भीम शंकर ,प्रसून पांडे , जन्मेजय सिंह, मनोज अवस्थी, धर्मेश दीक्षित, जयशंकर प्रसाद त्रिवेदी, उमाशंकर त्रिवेदीआदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कमलकांत ने किया तथा अंत में आए हुए अतिथियों तथा मुख्य अतिथि का एवं समस्त प्रबुद्ध जनों का आभार क्षेत्रीय सहसंयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अवध क्षेत्र एवं कार्य क्रम संयोजक दिलीप द्विवेदी ने किया।

# वक़्फ सुधार कार्यशाला लखनऊ में संपन्न उपमुख्यमंत्री पाठक सहित कई मंत्री शामिल हुए



नेशनल एक्सप्रेस

आज राजधानी लखनऊ स्थित भागीदारी भवन में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान सम्बंधित कार्यशाला में सम्मिलित हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री माननीय श्री केशव प्रसाद मौर्य जी एवं श्री बृजेश पाठक जी का मंच पर स्वागत करने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में मुख्यतः राष्ट्रीय महामंत्री/मा राज्य सभा सांसद श्री #राधामोहनदासअग्रवाल जी, मा.प्रदेश अध्यक्ष भाजपा श्री भूपेंद्रचौधरी जी, प्रदेश महामंत्री संगठन श्री #धर्मपालसिंह जी, मा.उपमुख्यमंत्री श्री #केशवप्रसादमौर्य जी, मा.उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी, मा. मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी जी, , मा. मंत्री श्री #असीम अरुण जी, मा. मंत्री श्री जसवंत सैनी जी , प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा श्री त्रयम्बक त्रिपाठी जी, प्रदेश मंत्री भाजपा श्री शिवभूषण सिंह जी, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा श्री कुंवरबासित अली जी,श्री अखिलेशअवस्थी जी उपस्थित थे।

# तहसील ऊंचाहार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

## समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराए अधिकारी : जिलाधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस




रायबरेलीः जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील ऊंचाहार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील ऊंचाहार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 46 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, एसडीएम ऊंचाहार सिद्धार्थ चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### स्वस्ति फाउंडेशन एनजीओ को मिला नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड2025

# बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री के द्वारा किया गया एनजीओ के प्रेसिडेंट शैलेश प्रकाश शास्त्री को सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस



सेवेन फ्रेंड्स एवं एंड एंटरटेनमेंट के द्वारा नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 का आयोजन दिल्ली की रेडिसन ब्लू होटल में रखा गया जहां देश भर में काम कर रहे प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में स्वस्ति फाउंडेशन एनजीओ को उसके सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री द्वारा सम्मानित किया गया। एनजीओ के प्रेसीडेंट शैलेश प्रकाश शास्त्री ने कहा कि हम विगत कई वर्षों से बच्चों की शिक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा एवं बुजुर्गों की देखभाल पर कार्य कर रहे हैं। इसके लिए मैं सर्वप्रथम 7 फ्रेम्स एवं एंड एंटरटेनमेंट की मीनू शर्मा को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने आज हमें इस मंच पर आमंत्रित करके हमारी जिम्मेदारी समाज के प्रति और भी बढ़ा दी,और मैं स्वस्ति फाउंडेशन एनजीओ की राष्ट्रीय अध्यक्ष बिना जाजोरिया जी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने समय-समय पर हेल्थ चेकअप कैंप लगाकर लाखों लोगों को लाभान्वित किया, जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करा कर उनको शिक्षा से जोड़ा।

उन्होंने आगे कहा की बच्चे के संस्कार और शिष्टाचार उसके खुद के जीवन की ही नहीं बल्कि पूरे समाज की दिशा और दशा तय करते हैं। बच्चों में संस्कार और शिष्टाचार उनके माता-पिता से साथ साथ पढ़ाई से आते हैं और इन्हीं संस्कारों को विकसित करने में शिक्षा बहुत बड़ी भूमिका होती है। बचपन में दी गई शिक्षा व्यक्ति के साथ आजीवन रहती है इसलिए बच्चों को सही दिशा देना बहुत जरूरी है।इसी लिए हमारा प्रयास है कि देश का हर बच्चा शिक्षित हो।

# 26 अप्रैल से शुरू होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन के लिये किया भूमि पूजन

संदीप गोयल

देहरादून। आगामी 26 अप्रैल से शुरू होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन के लिये आज कथा स्थल पर श्री श्री बालाजी सेवा समिति के पदाधिकारियों ने हवन कर भूमि पूजन किया। संस्था के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि देहरादून में जया किशोरी का कार्यक्रम पहली बार होने जा रहा है।उत्तराखण्ड में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर श्याम भक्तों में बहुत उत्साह है, हर कोई श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने के लिए लालायित है। जिसके लिये आज से कार्यक्रम की तयारी शुरू कर दी गई है।

श्री श्री बालाजी सेवा समिति के उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि 26 अप्रेल से शुरू होने वाली जया किशोरी के मुखअरविंद श्रीमदभागवत कथा ग्यान निर्विघ्न संपन्न हो उसके लिये आज गुरु नानक इंटर कॉलेज, रेसकोर्से देहरादून कथा स्थल पर विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया गया।



श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के लिये भूमि पूजन करते श्री श्री बालाजी सेवा समिति के पदाधिकारी।

पूजन अवसर पर माननीय विधायक खजान दास राजपुर) अमन बंसल, (वाइस चेयरमैन देवभूमियूनिवर्सिटी) सुमित अदलक्खा,(( फिल्म डायरेक्टर) हरीश मित्तल, (वेगा ज्वेलर्स )मनोज खण्डेलवाल, ओपी गुप्ता, चंद्रेश अरोरा, अविनाश अग्रवाल, राजेश चौरसिया, अतुल सिंगल, विजय बिष्ट, उमाशंकर, दिलीप शर्मा योगेश अग्रवाल,आदि उपस्थित रहे।

# लालगंज के प्रमुख व्यवसायी अवधेश सिंह का निधन

नेशनल एक्सप्रेस

लालगंज,लंबी बीमारी के चलते जे पी वर्क्स के प्रोपाइटर अवधेश सिंह 80 वर्ष का निधन आज उनके पैतृक आवास पे हो गया पूरे सम्मान के साथ उनकी अंतिम यात्रा उनके पैतृक गांव हरीपुर पुरेजीत लाया गया।लगभग 40 वर्षो से जे पी वर्क्स व्यापार के छेत्र में कार्य कर रहा है।पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी के समय से भारतीयजनता पार्टी की जमीनी स्तर पे कार्य करके पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया।3 पुत्रो व1 पुत्री की अच्छी शिक्षा कराके अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।अपनी पुत्री को राजनीति के क्षेत्र दिल्ली सरकार मे रोहतास नगर विधानसभा से सरिता सिंह को विधायक बनाने की महती भूमिका निभाई। बड़े बेटे राजीव सिंह,संजीव सिंह,अमर सिंह,तीन पुत्रो व बड़ी पुत्री सरिता सिंह है अपने पिता के असमय देहांत से परिवार शोकाकुल है आपके आदर्शो पे चलकर आपका सदैव मांन सम्मान बढ़ाएंगे इस मौके मे दामाद अभिनव सिंह,रवि कुमार,प्रधान भैरो सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह,कप्तान सिंह, सुभम सिंह, सौरभ सिंह,विजय कुमार,सुभम सिंह चौहान लल्लू सिंह प्रशांत सिंह,आदि दुखी परिवार अंतिम यात्रा में रहे।

# कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति के संचालक मंडल की बैठक में विविध संगठनों के संघर्ष के साथ 20 मई को विविध ट्रेड यूनियनों, राज्य एवं केंद्र सरकार के स्वतंत्र फेडरेशनों की प्रस्तावित हड़ताल को दिया समर्थन

नेशनल एक्सप्रेस

कानपुर। आज केंद्र, राज्य एवं अन्य वर्गों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा में संघर्षरत कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति के संचालक मंडल की नियमित आवश्यक बैठक बैंक ऑफ बड़ौदा, सिविल लाइंस शाखा स्थित अक्ष्डइएउउ के यूनियन कार्यालय, कानपुर में समिति के अध्यक्ष एवं बैंक के वरिष्ठ नेता का0 रजनीश गुप्ता जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम गत 9 मार्च को सम्पन्न हुई बैठक कार्यवाही को स्वीकृति प्रदान की गई।

इसके बाद आगामी 20 मई, 2025 को अखिल भारतीय स्तर पर विविध ट्रेड यूनियनों, राज्य एवं केंद्र सरकार के स्वतंत्र फेडरेशनों की एक दिवसीय प्रस्तावित हड़ताल का भी नैतिक समर्थन देने का प्रस्ताव पारित किया गया।इसी के साथ महाअध्यक्ष-इंडियन साइंस कांग्रेस एसो0, कोलकाता एवं आजीवन वरिष्ठ सदस्य डा ए0 के0 सक्सेना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्तमान में सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक हितों पर हो रहे कुठाराघात पर अवगत कराया कि भारत सरकार के एक मंत्रालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग के नियम विरुद्ध हस्तक्षेप के विरुद्ध कलकत्ता हाईकोर्ट का जो निर्णय इंडियन साइंस कांग्रेस एसो0 के पक्ष में दिया गया उसकी भी भूरि भूरि सराहना की गई और सभी लोगो से सरकार के गलत निर्णयों का एकजुटता के साथ विरोध करने का आवाहन किया गया।




इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग की घोषणा के बाद अभी तक उसका गठन नहीं किया गया है, उसका तुरंत गठन किया जाए जिसमें सुनिश्चित किया जाए कि उसकी सिफारिशों को सभी पेंशनरों के लिये भी पूर्व की भाँति शामिल करने के साथ उसे 01 जनवरी, 2026 से लागू किया जाए। इस संबंध में सरकार को एक ज्ञापन शीध्र दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त संयुक्त संघर्ष/आंदोलन हेतु अनेक वरिष्ठ नेताओं को विविध कमेटी/प्रकोष्ठों में नामित करने, समिति के बाईलाज में आवश्यक संशोधनों को आमसभा में अनुमोदन/पारित करने तथा अनेक संघो के प्रतिनिधियों को जोड़कर रिक्त स्थानों पर सम्मान सहित शामिल करने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

अंत में अन्य विषय के अंतर्गत यह भी निर्णय लिया गया कि अधिकारियों एवं कर्मचरियों के अनेक संघो द्वारा प्रमुख माँगों पर हो रहे आगामी संघर्ष एवं आंदोलन में पूरा सहयोग देने के अलावा निम्न प्रमुख मुद्दों पर शीध्र रणनीति बनाकर संघर्ष जारी रखा जाएगा-

1. नई पेंशन योजना अर्थात एनपीएस या अप्रैल से लागू होने वाले यूपीएस (एकीकृत पेंशन योजना) को खारिज कर पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जाए।

2- सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों के निजीकरण पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा सभी रिक्त पदों पर तत्काल स्थाई नियुक्ति की जाय तथा आउट सोर्सिंग के माध्यम से नियोजित संविदा तथा स्कीम वर्कर्स को श्रम कानूनों के तहत पूर्ण वेतन पर नियमित और स्थाई नियुक्ति दी जाए।

3- मृतक आश्रति के रिक्त पदों के लिये सीलिंग हटाकर शतप्रतिशत भर्ती सुनिश्चित की जाए।

4. चार श्रम संहिता कानून को रद्द किया जाए।

5. बिजली बिल 2022 रद्द करने के साथ ही वितरण प्रणाली को निजी क्षेत्र में दिए जाने का प्रस्ताव रद्द किया जाए।

# दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में आरटीई अधिनियम का उल्लंघन, कक्षा छह और सात के छात्रों को रोका गया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली-एनसीआर के कई प्रतिष्ठित स्कूलों ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 का कथित तौर पर उल्लंघन करते हुए कक्षा छह और सात के छात्रों को अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं किया। शिक्षा कार्यकर्ताओं और अभिभावकों द्वारा इस बात का दावा किया गया है।

शिक्षा मंत्रालय के तहत स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 में 2019 में संशोधन के बाद दिसंबर 2024 में 'कुछ मामलों में परीक्षा और रोक' के संबंध में नियमों को अधिसूचित किया था। शिक्षा मंत्रालय ने 16 दिसंबर 2024 को "बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (संशोधन) नियम, 2024" शीर्षक से एक गजट अधिसूचना प्रकाशित की थी, जिसमें कहा गया था कि यदि कोई बच्चा नियमित परीक्षा में कक्षा पांच या कक्षा आठ में प्रोन्नति मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे वर्तमान



कक्ष में ही रोका जा सकता है।

अधिवक्ता और शिक्षा कार्यकर्ता अशोक अग्रवाल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' संशोधित नियमों के अनुसार स्कूलों को कक्षा पांच और कक्षा आठ में ही विद्यार्थियों को रोकने की अनुमति है, वह भी उन्हें परिणाम घोषित होने की तिथि से दो महीने के भीतर पुनः परीक्षा के लिए अतिरिक्त अवसर दिए जाने के बाद।''

अशोक अग्रवाल ने कहा, ''संशोधन से पहले कक्षा आठ तक 'नो डिटेंशन पॉलिसी (वर्तमान कक्षा में प्रोन्नति देने की नीति)' थी। लेकिन सरकार ने अधिनियम में संशोधन करके पांचवीं और आठवीं कक्षा में (आवश्यकता पड़ने पर) प्रोन्नति नहीं देने का प्रावधान कर दिया। लेकिन कई निजी स्कूल अधिनियम का उल्लंघन करते हुए अभिभावकों पर अपनी शर्तें थोप रहे हैं।''

कई अभिभावकों ने शिकायत की कि स्कूल इस बात पर जोर देते हैं कि वे या तो स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र लें या फिर बच्चे को छठी या सातवीं कक्षा में दोबारा पढ़ने दें।

गुरुग्राम स्थित एक अभिभावक ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, ''मेरा बेटा कक्षा छह में है और हमें बताया गया है कि यदि वह मई में होने वाली पुनः परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होता है, तो उसे अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं किया जाएगा। लेकिन, नियम कहते हैं कि छात्रों को पांचवीं और आठवीं कक्षा के अलावा किसी अन्य कक्षा में नहीं रोका जा सकता। इस साल मेरा बेटा खराब स्वास्थ्य के कारण अच्छे अंक नहीं ला सका।''

दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय से जुड़ी शिक्षाविद् प्रोफेसर अनीता रामपाल ने निजी स्कूलों द्वारा अधिनियम की घोर अवहेलना पर आश्चर्य व्यक्त किया।

प्रोफेसर रामपाल ने कहा, '' अगर स्कूल कक्षा छह और सात में बच्चों को रोकते हैं, तो वे आरटीई अधिनियम का मजाक उड़ा रहे हैं। मैं उनके माता-पिता को सलाह देती हूं कि वे नजदीकी जिला या सत्र न्यायालय में इसकी शिकायत दर्ज कराएं।'' उन्होंने कहा, '' स्कूलों को यह समझना चाहिए कि यह अधिनियम बच्चों को कुछ संवैधानिक अधिकार देता है।''

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पूर्व अध्यक्ष अशोक गांगुली ने कहा कि न तो शिक्षा का अधिकार अधिनियम और न ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा किसी भी स्कूल को कक्षा छह और सात में किसी छात्र को रोकने की अनुमति देती है।

गांगुली ने सुझाव दिया कि संबंधित राज्य सरकारों और शिक्षा बोर्डों द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अभाव के कारण इस स्तर पर कक्षा पांच और कक्षा आठ में छात्रों को रोकने पर भी सवाल उठाया जा सकता है।८गांगुली ने कहा, '' जहां तक कक्षा पांच और आठ में बच्चों को रोकने का सवाल है, संबंधित राज्यों या बोर्डों को आवश्यक निर्देश जारी करने थे, और जहां तक मुझे पता है, किसी भी राज्य ने ऐसा नहीं किया है।''

## नाबालिग लड़के के साथ कुकर्म के दोषी को सश्रम उम्रकैद की सजा

नयी दिल्ली, (भाषा) यहां की एक अदालत ने फरवरी 2023 में 12 वर्षीय एक लड़के का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के दोषी व्यक्ति को सश्रम उम्रकैद की सजा सुनाई है।

अदालत ने फैसला सुनाया कि इस अपराध ने मानवीय गरिमा के मूल्यों का उल्लंघन किया है और इस व्यक्ति को समाज से हमेशा के लिए निकाल दिया जाना चाहिए। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बबीता पुनिया दोषी ठहराए गए 47 वर्षीय व्यक्ति की सजा पर दलीलें सुन रही थीं। उसे अदालत ने धारा 6 (गंभीर यौन उत्पीड़न) और अप्राकृतिक अपराधों के लिए दंडात्मक प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया था।

अदालत ने 16 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, ''दोषी द्वारा किया गया अपराध न केवल गंभीर और जघन्य था, बल्कि भयावह भी था तथा उसने मानवीय गरिमा, सुरक्षा और संरक्षा के मूल्यों का उल्लंघन किया था। इसलिए, उसे समाज से स्थायी रूप से बाहर करने की मांग उचित है, क्योंकि अगर उसे समाज में वापस आने दिया गया, तो वह समाज के लिए खतरा बन सकता है।''

## सरकार ने तीर्थयात्रियों, पर्यटकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति लोगों से सतर्क रहने को कहा

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने ऑनलाइन बुकिंग के जरिये विशेष रूप से चार धाम तीर्थयात्रियों और देशभर में पर्यटकों को निशाना बनाकर धोखाधड़ी करने वालों के प्रति लोगों से सतर्क रहने को कहा है।

गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये धोखाधड़ी फर्जी वेबसाइट, भ्रामक सोशल मीडिया पेज, फेसबुक पोस्ट और गूगल विज्ञापनों के जरिए की जा रही हैं।

इस तरह की धोखाधड़ी करने के लिए पेशेवर दिखने वाली फर्जी वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्रोफाइल और व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

बयान के अनुसार, केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग, चार धाम तीर्थयात्रियों के लिए अतिथि गृह और होटल बुकिंग, ऑनलाइन कैब या टैक्सी बुकिंग, 'होलीडे पैकेज' और धार्मिक यात्राओं के नाम पर लोगों को



निशाना बनाया जा रहा है।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

बयान के अनुसार, ''कोई भी भुगतान करने से पहले हमेशा वेबसाइट की प्रामाणिकता की पुष्टि करें। गूगल, फेसबुक या व्हॉट्सऐप पर प्रायोजित या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से पहले सत्यापित करें। केवल आधिकारिक सरकारी पोर्टल या विश्वसनीय ट्रैवल एजेंसियों के माध्यम से बुकिंग करें।''

मंत्रालय ने लोगों से फर्जी वेबसाइट की शिकायत तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर करने को कहा है।

# भारत का पहला प्रोटोटाइप फास्ट-ब्रीडर रिएक्टर सितंबर 2026 तक तैयार हो जाएगा

नयी दिल्ली, (भाषा) तमिलनाडु के कलपक्कम में देश के पहले प्रोटोटाइप फास्ट-ब्रीडर रिएक्टर के अगले साल सितंबर तक तैयार हो जाने की उम्मीद है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) का चालू होना भारत के तीन-चरण वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण को आगे बढ़ाएगा, जिसका उद्देश्य रेडियोधर्मी कचरे को कम करने के लिए ईंधन का पुनर्चक्रण करना है। कलपक्कम में विकसित किया जा रहा पीएफबीआर अपनी तरह का पहला परमाणु रिएक्टर है जो ईंधन के रूप में प्लूटोनियम-आधारित मिश्रित ऑक्साइड एवं शीतलक के रूप में तरल सोडियम का उपयोग करता है।

देश में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का संचालन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा किया जाता है, जबकि कलपक्कम में पीएफबीआर का विकास भारतीय नाभिकीय विद्युत



निगम (भाविनी) द्वारा किया जा रहा है। परमाणु ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने हाल ही में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर संसद की स्थायी समिति को बताया था कि भाविनी का 500 मेगावाट का पीएफबीआर एकीकृत संचालन शुरू किये जाने के अंतिम चरण में पहुंच गया है। उन्होंने समिति को बताया कि पीएफबीआर की पहली 'क्रिटिकलिटी' (परमाणु रिएक्टर की वह स्थिति, जिसमें स्वतः परमाणु श्रृंखला अभिक्रिया होती है) मार्च में प्राप्त होने की उम्मीद है और संयंत्र सितंबर 2026 तक पूरा हो जाएगा।

पिछले साल जुलाई में परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) ने पीएफबीआर के लिए ईंधन भरने और कम-ऊर्जा वाले भौतिकी प्रयोग करने की अनुमति प्रदान की थी।

पीएफबीआर भारत के परमाणु कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इन रिएक्टरों से प्राप्त ईंधन का उपयोग थोरियम आधारित रिएक्टरों को ऊर्जा देने के लिए किया जाएगा।

सरकार ने परमाणु ऊर्जा मिशन की घोषणा की है जिसका लक्ष्य 100 गीगावाट परमाणु बिजली का उत्पादन करना है।

## भगवान राम की कथा और मूल्यों को दर्शाने के लिए नृत्य नाटिका का आयोजन

नयी दिल्ली, (भाषा) उर्वशी डांस म्यूजिक आर्ट एवं कल्चरल सोसायटी 21 अप्रैल को कमानी ऑडिटोरियम में नृत्य नाटिका ₹मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम₹ का आयोजन करेगी जिसमें भगवान राम की कालजयी कथा को जीवंत तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा।

कथक नृत्यांगना रेखा मेहरा द्वारा निर्देशित और अजय भट्ट व आम्रपाली भंडारी द्वारा नृत्य निर्देशित इस नाटक में नृत्य और नाटक का सम्मिश्रण किया गया है। इसमें भगवान राम द्वारा ₹रामायण₹ में दर्शाए गए वीरता, नैतिकता और भक्ति के शाश्वत गुणों पर जोर दिया जाएगा।

मेहरा ने एक बयान में कहा, ''हमारा उद्देश्य श्री राम के आदर्शों को पुनर्जीवित और प्रतिबिंबित करना है, जब उनकी बहुत जरूरत है। भगवान राम का सम्मान करना सिर्फ उनके नाम का जाप करना नहीं है, बल्कि उनके न्याय परायणता, करुणा और सभी के प्रति सम्मान के गुणों को अपने जीवन में शामिल करना है।''

# गंगा में बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार वित्तपोषित अध्ययन में 'जाल के लिए नकद' योजना का प्रस्ताव

नयी दिल्ली, (भाषा) गंगा में बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार द्वारा वित्तपोषित एक अध्ययन में ''जाल के लिए नकद'' योजना का प्रस्ताव किया गया है, जिसका उद्देश्य मछुआरों को उनके पुराने या छोड़े गए मछली पकड़ने वाले जाल देने के लिए प्रोत्साहित करना है।

ये छोड़े गए, खोए हुए या फेंके गए सिंथेटिक जाल जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक गंभीर, दीर्घकालिक खतरा पैदा करते हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा पांच वर्षों में किया गया यह अध्ययन दीर्घकालिक संरक्षण पहल - स्वच्छ गंगा के लिए गंगा नदी बेसिन में जलीय प्रजातियों के संरक्षण एवं पारिस्थितिकी तंत्र के रखरखाव के लिए योजना और प्रबंधन- का हिस्सा है।

व्यापक नदी और सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों के आधार पर, अध्ययन में मछली पकड़ने वाले जाल आदि उपकरणों में जलीय प्रजातियों के उलझने की 72 घटनाएं दर्ज की गईं - सक्रिय और परित्यक्त दोनों। शोधकर्ताओं ने नदी के किनारे हर पांच किलोमीटर पर मछली पकड़ने के उपकरण और सामग्री का दस्तावेजीकरण किया।

सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए 150 प्रमुख सूचनादाताओं के साक्षात्कार, मछुआरों के साथ 10 केन्द्रित समूह चर्चाएं तथा व्यक्तिगत



अवलोकन का उपयोग किया गया। सबसे अधिक संख्या भारतीय फ्लैपशेल कछुए के फंसने की थी, जबकि घड़ियाल के फंसने की संख्या 11 थी। हालांकि, अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि ये आंकड़े वास्तविक पैमाने को कम दर्शाते हैं।

छोड़े गए जालों को विघटित होने में 600 वर्ष तक का समय लग सकता है, तथा इनमें लंबे समय तक मछली, कछुए और अन्य नदी प्रजातियां फंसती रहती हैं। ये जैसे-जैसे विघटित होते हैं, माइक्रोप्लास्टिक में बदलते हैं, खाद्य श्रृंखला को प्रदूषित करते हैं और पानी की गुणवत्ता को और खराब करते हैं। पश्चिम बंगाल में प्रदूषण का स्तर विशेष रूप से गंभीर पाया गया, जहां एक ही सर्वेक्षण क्षेत्र में 4,600 से अधिक परित्यक्त जालों का दस्तावेजीकरण किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, ''नदी के निचले हिस्सों में मछली पकड़ने वाले जालों का सर्वाधिक संकेन्द्रण देखा गया, जिसमें पश्चिम बंगाल (4,690) सबसे आगे रहा, उसके बाद उत्तर प्रदेश (2,131), बिहार (1,194) और झारखंड (191) का स्थान रहा।'' लगभग 30 लाख मछुआरे अपनी आजीविका के लिए गंगा पर निर्भर हैं। इस समस्या से सीधे प्रभावित होने के बावजूद, अधिकांश मछुआरे परित्यक्त जाल से होने वाले दीर्घकालिक नुकसान से अनजान हैं।

प्रस्तावित ''जाल के लिए नकद'' योजना में मछुआरों को घिसे-पिटे या छोड़े गए जालों को निर्दिष्ट संग्रहण बिंदुओं पर जमा करने के लिए पुरस्कृत करने का सुझाव दिया गया है, जो संभवतः उचित मूल्य की दुकानों के मौजूदा नेटवर्क के माध्यम से प्रबंधित किए जा सकते है। जालों को फिर ब्लॉक-स्तरीय प्रसंस्करण इकाइयों में स्थानांतरित किया जाएगा और बाद में जिला स्तर पर समेकित किया जाएगा। सरकार द्वारा नियुक्त पहचाने गए पुनर्चक्रण साझेदार पुनर्चक्रण के लिए जालों को एकत्रित करेंगे।

इस मॉडल में बहु-हितधारक, बहु-स्तरीय दृष्टिकोण की आवश्यकता बतायी गई है, जो मजबूत नीतिगत उपायों द्वारा समर्थित हो।

# मुर्शिदाबाद हिंसा के खिलाफ विहिप का देशव्यापी प्रदर्शन, बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**नयी दिल्ली/कोलकाता,** (भाषा) विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने वक्फ कानून में संशोधन को लेकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ शनिवार को देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किया और राज्य में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।

मुर्शिदाबाद, दिल्ली, नोएडा और नागपुर सहित अन्य स्थानों पर प्रदर्शन किये गए, जिसमें विहिप सदस्यों ने पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने का आरोप लगाया। बंगाल में, पिछले सप्ताह हुई झड़पों में कम से कम तीन लोगों की जान चली गई थी।

दिल्ली के नांगलोई चौक पर, विहिप के महासचिव बजरंग बागड़ा ने पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की निंदा करते हुए प्रदर्शन की अगुवाई की। नोएडा में, विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ रैली निकाली गई।

बंसल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''पंजाब को छोड़कर, देश भर में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए गए



क्योंकि तृणमूल कांग्रेस बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ मिलकर हिंदुओं का उत्पीड़न और दमन कर रही है।' उन्होंने कहा, ''मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा की हालिया घटना तृणमूल के शासन में बंगाल में (हिंदुओं पर) जारी अत्याचार का एक 'वीभत्स रूप' है।''

बंसल ने कहा, ''बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुआ प्रदर्शन अंततः हिंदुओं के खिलाफ हिंसक हो गया। लेकिन हम अपने देश में ऐसी बांग्लादेशी मानसिकता को बर्दाश्त नहीं करेंगे।'' उन्होंने कहा कि विहिप पश्चिम बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने, राज्य की सीमाओं पर बाड़ लगाने, मुर्शिदाबाद में हिंसा पीड़ितों को पर्याप्त मुआवजा देने तथा बंगाल में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग करता है।

बंसल ने कहा, ''हम यह भी मांग करते हैं कि अधिकारी पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान करें और उन्हें (देश से) बाहर खदेड़ें। मुर्शिदाबाद में हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि विहिप सोमवार को दिल्ली और पंजाब में भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन करेगी।

बंसल ने 'पीटीआई-वीडियो' से बात करते हुए दावा किया कि मुर्शिदाबाद में हिंदुओं को अपने घर-बार छोड़कर भागने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जहां एक पिता-पुत्र की बेरहमी से हत्या कर दी गई क्योंकि उन्होंने मूर्तियां बनाई थीं।८उन्होंने कहा, ''हमें आश्चर्य है कि हिंदुओं के खिलाफ इतनी नफरत कहां से आती है। वहां की मुख्यमंत्री बैठकों के लिए जिहादी ताकतों को आमंत्रित करती हैं, लेकिन हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों पर एक शब्द भी नहीं बोलती हैं। वक्फ के नाम पर हिंदुओं को जिस तरह से निशाना बनाया जा रहा है, हम उसकी निंदा करते हैं।''


मुर्शिदाबाद में भी इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमें पिछले सप्ताह जिले में हुई हिंसा की निंदा की गई। विरोध प्रदर्शन में शामिल एक विहिप नेता ने कहा, ''हम राष्ट्रपति को पत्र लिखने जा रहे हैं, जिसमें उनसे बंगाल में व्याप्त स्थिति में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''मुर्शिदाबाद में करीब 500 परिवार अपना घर-बार छोड़कर मालदा के एक स्कूल में शरण लेने को मजबूर हुए हैं। हम इस मामले की एनआईए जांच और पश्चिम बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करते हैं।''

# कानून यदि उच्चतम न्यायालय ही बनाएगा तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए: निशिकांत दुबे

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को उच्चतम न्यायालय पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून यदि शीर्ष अदालत ही बनाएगी तो संसद भवन को बंद कर देना चाहिए।

दुबे ने 'एक्स' पर यह पोस्ट बिना किसी व्याख्या के लिखा है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर शीर्ष अदालत में सुनवाई चल रही है। अधिनियम को इस महीने की शुरूआत में संसद ने पारित किया था। न्यायालय द्वारा इस कानून के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सवाल उठाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने अगली सुनवाई तक उन्हें लागू न करने पर सहमति व्यक्त की है

राष्ट्रपति को भेजे गए विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा हाल में समयसीमा निर्धारित किये जाने पर भी बहस शुरू हो गई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शीर्ष अदालत के इस



निर्णय से असहमति जताई है।

वहीं दूसरी ओर, विपक्षी दलों ने शीर्ष अदालत के उक्त निर्देश के साथ-साथ वक्फ (संशोधन) अधिनियम मामले में उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही की सराहना की है। भाजपा के लोकसभा सदस्य दुबे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कानून यदि उच्चतम न्यायालय ही बनाएगा तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए।''

झारखंड के गोड्डा से सांसद दुबे अक्सर लोकसभा में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर भाजपा के राजनीतिक हमलों में अग्रणी भूमिका में रहते हैं और विभिन्न मुद्दों पर सत्तारूढ़ पार्टी का रुख स्पष्टता से सदन में रखते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी अगले सप्ताह दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे सऊदी अरब

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार से सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उनकी यह यात्रा ऊर्जा, व्यापार एवं रक्षा समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने पर केंद्रित रहेगी।

मोदी और सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद के बीच वार्ता के बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेसवार्ता में बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच पहले से ही मजबूत रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने का अवसर प्रदान करेगी।

## सम्बन्ध विच्छेद

राजेन्द्र पुत्र बुद्धसैन निवासी ग्राम चन्दपुरा थाना धनारी तहसील गुन्नौर जिला सम्भल का निवासी हूँ मै अपने पुत्र कुलदीप के गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर दिये हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उपरोक्त कुलदीप के किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा उक्त कुलदीप से अव कोई सम्बन्ध नही है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी०डि०/ए०सी०जे०एम० महोदय सम्भल स्थित चन्दौसी**

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925**

उत्तराधिकार प्रकीर्ण वाद संख्या– 07/2024

बदन सिंह पुत्र स्व० रामप्रसाद उम्र करीब 36 वर्ष निवासी ग्राम पतरौआ थाना चन्दौसी जिला सम्भल ।

..........वादी

बनाम

1. महेन्द्र पुत्र स्व० रामप्रसाद आयु करीब 50 वर्ष
2. सुनीता उम्र करीब 35 वर्ष पत्नी दिनेश गुमशुदा 5 वर्ष पुत्र स्व० रामप्रसाद
3. पंकज उम्र करीब 18 वर्ष पुत्र सुनीता पत्नी दिनेश
4. जनम सिंह उम्र करीब 34 वर्ष पुत्र स्व० हरिशचन्द्र
5. अनेक सिंह पुत्र बदन सिंह आयु करीब 16 वर्ष
6. गुडिया पत्नी बदन सिंह आयु करीब 35 वर्ष

   निवासीगण ग्राम पतरौआ थाना चन्दौसी जिला सम्भल ।
7. जनता आम

.........विपक्षीगण

**इश्तहार व प्रकाशन हेतु**

इश्तहार मजरिया अदालत न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डी0)/ACJM महोदय सम्भल स्थान–चन्दौसी

मुकाम उत्तराधिकार प्रकीर्ण वाद संख्या 07/2024

दरख्वास्त मुसम्मा बदन सिंहं वास्ते हुसूल सार्टीफिकेट वसूल कर दर्जा व किफायत हाय व पतानी मुसम्मा बदन सिंह मुसवफा महेन्द्र आदि अपने मूजिब एक्ट 07 सन् 1878 ई० वक्त 10 बजे हरग्राह सम्मा बदन सिंह ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई तारीख 13 माह 5 सन् 2025 वास्ते समाअत दरख्वासत के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया किसी को तिस्दत दरख्वासत के उज्र हो तो या अदालत या वकालत वक्त 10 बजे (AM) बजे सुरह अदालत न्याया0 श्रीमान सि0ज०(सी०डि०)/ACJM सम्भल मुकाम चन्दौसी में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के मजकूर के फिर उन मिसी का सुनाने और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

अनमरकुन 13 माह 5 सन् 2025 ई0

जज

न्यायालय सिविल जज सी०डि०/ए०सी०जे०एम० सम्भल स्थित चन्दौसी।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
43 YEARS 1981 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
70 80 333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

## सत्तर की उम्र के बाद जिंदगी का हर साल जीत का अनुभव देता है: रस्किन बांड

नयी दिल्ली, (भाषा) अगले महीने अपना 91वां जन्मदिन मनाने जा रहे एवं भारतीय पाठकों के सबसे प्रिय लेखकों में से एक रस्किन बांड का कहना है कि 70 वर्ष की उम्र को पार करने के बाद से हर गुजरते साल के साथ उन्हें जिंदगी में जीतने का अहसास हो रहा है।

शनिवार को जारी अपनी नवीनतम पुस्तक 'अनदर डे इन लंढौरः लुकिंग आउट फ्रॉम माई विंडो' में बांड ने कहा है कि 70 वर्ष की आयु के बाद व्यक्ति को अधिकार की भावना छोड़ देनी चाहिए। बांड ने अपनी पुस्तक में लिखा, '' जब भी मैं अपने जीवन का एक साल पूरा करता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है कि जैसे यह एक जीत है। सत्तर वर्ष की उम्र में आने के बाद से ही ऐसा ही होता रहा है। इससे पहले मैं वर्षों के बीतने पर इतना ध्यान नहीं देता था; वे ऐसी चीजें थीं जिनका मैं हकदार महसूस करता था।

# दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में मणिपुरी महिला ने आत्महत्या की, जांच जारी

नयी दिल्ली, 19 अप्रैल (भाषा) मणिपुर की 20 वर्षीय एक युवती ने शनिवार सुबह दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सनलाइट कॉलोनी इलाके में एक इमारत की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उसने बताया कि पुलिस को सुबह करीब छह बजकर 22 मिनट पर महारानी पार्क के पास एक शव मिलने की सूचना मिली।

पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान मणिपुर के बिष्णुपुर की रहने वाली प्रियलक्ष्मी देवी खांगेबाम के रूप में हुई है। प्रियलक्ष्मी अक्टूबर 2024 से दिल्ली में रह रही थी और अपनी रूममेट के साथ किलोकरी में एक घर की तीसरी मंजिल पर रहती थी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों नोएडा स्थित एक बीपीओ कंपनी में कार्यरत थे।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इमारत की छत से मिले सीसीटीवी



फुटेज में महिला को कूदने से पहले अकेले चलते हुए देखा गया है, जिससे आत्महत्या का संकेत मिलता है। उन्होंने बताया कि फुटेज को आगे की जांच के लिए सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस ने अपराध टीम की मौजूदगी में उसके कमरे की तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है और शव को एम्स के शवगृह में सुरक्षित रख दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि मृतका के परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।



## चार बच्चों की मां प्रेमी संग फरार



नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। सास दामाद प्रकरण के बाद अब थाना रोरावर क्षेत्र में एक और मामला सामने आया है, इसमें एक चार बच्चों की मॉ अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है, जाते समय वह अपने बच्चों को भी साथ ले गई और घर में रखे रुपए भी उठा ले गई। उसका पति रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपनी मॉ के साथ घर से बाहर गया था। पत्नी अपने प्रेमी के साथ आगरा के ताजमहल पहुंची और वहां रील बनाकर पति को भेज दी। जब पति के पास यह रील पहुंची को वह हक्का-बक्का रह गया। उसने अपनी पत्नी से बात करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो सकी, अब उसने पुलिस को शिकायत की है। थाना रोरावर क्षेत्र के मुहल्ला निवासी युवक मेहनत मजदूरी करता है, घर में उसकी पत्नी, चार बच्चे और मॉ साथ में रहती हैं। मंगलवार को वह अपनी पत्नी और बच्चों को घर पर छोड़कर रिश्तेदारी की शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। जिसके बाद वह बुधवार को लौटा था। जब वह घर लौटा को पत्नी और बच्चे गायब थे।

# खराब नाला सफाई पर नगर आयुक्त हुए नाराज

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। नाला सफाई को लेकर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और निर्माण विभाग द्वारा बरती जा रही लापरवाही और धीमी रफ्तार से नाराज नगर आयुक्त विनोद कुमार ने स्वास्थ्य विभाग और निर्माण विभाग की संयुक्त बैठक कर नालों की सफाई के लिए अधिकारियों व ठेकेदार व एजेंसी को दो टूक शब्दों में चेतावनी दे डाली और कहा यदि आगामी वर्षा ऋतु में नालों की सफाई के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो जिम्मेदार अधिकारी और संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने 30 अप्रैल तक सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया।

शनिवार को शहर में नाला सफाई का निरीक्षण करने के बाद नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग और निर्माण विभाग की संयुक्त बैठक की उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार को नालों की सफाई में लापरवाही बरतने और धीमी रफ्तार से सफाई पर नाराजगी जताते हुए नोटिस देने के निर्देश दिए । नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार को नाला सफाई की रोजाना मॉनिटरिंग करने के लिए कहा एक मीटर से कम चौड़े नालों की सफाई का काम स्वास्थ्य विभाग द्वारा और एक मीटर से अधिक चौड़े नालों की सफाई का काम इस बार निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है रोजाना इस नई व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी और दोनों विभाग शाम को साफ हुए नालो की रिपोर्ट देंगे। नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग द्वारा नाला सफाई के लिए उत्तरदायी फर्म मेसर्स रेडिकान कंस्ट्रक्शन द्वारा कराई जा रहे नालों की सफाई पर कहा नाला सफाई मानक और गुणवत्ता के अनुरूप होना चाहिए सिल्ट किसी भी दशा में नालों के बाहर पड़ी नहीं होनी चाहिए सिल्ट को ट्रैक्टर ट्राली डंपर आदि लगाकर संबंधित ठेकेदार उसी दिन उठवायेगा अन्यथा की स्थिति में उसके भुगतान संबंधी कार्रवाई पर रोक लगाई जाएगी साथ ही साथ बड़े नालों की सफाई समय से पूर्ण नहीं होने पर जल भराव की स्थिति होने पर संबंधित विभागाध्यक्ष व ठेकेदार को उत्तरदायी माना जाएगा और उसके विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार मुख्य अभियंता सुरेश चंद अधिशासी अभियंता बिजेंद्र पाल सहायक अभियंता सिब्ते हैदर, दानिश नकवी, ठेकेदार लाखन सिसोदिया आदि मौजूद थे।

## सत्यमेव जयते का अंकित न होना गंभीर चूक: कमशिनर

**-कहा-**

**यह संविधान की आत्मा के साथ भी अन्याय है**

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। सरकारी दस्तावेजों, प्रतीकों एवं विज्ञापनों में भारत सरकार के राज्य संप्रतीक जिसमें चार सिंहों की मूर्ति होती है को सत्यमेव जयते के बिना प्रकाशित या मुद्रित करना न केवल राज्य संप्रतीक अधिनियम 2005 का स्पष्ट उल्लंघन है बल्कि संविधान की आत्मा के साथ भी अन्याय है।

उक्त जानकारी देते हुए आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह ने बताया है कि विभिन्न सरकारी एजेंसियां जो अपने स्टेशनरी, प्रकाशन, मुहरों, वाहनों, भवनों व वेबसाइटों पर भारत के राज्य संप्रतीक का उपयोग कर रही हैं, वह अक्सर सत्यमेव जयते आदर्श वाक्य को छोड़ देती हैं और मात्र चार सिंहों के प्रतीक को दशार्ती हैं, जोकि राज्य संप्रतीक अधिनियम 2005 में निर्धारित डिजाइन के अनुरूप नहीं है। उन्होंने बताया कि सत्यमेव जयते जिसका अर्थ सत्य की ही विजय होती है। भारत की आधिकारिक मुद्रा, दस्तावेजों और विभिन्न प्रकार के प्रतीकों में अंकित होना अनिवार्य है। यह दो शब्द न केवल राष्ट्रीय आदर्श वाक्य हैं बल्कि देश की संस्कृति और नैतिक पहचान का प्रतीक भी हैं।

मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, वीसी एडीए, नगर आयुक्त एवं सभी मण्डलीय व जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस प्रकार की चूक गंभीर चिंता का विषय है। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए भविष्य में सभी प्रतीकों में सत्यमेव जयते को यथाविधि अंकित किया जाए। उन्होंने आमजनमानस से भी अनुरोध किया है कि यदि कहीं भी इस प्रकार की त्रुटि दिखाई देती है तो संबंधित को सूचित करें ताकि ससमय त्रुटि में सुधार किया जा सके है।

## जेईई मेन्स में आकाश इंस्टीट्यूट के 85 से अधिक छात्र हुए सफल



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। जेईई मेन्स 2025 सत्र-2 में आकाश इंस्टीट्यूट के 85 से अधिक छात्रों ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है। इंस्टीट्यूट के 9 से अधिक छात्रों ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। जिनमें सक्षम दीक्षित 99.94, अरिन कुमार सिंह 99.90, संस्कार मेहरोत्रा 99.85, सक्षम गुप्ता 99.84, उज्जवल नगर 99.73, प्रज्जवल महाजन 99.34, यश गुप्ता 99.28, गौरव वर्मा 99.25, राशि अग्रवाल 99.01, प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं।

छात्रों की इस उपलब्धि पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक डीके मिश्रा ने छात्रों को उनके प्रभावशाली परिणामों के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि जेईई मेन 2025-में छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है। सही कोचिंग के साथ मिलकर उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने इन उत्कृष्ट परिणामों को जन्म दिया है। आकाश इंस्टीट्यूट गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित करता है और छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करता है। इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर सैय्यद रिजवी ने बताया कि जेईई मेन्स को दो सत्रों में संरचित किया गया है, जिससे छात्रों को अपने स्कोर को बढ़ाने के लिए कई अवसर प्रदान किये जा सकें। जबकि जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से आईआईटी में प्रवेश की सुविधा प्रदान करता है।

जेईई मेन पूरे भारत में कई एनआईटी और अन्य केन्द्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। उन्होंने यह परिणाम भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में छात्रों के समर्पण और अकादमिक उत्कृष्टता को उजागर करते हैं। जेईई मेन सत्र-2 में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्रों का आकाश इंस्टीट्यूट के शिक्षकों द्वारा उनका सम्मान भी किया गया।

## बगैर मान्यता प्राप्त दो विद्यालय पर गिरी गाज



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

संभल /गुन्नौर तहसील गुन्नौर के गांव छपरा में बगैर मान्यता प्राप्त वाले दो विद्यालयों को बन्द कराया गया।इस मामले की जानकारी देते हुए गुन्नौर खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद मेहरा ने बताया कि विकास खण्ड के ग्राम छपरा में बगैर मान्यता प्राप्त दो विद्यालयों पर कार्यवाही की गई है।विद्यालयों में जो वाहन बच्चों को लाने के लिए प्रयोग किये जा रहा थे। उसकी हालत भी संतोषजनक नहीं पाई गई थी। गाड़ी में नीचे गाटर जोड़ कर पीछे से लगभग 3 फिट गाड़ी को बढ़ाया गया है।जो कभी भी बड़ी दुर्घटना को कारण बना सकती है।उन्होंने बताया कि असुरक्षित वाहन बच्चों के लिए प्रयोग करने पर सीओ गुन्नौर ने एसएचओ धनारी को कार्यवाही करने के लिया आदेशित किया है।

# पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त दबोचे

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। थाना महुआखेडा पुलिस टीम ने दो शातिर चोर वांछित अभियुक्त .विकास शर्मा पुत्र गंगाशरण शर्मा निवासी सुखरावली थाना महुआखेडा, अजय पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी देवसैनी थाना क्वार्सी को चोरी के तीन मोबाइल फोन व 1500 रुपए व चोरी किया हुआ मार्बल पत्थर सहित एक अवैध तमंचा व कारतूस तथा एक अवैध छुरा (चाकू) के साथ हवाई पट्टी के नजदीक बौरना गांव से आगे सडक के किनारे से गिरफ्तार किया गया। तो वहीं थाना खैर पुलिस टीम द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त अंकित पुत्र पप्पू निवासी मौहल्ला उपाध्याय वाल्मीक वस्ती कस्वा व थाना खैर से गिरफ्तार किया गया। तो वहीं थाना बरला वारन्टी अभियुक्त हिम्मतसिंह पुत्र केवल सिंह निवासी नगला नन्दराम थाना बरला जनपद .दिनेश पुत्र स्व0 राजपाल निवासी फुसावली थाना बरला जनपद अलीगढ़ को उनके से गिरफ्तार किया गया। तो वहीं थाना गोधा पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान चोर अभियुक्त पवन पुत्र राजेश निवासी कोयले बाली गली रेलवे रोड शोरुम के पास कासीराम आवास थाना बन्ना देवी,. अभिषेक शर्मा पुत्र गोपाल शर्मा निवासी मकान नं0 19/237 न्यू हनुमान पुरी कालीदेह तिराहा थाना सासनी गेट जनपद अलीगढ़ हाल पता बैदिक विहार गली न0 3 थाना सासनी गेट जनपद अलीगढ और करन पुत्र अशोक बाबू निवासी सूतमील चौराहा बीमा नगर जीतू के मकान प्रेम पराठे से पहले बाली गली थाना बन्ना देवी जनपद अलीगढ को मय चोरी के माल दो मोबाईल व अवैध छुरे व एक मास्टर चाबी सहित बहरामपुर पुलिया से ग्राम पडकी जाने बाले रास्ते पर लगभग 20 कदम की दूरी गिरफ्तार किया गया। तो वहीं थाना बरला पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त रवि कुमार पुत्र सुबेदार सिंह निवासी सुनहरा थाना बरला जनपद अलीगढ़ को एक अवैध छुरा के साथ ग्राम नौशा मोड से गांव की तरफ जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया।

## हादसे में घायल हुए वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

नेशनल एक्सप्रेस/संभल गुन्नौर। पिकअप व बुग्गी की टक्कर में घायल की उपचार के दौरान मौत गुन्नौर पिकअप की टक्कर से कल बुग्गी में सवार तीन लोग घायल हो गये थे।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को गुन्नौर अस्पताल पहुँचाया था।उसमें उपचार के दौरान एक घायल की मौत हो गयी।शुक्रवार को बबराला अनूपशहर मार्ग पर गांव भगतानगला के पास पिकअप ने बुग्गी में टक्कर मार दी।बुग्गी से रामस्वरूप पुत्र ईश्वरी,नैनसुख व रामदास पुत्रगण रेवती सिंह निवासी गांव रानीगंज थाना रजपुरा तीनों लोग अपने गांव रानीगंज से बबराला शादी का सामान और बाजार से सब्जी लेने आ रहे थे।उनकी बुग्गी को पीछे से पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया था।जहां डॉक्टर ने तीनों की हालत गम्भीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।जहां इलाज के दौरान नैनसुख की मौत हो गयी।परिजनों में कोहराम मच गया।उनका अंतिम संस्कार गंगाघाट राजघाट पर किया गया।



# पशिचमी बंगाल में हो रही हिंसा के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा




नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। शनिवार को राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष पंडित विभोर कौशिक एडवोकेट के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति महोदय को सम्बोधित एक ज्ञापन पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज पर हो रहे सुनियोजित अत्याचारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई व अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन लागू करने हेतु दिया गया। ज्ञापन देने में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ बिजनौर के नगर अध्यक्ष पंडित तुषार शर्मा, रविकांत कौशिक, तरुण भारद्वाज, निशांत शर्मा , अमित शर्मा, हार्दिक मिश्रा , रजत दीक्षित, सतीश शर्मा, अंकित भारद्वाज,अभिषेक पाराशर , मोहित शर्मा, रोहित भारद्वाज ,आयुष, यश, मनोज शर्मा , एडवोकेट पवन शर्मा , अभिषेक भारद्वाज, मोहित शर्मा, रामेन्द्र सिंह, देवदीप ,दीपक वशिष्ठ आदि लोग उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में आई शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण: सीडीओ

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

धनौरा। शनिवार को तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा की शिकायतकर्ता यदि निस्तारण से संतुष्ट नहीं है तो निस्तारण नहीं माना जाएगा अधिकारी मौके पर जाएं और देखें शिकायतकर्ता से बात कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे राजस्व विभाग की 9 पुलिस विभाग की 2 विकास विभाग की 2 आपूर्ति विभाग की 2 विद्युत विभाग की 3 वन विभाग की 1 परिवहन कर विभाग की 1 नगर पालिका की 1 एल डी एम की 1 शिक्षा विभाग की 1 सहित कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से राजस्व विभाग की 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। व शेष 18 शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिए गए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मस्तपुर अकबरपुर विकासखंड हाथवंत(फिरोजाबाद)**

पत्रांकः मीमो/निविदा/मनरेगा योजना अन्तर्गत/वर्ष 2025-26 **अल्पकालीन निविदा** दिनांक:19/04/2025

ग्राम पंचायत मस्तपुर अकबरपुर विकासखण्ड हाथवंत जनपद फिरोजाबाद के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु 20/04/2025 से 29/04/2025 तक पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत मस्तपुर अकबरपुर से दिनांक 20/04/2025 को 10:00 बजे से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदायें दिनांक 29/04/2025 को समय 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय के सीलबंद बाक्स में डाली जायेगी जो उसी दिन सायं 04.00 बजे ग्राम पंचायत समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा रु. 200 धरोहर धनराशि रु.....

| | कार्य का नाम | अनु.लागत मूल्य | जमानत राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तालाब से सामुदायिक शौचालय तक सीसी निर्माण कार्य । | BOQ के अनुसार | 2% | 2 माह |
| 2. | पप्पू के घर से गुरु के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य । | BOQ के अनुसार | 2% | 2 माह |
| 3. | सत्यदेव के घर से कमलेश के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | BOQ के अनुसार | 2% | 2 माह |
| 4. | सुंदर के घर से तिराह तक सीसी निर्माण कार्य। | BOQ के अनुसार | 2% | 2 माह |

निविदा की शर्तें:-

1. सामग्री की आपूर्ति का विवरण ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं । 2. आपूर्ति करता है को निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर एफडीआर, चैक / बैंक डी.डी. जो ग्राम पंचायत के पक्ष में जमा करनी होगी । 3. आपूर्ति करता के प्रमाण पत्रों के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा । 4. आपूर्ति सामग्री कम अथवा अधिक आवश्यकता अनुसार हो सकती है । 5. निविदा स्वीकृत स्वीकृत करने का अंतिम निर्णय अधो हस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा 16. यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को उक्त कार्रवाई नहीं हो पाती है तो कार्यवाही अग्रिम दिवस में की जाएगी । 7. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय केंद्र फिरोज़ाबाद होगा ।

प्रधान सचिव

## बच्ची को पाकर परिवारजनों का खिला चेहरा, पुलिस की प्रशंसा की

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



हयातनगर सम्भल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चन्द्र के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज कुमार व थाना प्रभारी हयातनगर चमन सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में चल रहे आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत दिनाकं 19.04.2025 को थाना हयातनगर पर मो० आरिफ पुत्र नबाब निवासी चमन सराय थाना कोतवाली सम्भल जनपद सम्भल मो०न० 8267863589 ने मय एक बच्ची उम्र करीब 03 वर्ष जो छोटे होने एवं भयभीत होने के कारण अपना नाम पता नहीं बता पा रही थी जो बिजली घर कस्बा हयातनगर के पास रोती हुई मिली के साथ उपस्थित थाना आये। उक्त के सम्बन्ध में थाना प्रभारी व सम्बन्धित चौकी इंचार्ज को अवगत कराया गया। उक्त के सम्बन्ध में तत्काल थाना हयातनगर से थाना प्रभारी द्वारा अविलम्ब एक टीम को नियुक्त किया गया व बच्ची के परिजनों को तलाश करने हेतू आस पास के लोगों व सोशल मीडिया/उउळश के माध्यम से जानकरी की गयी व काफी प्रयास करने के बाद बच्ची के परिजन जो जनपद बदायूं से एक शादी में कस्बा हयातनगर आये थे को तलाश किया गया जिन्होंने अपना नाम राशिद पुत्र अहमद निवासी ग्राम हिंडोल जनपद बदायूं मो०न०-7037190296 बताया। बच्ची को सकुशल उनके परिजनो के सुपुर्द कर थाने से रुखसत किया गया। इस दौरान बच्ची के परिजन अपनी गुमशुदा छोटी बच्ची को सकुशल पाकर काफी प्रसन्न हुए एवं पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा करने लगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### संगीतमय में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा शनिवार को सतीश अरोड़ा के आवास पर पंजाबी कॉलोनी मे 1117 वे संगीत में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया' जिसमें सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान पूर्वक सभी देवी देवताओं का पूजन संपन्न कराया ' उसके पश्चात के,जी शर्मा व अनुज शर्मा ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, व बजरंगबाण का मनोहारी वाचन किया ' इसके पश्चात अजय सक्सेना व राजेश शांखधार ने सुंदरकांड की चौपाइयों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया ' सुंदरकांड के उपरांत मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को संगीतमय बनाया ' भजनो की श्रृंखला में के, जी शर्मा, सजा लो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं, अजय सक्सेना ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, सुनाकर सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ' ढोलक पर राजू शर्मा ने संगत दी ' आयोजन में सर्वश्री सतीश अरोड़ा, घनश्याम अरोड़ा,अशोक अरोड़ा, रमेश ग्रेवाल,राहुल ग्रेवाल,राजीव शर्मा,आलोक दुबे, विजेंद्र शर्मा, राकेश चौबे,कल्पना वार्ष्णेय, जे, एन मिश्रा, कपिल शर्मा,सुरेश चंद शर्मा,राजकुमार सक्सेना, सच्चिदानंद शर्मा,संजीव शर्मा, गुलशन अरोड़ा, प्रेम ग्रोवर, रामकिशन अग्रवाल, पी, एन शर्मा, प्रवीन मोहन,तिवारी अशोक पाठक, मयंक, पवन जितेंद्र,अशोक सत्यनारायण, अरोड़ा,आदि भक्तजन मौजूद रहे अंत में आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

### बस, ट्रक, टेम्पो, ई रिक्शा वाहन चालकों को यातायात नियमों की दी जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार विश्नोई वअपर पुलिस अधीक्षक के कुशल दिशा निर्देशन में व पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात व यातायात प्रभारी प्रमोद मान के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान में चौधरी सराय संभल में बस, ट्रक, टेम्पो, ई रिक्शा आदि वाहन चालकों को यातायात से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा बस चालकों को हिदायत दी गई कि वो ओवर स्पीड से वाहन न चलाए तथा इसी क्रम में



एक बस और मोटर साइकिल सीज की गई ।यातायात प्रभारी प्रमोद मान द्वारा इस्लामनगर चौराहे से संभल तिराहा बहजोई तक रोड किनारे खड़े वाहनों को हटाया गया तथा उनके नो पार्किंग के चालान किए ताकि किसी प्रकार का जाम न लगे । इसी क्रम में इस्लामनगर चौराहे पर ठेले वालो और दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाया गया ' यातायात पुलिस के कर्मचारियों द्वारा दो पहिया वाहनों पर हेलमेट और चार पहिया वाहनों पर सीटबेल्ट का प्रयोग करने के लिए सभी वाहन चालकों को प्रेरित किया गया ।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

### जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

सम्भल गुन्नौर। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।



संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण गुणवत्ता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए जिससे शिकायतकर्ता शिकायत पुनः लेकर न आए।

तहसील गुन्नौर में कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 06 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं लगभग 10 से 12 शिकायतों के आज ही निस्तारण हेतु टीमें बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक तिवारी, तहसीलदार गुन्नौर सहित समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बंगाल में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर किया प्रदर्शन




### बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन किया जाए लागू : अन्नू वार्ष्णेय

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी मे अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद को लेकर ममता सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया । नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार हो रहा है रोज हिंदुओं की हत्या की जा रही है महिलायों के खिलाफ खुलेआम अत्याचार किये जा रहे व्यापारियों की दुकानें लूटी जा रही है पर ममता सरकार अपनी आंखों पर पट्टी वान्धे बैठी है बंगाल दंगों की आग में जल रहा है चुन चुन कर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है ममता सरकार कुम्भकर्ण की नींद सो गई है केंद्र सरकार तत्काल बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाये।

भाजपा नेता राजकुमार ठाकरे ने कहा एक विशेष समुदाय द्वारा मासूम हिंदुओं पर खुले आम अत्याचार किया जा रहा है हिन्दू पलायन को मजबूर हो रहे है ये सब बंगाल की ममता सरकार की सह पर किया जा रहा है ममता सरकार द्वारा दंगाई को छूट दे रखी है अब केंद्र सरकार को कोई उचित कदम उठाना पड़ेगा । ताकि हिंदुओं की रक्षा हो सके ।प्रदर्शन में राजू चड्ढा शुभम अग्रवाल मोहित सिंह शिशिर वार्ष्णेय नितिन रस्तोगी विशाल गौरव सिंह सचिन रहोली संजू पाल अशोक सिंह संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## गुन्नौर सीएससी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

संभल गुन्नौर । शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ तरुण पाठक के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने दवा वितरण ठीक प्रकार से किऐ जाने,प्रसव को भर्ती गर्भवती महिलाओं, दवाओं का स्टॉक आदि देखे।

अस्पताल में हेपेटाइटिस सी की जांच में दो गर्भवती महिलाएं पॉजिटिव निकली ।उन्होंने कहा कि मरीजों को उचित इलाज मिले ।मरीज को देखकर सही दवा प्रदान की जाये ।कन्या सुमंगला योजना व अस्पताल में जन्मे बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र तत्काल जारी किये जाये ।अस्पताल में साफ सफाई को भी देखा ।इस दौरान प्रभारी डॉ राजकिशोर,डॉ अजहर अली,डॉ प्रवीण, लक्ष्मीनारायन, दीपक शर्मा आदि स्टाफ मौजूद रहा है ।

## मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के एक आरोपी को 02 वर्ष 06 माह कारावास व अर्थदंड से किया दण्डित

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

संभल पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कनविक्शन₹ के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में शनिवार को मु0अ0सं0 12/2012 धारा 323/504/506/324 भादवि व 3(1)(10) एससी/एसटी एक्ट थाना बहजोई जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त जफरूद्दीन निवासी नाघोस थाना बहजोई जनपद सम्भल को न्यायालय एससी/एसटी एक्ट कोर्ट जनपद मुरादाबाद द्वारा अभियुक्त जफरूद्दीन उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए 02 वर्ष 06 माह के कारावास व 08 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में आनन्द पाल सिंह एसपीओ, कोर्ट मोहर्रिर का० अनुज कुमार, कोर्ट पैरोकार हे०का० जसपाल सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## सुन्नी वक्फ बोर्ड से आये निरीक्षक ने किया जनेटा दरगाह शरीफ का निरीक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी बनियाठेर थाना क्षेत्र की जनेटा शरीफ दरगाह मामले को लेकर लखनऊ से सुन्नी वक्फ बोर्ड से आये नौशान शमसी निरीक्षक पहुंचे। उन्होंने दरगाह व उसकी भूमि को देखा। बताया कि वह अपनी रिपोर्ट शीघ्र ही अपने उच्चाधिकारियों को प्रेषित करेंगे।



कुछ दिन पहले तहसील प्रशासन ने जनेटा शरीफ दरगाह के तालाब की नपाई की थी। जिसमें 40 बीघा भूमि पर कब्जा होना बताया गया था। जबकि दरगाह का 2019 को सज्जादानशीन का रजिस्ट्रेशन भी खत्म हो चुका है। फिलहाल पहले वाली ही सज्जादानशीन ही कार्य देख रहे हैं। शनिवार को लखनऊ से सुन्नी वक्फ बोर्ड के निरीक्षक नौशान शमसी जनेटा शरीफ पहुंचे। यहां उन्होंने दरगाह परिसर व तालाब की भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 2011 से 2019 तक सज्जादानशीन का रजिस्ट्रेशन था। 2024 में सपा नेता जावेद अली सज्जादानशीन के लिए वक्फ बोर्ड में प्रार्थना पत्र दिया था। बताया कि वह शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट अपने उच्चाधिकारियों को प्रेषित करेंगे।

## बंगाल का बंगलादेश नहीं बनने देंगे: प्रतीक रघुवंशी




**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक चिंताजनक है। विहिप सोशल मीडिया प्रमुख प्रतीक रघुवंशी ने कहा कि बंगाल का बंगलादेश नहीं बनने देंगे।

मुस्लिम भीड़ द्वारा 11 अप्रैल, 2015 को वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था जबकि हिंदू समाज की इस कानून के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी और यह एक शुद्ध संवैधानिक प्रक्रिया थी। इसका स्पष्ट अर्थ है है कि वक्फ तो केवल बहाना था, असली उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य बनाना था। दर्जनों महिलाओं के शीलभंग भी किए गए। परिणाम स्वरूप 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा। उनके पास जाकर उनकी चिंता एवं सहायता करने की अपेक्षा सुश्री ममता बनर्जी दंगा भड़काने वाले इमामो से मिल रही है जिनमें से एक इमाम ने एक दिन पहले ही धमकी दी थी कि ष्अगर ममता बनर्जी ने उनका साथ नहीं दिया तो वह उसकी औकात बता देंगे। अब ये सारे तथ्य सामने आने पर यह समाचार मिल रहा है कि ममता जी अब शरणार्थियों को सुविधा देने की जगह उनको वापस जेहादियों के सामने जबरन परोसने का षड्यंत्र कर रही है। ज्ञापन देने वालों में विहिप प्रतीक रघुवंशी, मयंक कुमार उपाध्यक्ष, आलोक, शिवाजी, आलोक याज्ञनिक राजेश गुप्ता, आर्चाय पावन वशिष्ठ, ईशान श्रीवास्तव, कृष्णा गुप्ता, प्रतिमा वार्ष्णेय, जितेन्द्र आर्य, मुकेश द्विवेदी, दिनेश शास्त्री, देवेन्द्र गुपता, विवेक सारस्वत आदि मौजूद थे।

## ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों को जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील

**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई।

श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं- बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद, परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में




जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। पिछले चरणों में ऑपरेशन जागृति के तहत चार प्रमुख मुददों पर चर्चा की गई थी जिसके अंतर्गत महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा व उनको मोहरा बनाकर झूठी शिकायत, प्रेम संबंधों में किशोर व किशोरियों का घर से पलायन व साइबर हिंसा व उससे बचाव से संबंधित विषयों को चुना गया था। ࢎइस बार ऑपरेशन जागृति के 06 उद्देश्य प्रमुखता में है। प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी, बीट इंचार्ज द्वारा अपने द अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। आपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी।

## बसपा की सदस्यता लेने पर चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो का किया स्वागत

**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। बहुजन समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेने के बाद किसान नेता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो का उनके आवास पींजरी पैंठ पर पहुंचकर क्षेत्र के सर्व समाज के लोगों ने पगड़ी बांधकर स्वागत किया इस दौरान बसपा नेता चौधरी




सत्यवीर सिंह सत्तो ने कहा बसपा किसान गरीब मजदूरों की हितेशी पार्टी दूसरी पार्टियों पर कुछ न बोलते हुए उन्होंने कहां उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती जी ने हमेशा किसान गरीब मजदूरों के हित मे कार्य किये उन्हीं की विचारधाराओं का सम्मान रखते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली हे उन्होंने कहा किसान गरीब मजदूरों की मदद करना मेरी पहली प्राथमिकता इस मौके पर चौधरी नरेंद्र सिंह रवि चौधरी अब्दुल्ला खान रईस खान इमरान खान रूपेंद्र जैन योगेश जैन मुनेश यादव विजय सूर्यवंशी चौधरी श्याम सिंह बड़े भाई उदयवीर सिंह नितिन बजरंगी मनोज कुमार मलखान सिंह चौधरी वीरपाल सिंह अचल सिंह अरुण चौधरी सहित क्षेत्र के तमाम किसान नेता मौजूद रहे।

## दामाद बोला-वो सास नहीं मेरी पत्नी है, आप लोग सास बोलना बंद करो

### वीडियो बनाकर पेट नहीं भरा, मोबाइल फोड़ दूंगी

**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। अलीगढ़ में घर से फरार होने वाले सास और दामाद को पुलिस आजाद कर चुकी है। शनिवार को जब राहुल से मीडिया ने बातचीत की। तो उसने कहा-अनीता उर्फ अपना देवी उसकी सास नहीं, बल्कि पत्नी है, आप लोग उन्हें सास बोलना बंद करें। जल्दी हम दोनों शादी करेंगे।

वहीं, जब अपना देवी से बात करने की कोशिश की, तो वह भड़क उठी। उन्होंने मीडिया कर्मी का मोबाइल (कैमरा) फोड़ने की धमकी दी। कहा-वीडियो बनाकर अभी पेट नहीं भरा। मोबाइल फोड़ दूंगी। फिर थोड़ी देर बाद दोनों चले गए। मडराक से छूटकर सीधे दादो गए थे दोनों अनीता उर्फ अपना देवी मडराक के गांव मनोहरपुर कायस्थ की



रहने वाली हैं। वहीं, दामाद राहुल दादों के गांव नगला मछरिया का रहने वाला है। अपना देवी ने पुलिस से अपने गांव और घर जाने से इनकार कर दिया। पुलिस लाइन के परिवार परामर्श केंद्र में शुक्रवार को उसकी 4 घंटे काउंसलिंग होती रही। लेकिन, वह घर जाने के लिए राजी नहीं हुई। जिसके बाद पुलिस ने उनके परिवार के लोगों को बुलाकर सबके सामने महिला को राहुल के सुपुर्द कर दिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी कराई। इसके बाद राहुल और अपना देवी वहां से दादों के लिए निकल गए थे। राहुल और अपना देवी जब दादों पहुंचे तो यहां मीडिया कर्मियों ने उससे सवाल पूछने शुरू किए। राहुल ने तो सवालों का जवाब दिया, लेकिन अपना देवी भड़क उठी और मोबाइल फोड़ने की धमकी देने लगी। उनका कहना था कि अब वह किसी से बात नहीं करना चाहते हैं और अकेले अपना जीवन गुजारेंगे। अपना देवी अपने परिवार से अलग हो चुकी है। राहुल को उसके परिवार ने बेदखल कर दिया है। देर रात को जब वह दादों पहुंचे तो परिवार के लोगों ने उन्हें वापस जाने के लिए कह दिया। जिसके बाद राहुल रात को गांव में ही रुका। फिर उन्होंने शहर छोड़कर जाने की बात कही है। बताया जा रहा है कि राहुल उत्तराखंड में रहकर नौकरी करता था। अब वह अपना देवी को भी अपने साथ ही ले जाएगा। मडराक के गांव मनोहरपुर कायस्थ निवासी जितेंद्र कुमार की बेटी शिवानी की शादी दादों के गांव नगला मछरिया निवासी ओमवीर के बेटे राहुल से तय हुई थी। गोद भराई की रस्म हो चुकी थी। 16 अप्रैल को बारात आनी थी। दोनों तरफ शादी के कार्ड बंट रहे थे। रिश्तेदार भी आने शुरू हो गए थे। लेकिन, इससे 9 दिन पहले ही 6 अप्रैल को राहुल अपनी होने वाली सास अपना देवी उर्फ अनीता को लेकर फरार हो गया। दोनों परिवारों ने थाने में शिकायत देकर गुमशुदगी दर्ज कराई। दोनों दिल्ली, बिहार, नेपाल तक घूमते रहे। इसके बाद 16 अप्रैल को इन्होंने दादों थाने में आकर सरेंडर कर दिया। अनीता ने अपनी मर्जी से राहुल के साथ जाने की बात कबूल की।

## शाखा ही संघ का आधार, संघ प्रमुख मोहन भागवत

**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ ही शाखा का आधार है और हमें शाखाओं को मजबूत करना है। हर स्वयंसेवक शाखाओं को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करे। उन्होंने सामाजिक समरसता के साथ ही हर जाति-वर्ग तक इसके विस्तार करने का आह्वान किया, कहा भारत की प्रगति के लिए अब यह बहुत आवश्यक है। शनिवार को सुबह सात बजे वह एचबी इंटर कालेज में लगी सनातन शाखा में यह बात कही। मोहन भागवत अलीगढ़ में ब्रज और मेरठ प्रांत के पदाधिकारियों को शहर घर में संघ का मंत्र लेकर पहुंचे हैं। इसमें सबसे बड़ी तैयारी शताब्दी वर्ष में प्रत्येक घर में संघ की पहुंच होने के अभियान की रणनीति है। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर संघ की शाखाएं लगाने का लक्ष्य है। बताते चलें कि देश भर में 83129 शाखाएं संचालित हो रही हैं, आरएसएस शताब्दी वर्ष में इन्हें बढ़ाकर एक लाख तक करना चाहता। मोहन भागवत ने शाखा की गतिविधि के चल रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की, कुटुंब प्रबोधन गतिविधि का कार्य पॉच बिन्दुओं के आधार पर चलता है भजन, भोजन, भवन, भाषा, भ्रमण। सर संघ चालक ने कहा हमारी संस्कृति दुनिया में मार्गदर्शन का केंद्र बिंदु रही है। भारत दुनिया में विश्व गुरु के स्थान पर रहे हैं और आज फिर विश्व में लोग भारत की रीति नीति परंपरा संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कुंभ में हमने यह दृश्य देखा हमारी संस्कृति संवेदना की है हमारे परिवार की जो कल्पना है, वह सुरक्षित रहे संस्कृति सुरक्षित बनी रहे। मोहन भागवत ने संदेश



दिया कि हिंदू परिवार दिन में एक बार साथ बैठकर खाना जरूर खाएं। अपनी मातृभाषा में बात करें और घर ऐसा बनाएं जो हिंदू घर लगे। उन्होंने कहा कि कैसे शाखाओं की संख्या बढ़ाई जा सकती है। किन-किन क्षेत्रों में संघ के अनुकूल वातावरण नहीं है और किस तरह वहां वातावरण अनुकूल बनाया जा सकता है। उन कारणों पर भी विचार किया जाएगा, जिनके कारण वातावरण संघ के अनुकूल नहीं है। किन-किन क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति कमजोर है और किस तरह के सेवा कार्यों की जरूरत है। हमारा लक्ष्य संघ के अनुकूल स्थिति बनाना है, जिससे वहां शाखाओं की संख्या बढ़ाई जा सके ।उन्होंने कहा कि इन दिनों जातिवाद को लेकर राजनीति हो रही है। इसके पीछे राजनीतिक दलों का टारगेट उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव हैं। इसीलिए मैं हर वर्ग अब प्रदेश में प्रवास कर रहे संघ प्रमुख मोहन भागवत भी जातिवाद पर प्रहार करते दिखाई दे रहे हैं।

## संपादकीय

# वक्फ की 'सुप्रीम' समीक्षा

**सर्वोच्च** अदालत वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 पर 'अंतरिम आदेश' जारी करने के मूड में है, लेकिन कानून पर फिलहाल रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। नए कानून की संवैधानिकता को चुनौती देती 73 याचिकाएं प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने हैं। कुछ सवाल न्यायिक पीठ ने भी उठाए हैं, लेकिन वे वक्फ से जुड़े विवादों पर चिंतित भी हैं। प्रधान न्यायाधीश ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ भडक़ती-सुलगती हिंसा पर परेशानी और हैरानी जताई। अंततः उन्होंने अपील के स्वर में कहा-'मामला सर्वोच्च अदालत के सामने है, लिहाजा हिंसा बेमानी है। हिंसा नहीं की जानी चाहिए।' बहरहाल सर्वोच्च पीठ की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रही। पीठ ने 'वक्फ बाय यूजर' के मुद्दे पर केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है और दो सप्ताह में उसका जवाब मांगा है। नए कानून में जो प्रावधान तय किए गए हैं, न्यायिक पीठ उनसे सहमत नहीं लगती। जस्टिस खन्ना ने कहा है कि अंग्रेजों से पहले वक्फ रजिस्ट्रेशन नहीं होता था। कई मस्जिदें 13वीं-14वीं सदी की हैं। आप ऐसे 'वक्फ बाय यूजर' को कैसे रजिस्टर करेंगे? वे दस्तावेज कहां से दिखाएंगे? यह असंभव है। यदि वक्फ बाय यूजर की संपत्ति को 'डी-नोटिफाई' किया जाता है, तो उसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। न्यायिक पीठ का तीन मुद्दों पर मूड स्पष्ट दिखाई दिया। एक, अदालत से वक्फ घोषित संपत्ति 'डी-नोटिफाई' नहीं होगी। वह वक्फ बाय यूजर हो अथवा वक्फ बाय डीड हो। दूसरा, कलेक्टर वक्फ संपत्ति का सर्वे कर सकते हैं, लेकिन वक्फ की संपत्ति वक्फ बोर्ड के पास ही रहेगी। उसकी प्रकृति नहीं बदल सकते। अदालत को सूचित करेंगे। तीसरा, वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद के सभी सदस्य मुस्लिम होने चाहिए, सिवाय पदेन सदस्यों के। वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों को लेकर प्रधान न्यायाधीश जस्टिस खन्ना और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के बीच तीखी बहस भी हुई।

न्यायमूर्ति ने पूछा कि क्या सरकार हिंदू धार्मिक बोर्ड या मंदिरों के प्रबंधन में किसी मुसलमान को शामिल करेगी? यहां तक कि सॉलिसिटर जनरल ने न्यायिक पीठ के तीनों न्यायाधीशों के धर्म (हिंदू) पर सवाल उठाया। प्रधान न्यायाधीश ने जवाब दिया-'जब हम इस सीट पर बैठते हैं, तो हमारी व्यक्तिगत पहचान मायने नहीं रखती। कानून के सामने सभी पक्ष एकसमान हैं।' अब यदि सर्वोच्च अदालत कोई अंतरिम आदेश जारी करती है, तो उसमें कुछ निर्देश सरकारी कानून के खिलाफ भी हो सकते हैं। मुस्लिम पक्ष के वकील कपिल सिब्बल बार-बार अनुच्छेद 26 और 20 करोड़ लोगों की आस्था और उनके धार्मिक प्रबंधन के अधिकार का मुद्दा उठा रहे थे, तो प्रधान न्यायाधीश ने साफ कहा कि अनुच्छेद 26 सार्वभौमिक और धर्मनिरपेक्ष है। यह विधायिका को कानून बनाने से नहीं रोकता। यह सभी समुदायों पर लागू होता है। संसद ने हिंदुओं के संदर्भ में भी कानून बनाए हैं। न्यायमूर्ति ने सिब्बल को धार्मिक बातें कहने से रोका। सिब्बल ने ही 'अंतरिम आदेश' की मांग की थी। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कानून पर रोक लगाने की मांग की थी। प्रधान न्यायाधीश ने उसे भी खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश ने यह भी स्पष्ट किया कि जामा मस्जिद सरीखी स्मारक इमारतें यथावत रहेंगी। उनसे कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। जस्टिस खन्ना ने वक्फ संशोधन कानून की धारा 2-ए के प्रावधान पर चिंता जताई। इतना तो स्पष्ट लगता है कि न्यायिक पीठ वक्फ कानून को खारिज नहीं करेगी और रोक लगाने के भी आसार नगण्य हैं, लेकिन ऐसे कुछ सुधार करवा सकती है, जो संविधान के मद्देनजर न्यायोचित नहीं हैं।

# ग्रामीणों की खुशहाली के लिये मनरेगा का सशक्तिकरण हो




ललित गर्ग

समिति ने मनरेगा से जुड़े कार्यक्रम की कमियों के बारे में अहम जानकारी प्राप्त करने और मनरेगा की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आवश्यक नीतिगत सुधारों को लागू करने के लिए देशभर में स्वतंत्र एवं पारदर्शी सर्वेक्षण की सिफारिश की है। समिति ने उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप देने पर भी जोर दिया है। मनरेगा बदलते वक्त और उभरती चुनौतियों के बावजूद आज भी प्रासंगिक है।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) के तहत प्रदान किए जाने वाले काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 दिन करने समेत श्रमिकों के दैनिक पारिश्रमिक को कम से कम 400 रुपये निर्धारित करने की सिफारिश की है, इन सिफारिशों से न केवल यह योजना अधिक सशक्त एवं प्रभावी होकर ग्रामीण जनजीवन के कमजोर लोगों के लिये राहत का माध्यम बनेगी, बल्कि ग्रामीण जीवन को नये भारत की बुनियाद बनायेगी। मनरेगा भारत सरकार द्वारा ग्रामीण गरीब एवं कमजोर लोगों के लिए उठाया गया एक क्रांतिकारी कदम है और वर्तमान में यह भारत में सबसे बड़ा स्व-लक्ष्यीकरण कार्यक्रम है। यह सामाजिक सुरक्षा, आजीविका सुरक्षा और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण के माध्यम से ग्रामीण भारत में समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावशाली साधन है। जो नये भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत का आधार होगा।

मनरेगा में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण और शिकायत निवारण तंत्र की व्यवस्था है, बावजूद मनरेगा में भी भ्रष्टाचार, अफसरशाही, अनियमितता, कोताही के कारण इस महत योजना पर भी समय-समय अंधेरा छाता रहा है। यों तो गिरावट हर स्तर पर है। समस्याएं भी अनेक मुखरित हैं पर राष्ट्रीय चरित्र को विघटित करने वाले भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की काली छाया मनरेगा पर न पड़े, इसलिये स्थायी समिति का यह सुझाव स्वागतयोग्य है कि श्रमिकों की संतुष्टि, वेतन में देरी, भागीदारी के रुझान और योजना में वित्तीय अनियमितताओं पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। इसीलिये समिति ने मनरेगा से जुड़े कार्यक्रम की कमियों के बारे में अहम जानकारी प्राप्त करने और मनरेगा की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आवश्यक नीतिगत सुधारों को लागू करने के लिए देशभर में स्वतंत्र एवं पारदर्शी सर्वेक्षण की सिफारिश की है। समिति ने उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप देने पर भी जोर दिया है। मनरेगा बदलते वक्त और उभरती चुनौतियों के बावजूद आज भी प्रासंगिक है।

मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करता है, जिससे लोगों को आय प्राप्त होती है और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है, यह योजना टिकाऊ संपत्तियां जैसे सड़क, नहर, तालाब, कुएं बनाने पर जोर देती है, जो ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में योगदान करती हैं। भारत आज भी गांवों का देश है, विकास की गंगा गांवों से होकर ही निकलती है। मनरेगा ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाता है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां अन्य रोजगार के अवसर सीमित हैं, यह श्रम शक्ति के सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है। यह योजना ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रदान करती है, जिससे वे सशक्त हो पाती हैं और समाज में सक्रिय भूमिका निभा पाती हैं। यदि किसी व्यक्ति को मनरेगा के तहत 15 दिनों के भीतर काम नहीं मिलता है, तो उन्हें बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है, जो एक सुरक्षा जाल के रूप में कार्य करता है।




मनरेगा एक बहुआयामी योजना है, जिसके तहत विभिन्न उत्पादक परिसंपत्तियों का निर्माण किया जाता है, जैसे कि जल संरक्षण संरचनाएं, ग्रामीण सड़कें, और अन्य बुनियादी ढाँचे की परियोजनाएं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती हैं। मनरेगा के तहत रोजगार एक कानूनी अधिकार है, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को रोजगार का दावा करने का अधिकार है। इस दूरगामी एवं ग्रामीण जनजीवन के उन्नयन एवं उत्थान के कार्यक्रम के लागू होने के बाद लाखों मजदूरों को काम मिला है। पलायन में काफी हद तक कमी आई। मनरेगा ने साबित किया कि भारत में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वह आज भी उम्मीद की किरण है। इस कार्यक्रम से लाखों अकुशल श्रमिकों और महिलाओं को पूरे वर्ष में सौ दिन के रोजगार की गारंटी मिली। इससे बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार लाभान्वित हुए। यही वजह है कि इस कार्यक्रम में काम के दिन बढ़ाने की मांग अक्सर उठती रही है। अब संसद की स्थायी समिति ने भी मनरेगा पर भरोसा जताते हुए काम के दिनों की संख्या बढ़ा कर पांच महीने यानी डेढ़ सौ दिन करने और दैनिक पारिश्रमिक कम से कम चार सौ रुपए करने की सिफारिश की है, जो प्रासंगिक एवं बढ़ती महंगाई को देखते हुए जरूरी है। दरअसल, अभी इस कार्यक्रम के तहत मिलने वाली मजदूरी न्यूनतम जरूरतें एवं बुनियादी दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए भी अपर्याप्त हैं। मजदूरी वर्तमान आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप हों और ग्रामीण श्रमिकों को सम्मानजनक पारिश्रमिक प्रदान करें। रोजगार योजना के लिए आबंटित राशि में लंबे समय से ठहराव पर समिति की चिंता इसी संदर्भ में है। कोई दो राय नहीं कि इसकी राशि बढ़ने से इसकी प्रभावशीलता बढ़ेगी।

समिति ने कहा, बदलते समय और उभरती चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए योजना में सुधार की आवश्यकता है। समिति मंत्रालय से उन विकल्पों पर विचार करने का आग्रह करती है, जिससे मनरेगा अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं प्रभावी बन सके। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्रामीण विकास योजना को बल देने में सहायक है। हालांकि मनरेगा निरन्तर सवालों से घिरी रही है, इसमें वित्तीय अनियमितता की भी शिकायतें मिलती रही हैं। इसके प्रति श्रमिकों का रुझान घटने और मजदूरी देर से मिलने पर सवाल उठते रहे हैं। ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय की स्थायी समिति ने तीन साल पहले मनरेगा का विश्लेषण करते हुए कई सुझाव दिए थे। तब उस समिति ने भी इस कार्यक्रम को नया रूप देने के लिए काम के गारंटीशुदा दिनों को सौ से बढ़ा कर डेढ़ सौ करने की सिफारिश की थी और सभी राज्यों में समान मजदूरी दर करने का सुझाव दिया था। अब संसद की समिति ने उन सुझावों पर एक तरह से मुहर लगाई है। अगर मनरेगा में नीतिगत सुधारों को लागू करने के लिए स्वतंत्र और पारदर्शी सर्वेक्षण होगा, तो इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

मनरेगा ने अपनी तार्किक सार्थकता साबित की है, लेकिन अभी इसमें व्यापक सुधारों की अपेक्षा है। देखने में आ रहा है मनरेगा से लाभान्वित लोगों को अक्सर बिना काम के ही राशि दी जा रही है, सरकार को इन लोगों की श्रम-शक्ति को देश-विकास के कार्यों में नियोजित करने पर भी ध्यान देना चाहिए। मनरेगा योजना के अन्तर्गत कौशल विकास पर बल दिया जाना चाहिए। योजना भले ही अकुशल श्रमिकों के लिए अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है, लेकिन उन्हें अपने कौशल को विकसित करने और बढ़ाने का अवसर मिलने से यह योजना देश-विकास का माध्यम बन सकती है। वनीकरण, जल संरक्षण और सड़क निर्माण जैसी विभिन्न परियोजनाओं में उनकी भागीदारी से श्रमिकों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। वे नए कौशल सीख सकते हैं जिनका उपयोग मनरेगा द्वारा प्रदान किए जाने वाले भविष्य के रोजगार अवसरों के लिए किया जाएगा। मनरेगा योजना सड़कों, नहरों, तालाबों और सिंचाई सुविधाओं जैसी परिसंपत्तियों के विकास का समर्थन करते हुए रोजगार प्रदान करें, इस योजना को कनेक्टिविटी, कृषि उत्पादकता, वन-विकास से भी जोड़ा जाना चाहिए ताकि प्राकृतिक संसाधनों को बचाने, पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिल सके। जिससे ग्रामीण जीवन में नए मनुष्य का जन्म होगा। नई पात्रता का निर्माण होगा, जहां हमारी ग्रामीण संस्कृति पुनः अपने मूल्यों, विरासत एवं उपयोगिता के साथ प्रतिष्ठापित होगी।

मनरेगा योजना अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) सहित समाज के हाशिए पर पड़े समूहों को समान पहुँच प्रदान करने पर केंद्रित है। यह सुनिश्चित करता है कि इन कमज़ोर समूहों को रोज़गार तक समान पहुँच मिले और उनके साथ किसी भी तरह का भेदभाव न हो। ताकि एक संतुलित, समानतामूलक एवं आदर्श समाज-व्यवस्था को आकार दिया जा सके। मनरेगा योजना ग्रामीण विकास, गरीबी उन्मूलन, कौशल संवर्धन और पर्यावरणीय स्थिरता में महत्वपूर्ण आयाम बनकर सामने आये। तभी ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाने और भारत में ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापक विकास को अवतरित करने का सूरज उदित हो सकेगा।

## 20 अप्रैल : इतिहास की अहम घटनाएं

- 1920 अलबामा और मिसीसीपी में तूफान से 219 लोगों की मौत।
- 1921 फेरेंक मोलनर का नाटक लिलीओम पहली बार ब्रॉडवे शहर में अंग्रेजी में बनाया गया।
- 1939 बिली हॉलिडे ने 'स्ट्रेंज फ्रूट' के अपने संस्करण को रिकॉर्ड किया, जिसे नागरिक अधिकार आंदोलन के प्रतीक के रूप में प्रसिद्धि मिली।
- 1939 एडॉल्फ हिटलर का 50 वां जन्मदिन नाजी जर्मनी में एक राष्ट्रभक्त के रूप में मनाया गया।
- 1939 जर्मनी में तानाशाह एडोल्फ हिटलर के 50वें जन्मदिन को राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया गया।
- 1968 ब्रिटिश संसद के सदस्य हनोक पॉवेल ने आव्रजन और भेदभाव-विरोधी कानून के विरोध में अपने 'कॉन्ट्रोवर्शियल' रिवर ऑफ ब्लड 'भाषण दिया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें शादो मंत्रिमंडल से हटा दिया गया।
- 1968 पियरे ट्रूडो ने लेसन बी पियर्सन को कैनाडा का प्रधान मंत्री बनाया।
- 1969 रॉयल अल्स्टर कॉस्टैबुलरी को मजबूत करने के लिए ब्रिटिश सैनिक उत्तरी आयरलैंड में पहुंचे।
- 1972 अपोलो-16 अभियान छह घंटों तक संकट से जूझने के बाद चंद्रमा पर उतर गया, जॉन यंग और चार्ल्स ड्यूक की टीम चंद्रमा पर उतरने वाली इतिहास की पांचवीं टीम बनी।
- 1973 कनाडा का एएमआईके ए-2 पहला व्यावसायिक उपग्रह बना।
- 1978 सोवियत लड़ाकू विमानों ने सोवियत एयरस्पेस को उड़ाने के बाद कोरियाई एयर लाइंस फ्लाइट 902 को मार गिराया।
- 1986 सेंट जेम्स थिएटर न्यूयॉर्क सिटी में ''जेरी की लड़कियां'' 139 प्रदर्शन के बाद बंद हो गईं।
- 1990 8 2/3 ओक्सलैंड ए के ब्रायन होल्मन द्वारा शुरू किया गया अचूक खेल केन फिलिप्स द्वारा होम रन हिट द्वारा खराब हो गया है।
- 1997 शावक ने न्यूयॉर्क मेट्स को एनएल सबसे खराब ओपनिंग के साथ हराया, 14 सीधे गेम हारे।
- 1998 लाल सेना गुट के रूप में जाना जाने वाला हिंसक जर्मन क्रांतिकारी समूह ने घोषणा की कि वह भंग हो गया था।
- 1999 दो अप्रभावित छात्रों ने कोलोराडो, कोलोराडो में अपने उच्च विद्यालय में बंदूकें लाईं और बारह छात्रों की हत्या की, एक शिक्षक और फिर खुद को मार डाला।
- 1999 जर्मन के पूर्व चांसलर हेल्मुट कोल अमेरिकी सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द प्रेसिडेंशियल मेडल आफ़ फ्रीडम' से सम्मानित।
- 2008 फर्नांडो लुगो 61 वर्षों में पैराग्वे के राष्ट्रपति चुने गए पहले गैर-कोलोराडो पार्टी के उम्मीदवार बने।
- 2008 अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर नौ दिन बिताने के बाद पहले दक्षिण कोरियाई अंतरिक्ष यात्री यीसोयओन पृथ्वी पर सकुशल लौटे।
- 2010 मेक्सिको के गुल्फ में एक अपतटीय तेल रिग डीपवाटर होरिजन पर एक विस्फोट, पेट्रोलियम उद्योग के सबसे बड़े समुद्री समुद्री तेल रिसाव का कारण बना।
- 2011 नाइजीरिया का राष्ट्रपति चुनाव, 16 अप्रैल 2011 को आयोजित किया गया, विजेता को राष्ट्रपति गुड लक जोनाथन घोषित करता है।
- 2011 चीन ने दो प्रमुख मानव अधिकार वकीलों, लियू शियाओयुआन और जियांग तियानपोंग जारी किए।
- 2012 डिज़नी स्टूडियो के अध्यक्ष रिच रॉस के पद को स्वीकार करने के तीन साल से भी कम समय बाद इस्तीफा दे दिया।
- 2012 मिस्र में जारी सैन्य शासन के खिलाफ TAHRIR वर्ग में हजारों लोग प्रदर्शन करते हैं।

## समसामयिक



ऋषभदेव शर्मा

# असीम मुनीर के सिर चढ़ा रग-ए-जाँ का जुनून!

**पड़ोसी** मुल्क पाकिस्तान के नेताओं और अफसरों को वक़्त-बेवक़्त आँय-बाँय-शाँय के दौरे पड़ना कोई नई बात नहीं है। ताज़ा सबूत है उनके सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर का हालिया बयान, जिसमें उन्होंने कश्मीर को अपनी 'रग-ए-जाँ' और हिंदुओं को 'हर मायने में अलग' क़रार दिया है। रग-ए-जाँ यानी गले की नस, जो दिल और दिमाग़ को जोड़ती है। शरीर का इतना अहम हिस्सा कि बिना इसके जीना मुश्किल। लेकिन कोई उनसे पूछे कि जनाब जनरल साहेब, अगर कश्मीर आपकी रग-ए-जाँ है, तो फिर बलूचिस्तान क्या है! शायद वह नस जो बार-बार फटती है, मगर आप उसे टाँके लगाकर भूल जाते हैं!

जनरल मुनीर ने ओवरसीज पकिस्तानीज़ कन्वेंशन में दो-राष्ट्र सिद्धांत का भी ऐसा राग अलापा कि लगा, 1947 का रेडियो फिर से चालू हो गया। ''हम हिंदुओं से अलग हैं—धर्म, संस्कृति, विचार, महत्वाकांक्षा, सब में!'' शायद यही कलयुग है कि आँगन का बँटवारा होते ही नाशुक्रे बच्चे नाभिनाल रिश्ते समेत बाप को पहचानने से मुकर जाते हैं। और ये दो-राष्ट्र सिद्धांत? 1971 में बांग्लादेश की आज़ादी ने इसे इतनी जोर से खंडित किया था कि उसकी गूँज आज तक सुनाई देती है। मगर जनरल साहब को लगता है कि पुराना रिकॉर्ड अभी भी हिट है। जनाबे आली, आपको एमनेशिया के इलाज़ की ज़रूरत है!

कश्मीर को 'रग-ए-जाँ' कहने का उनका जुनून देखकर लगता है, जैसे वे कोई बॉलीवुड डायलॉग बोल रहे हों: ''हम कश्मीर को नहीं भूलेंगे!'' अरे, डायलॉगबाज़ी छोड़िए। पहले अपने मुल्क के माली हालात को तो याद कर लीजिए। सयानों की मानें (न मानने की कोई वजह भी तो हो!) तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था आईसीयू में है। और जनरल साहब हैं कि कश्मीर की नस पकड़कर परदेस में बसे पाकिस्तानियों को जगा रहे हैं। अचरज नहीं होना चाहिए अगर यह बयान अपनी नाकामियों को छिपाने की उनकी एक और चालाक कोशिश भर साबित हो। यानी, जब घर में आटा खत्म हो, तो पड़ोसी के घर की बात करके ध्यान भटकाओ। क्लासिक रणनीति! वैसे, भारत ने भी जवाब में कोई कसर नहीं छोड़ी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है, ''जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। पाकिस्तान का इससे एकमात्र रिश्ता है - अवैध क़ब्ज़े वाली ज़मीन को खाली करना।'' इतना सटीक जवाब कि जैसे किसी क्रिकेटर ने छक्का जड़ दिया हो।

और हिंदुओं से अलगाव की बात? जनरल साहब, आपकी सेना के जवान तो बॉलीवुड गाने सुनते पकड़े गए हैं। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएँगे' का रोमांस और 'बाहुबली' का एक्शन - ये सब तो आपके मुल्क में भी हिट हैं। फिर यह 'हर मायने में अलग' का दावा? शायद आपने ग़लती से किसी व्हाट्सएप्प फॉरवर्ड को सच मान लिया। और अगर इतने अलग हैं, तो फिर भारत से चावल, टमाटर और दवाइयों की माँग क्यों? और सुनिए! बलूचिस्तान पर जनाब ने फ़रमाया, ''दस पीढ़ियाँ भी इसे नहीं ले सकतीं।'' मगर वहाँ के बाशिंदे तो कुछ और ही कहानी सुना रहे हैं।

दरअसल बलूचिस्तान पाकिस्तान के सीने का कभी न भरने वाला वह घाव है जिसे सहलाने की खातिर ही राग-कश्मीर अलापते रहना पड़ता है। जनरल साहब, आपके लिए मुफ़्त सलाह कि गले की नस छोड़कर तनिक अपने घर की नब्ज़ टटोल लीजिए। वहाँ की अवाम, अमन और अर्थव्यवस्था भी तो आपकी ही ज़िम्मेदारी है।तो, प्रिय पाठको, जनरल मुनीर का यह बयान न तो नया है, न अनोखा। यह बस वही पुराना रिकॉर्ड है, जो हर बार बजता है जब उनके घर में सब्ज़ी कम पड़ती है। और हम? हम तो बस पॉपकॉर्न लेकर अगले बयान का इंतज़ार करेंगे। तब तक, मेहदी अली ख़ान ज़की लखनवी का यह शेर कि-

*''एक नश्तर है कि देता है रग-ए-जाँ को ख़राश;*
*एक काँटा है कि पहलू में चुभोता है कोई!''*

# बृज के पवित्र कुंडों का संरक्षण: एक अनिवार्य कदम



बृज खंडेलवाल

बृज क्षेत्र, भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का केंद्र, अपने पवित्र कुंडों के लिए प्रसिद्ध है। राधा कुण्ड, गोविंद कुण्ड, श्याम कुण्ड, ललिता कुण्ड, और कुसुम सरोवर जैसे कुंड धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। हाल ही में, ब्रज वृन्दावन देवालय समिति के प्रतिनिधि मण्डल ने, गोस्वामी श्री कृष्णनन्द भट्ट के नेतृत्व में, मल्हार कुण्ड और बलदेव कुण्ड का निरीक्षण किया। दोनों कुंडों की स्थिति दयनीय पाई गई। मल्हार कुण्ड गंदगी, कूड़े और अतिक्रमण से घिरा है, जबकि सीवर इसका जल दूषित कर रहा है। बलदेव कुण्ड की हालत भी बदतर है।इन कुंडों का पौराणिक महत्व श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ा है। उपेक्षा से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और पर्यावरण को क्षति पहुंचती है।



प्रतिनिधि मण्डल, जिसमें पर्यावरणविद आकाश वशिष्ठ शामिल थे, ने संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। समिति ने सरकार से बृज के सभी कुंडों का सीमांकन करने और अतिक्रमण रोकने की मांग की। मल्हार और बलदेव कुण्ड की रक्षा के लिए न्यायालय का सहारा लिया जाएगा।कुंडों का संरक्षण जल संरक्षण, जैव-विविधता और पर्यटन के लिए



आवश्यक है। ये कुंड बृज की सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। समाज, सरकार और स्थानीय समुदाय को मिलकर इन्हें पुनर्जनन करना होगा। गोवर्धन के मानसी गंगा, बरसाना का प्रेम सरोवर और अन्य कुंडों की रक्षा से बृज की आध्यात्मिक और प्राकृतिक सुंदरता बरकरार रहेगी। यह समय की मांग है कि इन पवित्र स्थलों को उनकी खोई गरिमा वापस लौटाई जाए।ब्रज के सभी कुंडों का सीमांकन हो प्रतिनिधि मण्डल में वरिष्ठ पर्यावरणविद अधिवक्ता श्री आकाश वशिष्ठ भी शामिल थे। इससे पहले प्रतिनिधि मण्डल ने राल स्थित बलदेव कुण्ड का निरीक्षण भी किया। जिसकी हालत बद से बदतर पाया।दोनों कुंडों की हालत देखकर प्रतिनिधि मण्डल को अत्यंत दुःखी हुए। दोनों ही कुंडों का पौराणिक महत्त्व है, और ये कृष्ण लीला से सम्बंधित है। इन कुंडों की दशा से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए भी इन कुंडों को पुनर्जीवित करना अति आवश्यक है।साथ में निर्णय लिया गया कि इन कुंडो संरक्षित करने के लिए हर तरह से प्रयास करेंगे। समिति ने सरकार से माँग की कि ब्रज के सभी कुंडों का सीमांकन हो, जिससे कुण्ड की संपत्ति पर कोई अतिक्रमण न कर सके। उन्होंने कहा कि इन दोनों कुंडों की रक्षा के लिए न्यायालय के शरण में जाएंगे।प्रतिनिधि मण्डल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोस्वामी श्री कृष्णनंद भट्ट, श्री बलराम गोस्वामी, श्री कृष्ण मुरारी गोस्वामी, श्री भगवत स्वरुप शर्मा, महंत श्री राम कृष्ण दास, श्री अरुण भट्ट, आकाश वशिष्ठ, भृगु मुनि दास, जगन्नाथ पोद्दार आदि शामिल थे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील डेरापुर में सुनी शिकायतें, निस्तारण के लिए निर्देश

## समस्त तहसील स्तरीय अधिकारी जनता दर्शन के समय से रहे उपस्थित, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण करें निस्तारणः मुख्य विकास अधिकारी

» डी के सिंह

कानपुर देहात मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील डेरापुर में जन समस्याएं सुनी गई। जिसमे उनके द्वारा सर्वप्रथम पूर्व में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की जन शिकायतों की समीक्षा की गयी एवं शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिसमे पूर्व समाधान दिवस में श्री कमलेश पुत्र श्री बल्दू ग्राम-परौंख द्वारा कालोनी व सौचालय के सम्बन्ध में शिकायत कि गयी थी जिसका गुणवत्तापूर्णत निस्तारण नहीं किया गया था जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त शिकायत का तत्काल सर्वे पूर्ण करवाते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए जिसका अंकन शिकायत रजिस्टर में भी किया जाए।





जिसके पश्चात महोदया द्वारा तहसील डेरापुर की जन समस्याएं सुनी गयी जिनमें कुल 68 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से राजस्व विभाग से 27, विकास विभाग 13, पुलिस विभाग 11 एवं विधुत विभाग 06 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिनमे से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

उन्होंने कहा कि जनता को अनावश्यक जिला मुख्यालय के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें, इसलिए जो समस्या जिस स्तर की है, उस समस्या का उसी स्तर पर निस्तारण हो जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी समस्याऐं लेकर जो भी व्यक्ति आये, उसकी समस्या को पूरी शालीनता एवं तन्मयता से सुना जाये और समस्याओं का निस्तारण एवं समाधान उचित ढंग से किया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाल हर आगंतुक संतुष्ट होकर जाये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनता से मिलने के लिए समय निर्धारित रखे। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है उन सभी समस्याओं का समबद्धता एवं प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को आनलाइन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

# जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस अंतर्गत तहसील भोगनीपुर में सुनी समस्याएं

## अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

» उत्कर्ष सिंह



कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह ने जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील भोगनीपुर में लोगों की समस्याओं/शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 137 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त समस्याओं/ शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें, शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता पूर्वक लेकर आवश्यक कार्यवाही की जायें। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों की शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष लोगों द्वारा रखी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारी को शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकर, निस्तारण आख्या से अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस व तहसील दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मौके पर पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंह, डीएफओ एके द्विवेदी, उप जिलाधिकारी जितेन्द्र कटियार, तहसीलदार प्रिया सिंह, क्षेत्राधिकारी, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राशिफल



ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
9760800271
Shyam.sundar281@gmail.com

**मेष :** आपका आज का दिन बेहद शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में आज उपलब्धिजनक कार्य करेंगे। पढ़ाई अच्छी चलेगी। परीक्षा परिणाम सुखद रहेगा। पढ़ाई में सुधार होगा। परीक्षा परिणाम सकारात्मक रहेगा। कम्फर्ट जोन से बाहर रहे। भूमि में इन्वेईस्टो करना भविष्या में अच्छाम फल देगा यात्रा का योग है।

**वृषभ :** आज का दिन मिश्रित फलदायी है। स्वावस्य्कर की दृष्टि से परेशान रहेंगें सिर या पेट दर्द की सम्भाआवना है। आय की दृष्टि से आज का दिन शुभ है। वाहन क्रय का योग है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए उपलब्धिजनक रहेगा। कोई भी नया प्रोजेक्टै शुरू करना अच्छो रहेगा। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पिता से मतभेद सम्भ्व है। एलर्जी सिर या गले में दर्द की सम्भा।वना है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए संघर्ष से भरा रहेगा। मानसिक रूप से उद्धविग्नव व हताश महसूस करेंगें। आज आत्मंमूल्यां कन का दिन है। जानने का प्रयास कीजिए की कहां चूक हुई है। थकान महसूस करेंगें। सम्भआव है स्वाहस्यका की दृष्टि से फालतू खर्च करना पडे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए बेहद शुभ रहेगा। वस्तु तः आज भाग्योदय का दिन है, बशर्ते निर्णय सोच समझकर करें। कोई भी जल्द्बाजी में निर्णय न करें। आय की दृष्टि से आज का दिन शानदार रहेगा।

**कन्या :** आज आपका दिन आपके लिए शुभ साबित होगा। परिवार के किसी सदस्यी से खुशखबरी मिलेगी जिससे परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। बाहरी यात्रा का योग है। परीक्षा परिणाम सकरात्मिक रहेगा। स्वाास्थ्यिब अच्छाय रहेगा।

**तुला :** आज का दिन मिश्रित रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा और उसी अनुपात में लाभ भी होगा। इन्वे स्ट मेंट के लिए आज का दिन शुभ है। कोई नया प्रोजेक्ट भी आज शुरू कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम उत्त म रहेगा।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन परेशानियों भरा रहेगा। फालतू की भागदौड़ रहेगी। सम्भटव है कि अचानक से कोई व्य्य आ जाये। आज क्रोध व जिद्द से बचे, अन्य था परेशानी में पड़ सकते है। दिन के अन्त तक राहत महसूस करेंगे।

**धनु :** आज आपका का दिन मध्यम शुभ है। आय के नवीन स्त्रो त बनेंगें। लाभ का योग है। बाहर के खाने से बचें। पेट में दर्द की सम्भा वना रहेगी। परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहेगा।

**मकर :** आज आपका दिन आय की दृष्टि से अच्छा साबित होगा। यद्यपि भागदौड़ रहेगी किन्तुर उसका लाभ मिलेगा। सरकारी नौकरी वालों के लिए परीक्षा परिणाम अच्छा रहेगा। हांलाकि मानसिक उलझन महसूस करेंगे।

**कुंभ :** आज आपका दिन अच्छाव साबित होगा। हालांकि दिन के अन्तग तक अधिक थका हुआ महसूस करेंगें। आज भाग्योददय का दिन है। परीक्षा परिणाम बेहद सुखद रहेगा। किसी से बहस न करें। मानसिक रूप से उद्धविग्नक महसूस करेंगें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए उपलब्धिजनक साबित होने जा रहा है बशर्ते अपने गुरू या बडों से सलाह मशविरा करके काम करें। आज किसी को उधार न दें। बाहर के खाने से बचें, पेट में दर्द की सम्भालवना है। आय की दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छाय साबित होगा।

# पत्नी को गुजारा भत्ता देने से बचने के लिए पिछले साल नवंबर से फरार हो गया पिता ने रसूलाबाद थाने में अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई

» उत्कर्ष सिंह

कानपुर देहात में एक अनोखा मामला सामने आया है। श्याम बाबू उर्फ गीतू नाम का एक व्यक्ति अपनी पत्नी को गुजारा भत्ता देने से बचने के लिए पिछले साल नवंबर से फरार हो गया था। श्याम बाबू की पत्नी मोहिनी ने पारिवारिक न्यायालय में गुजारा भत्ते का मुकदमा दायर किया था। श्याम बाबू लगातार अदालत की कार्यवाही से दूर रहा। गिरफ्तारी के डर से उसके पिता राम खिलावन ने 21 दिसंबर 2024 को रसूलाबाद थाने में अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि उनका बेटा 15 नवंबर से बिना कुछ बताए घर से चला गया है।

पुलिस ने जब मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि श्याम बाबू जानबूझकर फरार हुआ है। इस बात की जानकारी अदालत को दी गई।



न्यायालय ने तुरंत गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया।

चौकी प्रभारी कृपाल सिंह और सिपाही केशव यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि श्याम बाबू रसूलाबाद चौराहे पर मौजूद है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। अब श्याम बाबू को न केवल गुजारा भत्ता देना होगा, बल्कि झूठी गुमशुदगी के मामले में भी जेल में समय बिताना होगा।

# समाधा आश्रम मे कन्या भोज का हुआ आयोजन



समाधा आश्रम जिसकी नींव 1796 में उदासीन प्रथम पातशाही स्वामी हरभजन जी महाराज जी ने तब के अखंड भारत के शिकारपुर जो कि अब सिंध पाकिस्तान में स्थित है, की थी जिसको आगे बढ़ाते हुए छठी पातशाही स्वामी शिवभजन जी महाराज तब के महा कुंभ 1977 में भारत आगमन हुआ तो कानपुर शहर में आ कर सबसे बियाबान एवं खतरनाक जंगल जैसे स्थान जिसको मर्दानपुर बोलते थे वहां समाधा आश्रम की नीव 1977 शिवरात्रि के दिन की जो कि आज मानव कल्याण के लिए एक मिसाल बन गया हे यहां पर शिवरात्रि में मनोकामना पूर्ति 48 घंटे का हवन यज्ञ होता हे जिसमें आज तक लाखों भगतो का कल्याण हुआ हे नेत्र चिकित्सा, दवाखाना, कांडडी साहिब ( कल्प वृक्ष), भंडारा, 72 गयो की गौशाला निरंतर चलता रहता हे और यह सब बिल्कुल निःशुल्क है।

# कानपुर आथोर्पैडिक एसोसिएशन ने अपना वार्षिक सम्मेलन कोयाकॉन-2025 का किया आयोजन

» नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। आथोर्पैडिक एसोसिएशन ने अपना वार्षिक सम्मेलन आयेजन किया इस वर्ष की थीम नी सिम्पोजियम पर आधारित रही। इस सत्र में घुटने की बीमारियों के विभिन्न पहलुओ पर जैसे नी आथ्रीप्लास्टी, नी आथ्रीस्कोपी तथा अन्य विषयो एवं नवीन उपचार विधियों के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंडियन आथोर्पैडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अनूप अग्रवाल रहे। केजीएमयू लखनऊ से आए डॉ अशीष कुमार ने बताया कि अक्सर स्कूटी और मोटरसाइकिल से दुर्घटना होने के बाद घुटने में चोट लगने के मरीज को काफी दर्द होता है, लेकिन जब मरीज बाद एक्स-रे कराता है तो रिपोर्ट नार्मल आती है। इस हालत में मरीज चोट को नजरांदाज कर देते है और यही आगे चल कर पैरो की हड्डी सूखने लगती है और यही गठिया का रूप लेती हैं। इसके इलाज के लिए धूप और कैलिश्यमयुक्त खाना ही लाभदायक होता है। उन्होंने बताया कि आज कल महिलाएं अपनी लाइफस्टाइल को चुस्त दुरूस्त रखने के लिए जुंबा एक्सरसाइज करने जाती है, लेकिन अच्छा ट्रेनर न होने के कारण जोडो का दर्द, लोअर बैक का दर्द इन समस्याओ को लकर महिलाओ का आना बहुत हो रहा है। उन्होंने बताया कि कोराना के बाद स्टॉरायड के कारण हिप की शिकायत के मरीज के आ रहे है। वही लखनऊ के डॉ संतोष उ.प्र. आथोपैडिक एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने बताया कि इससे बचने के लिए संतुलित डाइट और योगा साथ में सीजनल सब्जी, दूध और धूप बहुत ही जरूरी है क्यो कि दूध में प्रोटीन और मिनरल दूध से मिलते है जबकि धूप से विटामिन डी मिलता है जो कि शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद है। उन्होंने बताया कि इंसान का शरीर 37 डिग्री सेल्सियस के लिए बना है जोकि नार्मल रहता है जबकि अगर शरीर का तापमान अगर बढ़ता है तो यह शरीर के लिए बहुत नुसानदायक होता है। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए देशभर के विभिन्न हिस्सो से लगभग 80 से 100 डेलीगेट्स ने इस साइंटिफिक आयोजन का लाभ उठाया।

# विश्व लीवर दिवस के अवसर पर आईएमए अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता के दौरान लोगों को किया जागरूक लोगों को किया जागरूक

» उत्कर्ष सिंह





■ लिवर शरीर का महत्वपूर्ण हिस्सा इसे स्वस्थ्य बनाये रखे, ज्यादा शराब पीने से सिरोसिस सर्करहोसिस नाम की होती है बीमारी

कानपुर। लिवर शरीर का महत्वपूर्ण अंग होता है और प्रत्येक 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस के रूप में इसे मनाया जाता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर लिवर यानी यकृत से होने वाली बीमारियों की जानकारी देते हुए बताया कि लिवर शरीर का महत्वपूर्ण अंग है जिसकी देखभाल करना बहुत ही जरूरी होता है।

विश्व लीवर दिवस के अवसर पर आईएमए अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि के रूप में मनाया जाता है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को डॉ. नंदिनी रस्तोगी अध्यक्ष ने उपस्थित लोगो को बताया कि विश्व लिवर दिवस 2025 का थीम ह्लफूड इस मेडिसिनह्व यानी कि भोजन ही औषधि है। यह थीम लिवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने और लिवर से संबंधित बीमारियों को रोकने में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार और भोजन चुन कर, व्यक्ति अपने लिवर के कार्य को बेहतर बना सकते हैं और लिवर विकारों व जोखिम को कम कर सकते हैं। इसी क्रम में शहर के जाने-माने गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉक्टर वीके मिश्रा ने बताया की शराब लीवर की बीमारी का एक प्रमुख कारण है और इसके अत्यधिक सेवन से लीवर खराब होता और सिरोसिस सर्कर-होसिस नाम की बीमारी हो जाती है। उन्होंने बताया कि इसमें लिवर अपना पाचन और अन्य काम नहीं कर पता है। पोर्टल हाइपर-टेंशन की वजह से खून की उल्टी या लैट्रिन होने लगती है। रीजेंसी हॉस्पिटल के डॉक्टर मयंक मल्होत्रा ने बताया की हेपेटाइटिस बी और सी लीवर के खतरनाक इंफेक्शन है जो की संक्रमित व्यक्ति के द्वारा खून या संक्रमित सुई या सेक्सुअल ट्रांसमिट होते हैं यह बीमारी लीवर को पूरी तरह से धीरे-धीरे करके खराब कर देती है। प्रेसवार्ता के दौरान मुख्य रूप से आईएमए उपाध्यक्ष डॉ कुणाल सहाय, डॉ मंयक मल्होत्रा, गैस्ट्रोइंट्रोलाजिस्ट डॉ ए.एच.धर मौजूद रहे।

# कानपुर में रिटायर सीओडी कर्मी ने एक महिला से शादी की, दूसरे दिन दुल्हन नकदी व जेवरात समेत 5 लाख का माल लेकर फरार हो गई

» उत्कर्ष सिंह



कानपुर में रिटायर सीओडी कर्मी ने एक महिला से शादी की। शादी के दूसरे दिन दुल्हन नकदी व जेवरात समेत 5 लाख का माल लेकर फरार हो गई। पीड़ित ने थाने में मामले की शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ये घटना चकेरी के कोयला नगर का है।

मूलरूप से सीतापुर निवासी हरीश कुमार शुक्ला (62) रिटायर सीओडी कर्मी हैं। हरीश के अनुसार उनके परिवार में कोई न होने के चलते वह एकाकी जीवन जी रहे थे। साथ ही नौकरी के दौरान वे सनिगवां में एक किराये के मकान में रह रहे थे।

तभी उनकी मुलाकात दूसरे मकान में किराये पर रहने वाली महिला(45) के साथ हुई। इसके बाद दोनों में बातचीत होती थी। हरीश कुमार ने बताया कि महिला ने उनके एकाकी जीवन को देखकर उनसे शादी कर देखभाल करने का झांसा दिया।

इसके बाद बीती 11 फरवरी 2025 को उन्होंने महिला से आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। हरीश कुमार ने बताया कि वह महिला को लेकर सनिगवां में ही किराये के मकान में रहने लगे।

आरोप है कि एक-दो दिन रुकने के बाद महिला देर रात तीन लाख रुपए नगद और दो लाख की कीमत के जेवर लेकर फरार हो गई। जिसके बाद हरीश कुमार ने महिला की डेढ़ माह तक तलाश की। लेकिन उसका कुछ पता न चल सका।

जिसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर चकेरी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

# अब दामाद बोला बेटे की तरह इनकी सेवा करूंगा एक पल भर में हुई गलती का बड़ा पछतावा है, पता नहीं पल भर में क्या हुआ कि सारी जिंदगी भर का सोचना हो गया

» उत्कर्ष सिंह

एक पल भर में हुई गलती का बड़ा पछतावा है। पता नहीं पल भर में क्या हुआ कि सारी जिंदगी भर का सोचना हो गया। अब लगता है कि ये कैसे हो गया हमसे। लेकिन अब इसका प्रायश्चित करना है। अब दामाद नहीं बेटे की तरह इनकी सेवा करूंगा। हम दोनों मिलकर इनका पूरा ख्याल रख रहे हैं। और हमेशा रखेंगे।₹ ये कहना है कानपुर के शिवाले में रहने वाले बुजुर्ग इंद्रा के दामाद आकाश सिंह का..

बुजुर्ग इंद्रा बनारस से वापस अपने दामाद और बेटी के साथ कानपुर आ गई है। अब उनकी देखरेख उनके दामाद और बेटी कर रहे हैं। कानपुर वापस आए हुए उन्हें 24 घंटे से ज्यादा हो गया है। दैनिक भास्कर की टीम शहर के शिवाला स्थित बुजुर्ग इंद्रा के घर पहुंची।

बुजुर्ग दामाद और बेटी को अपनी गलती का पछतावा भी है। अब वह इसका प्रायश्चित भी कर करना चाहते हैं। आसपास के मोहल्ले वालों ने भी बताया कि जब से आकाश और रंजीत अपनी बुजुर्ग मां इंदिरा को लेकर आए हैं। तब से उनकी सेवा में लगे हुए हैं। मोहल्ले वाले भी कई बार बुजुर्ग महिला के घर जाकर हाल-चाल ले रहे हैं।

गुरुवार की देर रात बुजुर्ग महिला को लेकर दामाद आकाश कानपुर वापस आए। शुक्रवार की शाम घर पर आकाश और बेटी रंजीत बुजुर्ग इंदिरा की सेवा में लगे हुए दिखाई दिए। कभी बेटी रंजीत रोकर अपनी मां के पैरों को सहला रहीं थी।

# कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति के संचालक मंडल की बैठक में विविध संगठनों के संघर्ष के साथ 20 मई को विविध ट्रेड यूनियनों, राज्य एवं केंद्र सरकार के स्वतंत्र फेडरेशनों की प्रस्तावित हड़ताल को दिया समर्थन

» डी के सिंह





कानपुर। आज केंद्र, राज्य एवं अन्य वर्गों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा में संघर्षरत कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति के संचालक मंडल की नियमित आवश्यक बैठक बैंक ऑफ बड़ौदा, सिविल लाइंस शाखा स्थित अक्ष्डइएउउ के यूनियन कार्यालय, कानपुर में *समिति के अध्यक्ष एवं बैंक के वरिष्ठ नेता का0 रजनीश गुप्ता जी की अध्यक्षता* में आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम गत 9 मार्च को सम्पन्न हुई बैठक कार्यवाही को स्वीकृति प्रदान की गई।

इसके बाद आगामी 20 मई, 2025 को अखिल भारतीय स्तर पर विविध ट्रेड यूनियनों, राज्य एवं केंद्र सरकार के स्वतंत्र फेडरेशनों की एक दिवसीय प्रस्तावित हड़ताल का भी नैतिक समर्थन देने का प्रस्ताव पारित किया गया।

इसी के साथ महाअध्यक्ष-इंडियन साइंस कांग्रेस एसो0,कोलकाता एवं आजीवन वरिष्ठ सदस्य डा ए0 के0 सक्सेना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्तमान में सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक हितों पर हो रहे कुठाराघात पर अवगत कराया कि भारत सरकार के एक मंत्रालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग के नियम विरुद्ध हस्तक्षेप के विरुद्ध कलकत्ता हाईकोर्ट का जो निर्णय इंडियन साइंस कांग्रेस एसो0 के पक्ष में दिया गया उसकी भी भूरि भूरि सराहना की गई और सभी लोगो से सरकार के गलत निर्णयों का एकजुटता के साथ विरोध करने का आवाहन किया गया।

इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग की घोषणा के बाद अभी तक उसका गठन नहीं किया गया है, उसका तुरंत गठन किया जाए जिसमें सुनिश्चित किया जाए कि उसकी सिफारिशों को सभी पेंशनरों के लिये भी पूर्व की भाँति शामिल करने के साथ उसे 01 जनवरी, 2026 से लागू किया जाए। इस संबंध में सरकार को एक ज्ञापन शीघ्र दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त संयुक्त संघर्ष/ आंदोलन हेतु अनेक वरिष्ठ नेताओं को विविध कमेटी/प्रकोष्ठों में नामित करने, समिति के बाईलाज में आवश्यक संशोधनों को आमसभा में अनुमोदन/पारित करने तथा अनेक संघो के प्रतिनिधियों को जोड़कर रिक्त स्थानों पर सम्मान सहित शामिल करने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

अंत में अन्य विषय के अंतर्गत यह भी निर्णय लिया गया कि अधिकारियों एवं कर्मचरियों के अनेक संघो द्वारा प्रमुख माँगों पर हो रहे आगामी संघर्ष एवं आंदोलन में पूरा सहयोग देने के अलावा निम्न प्रमुख मुद्दों पर शीध्र रणनीति बनाकर संघर्ष जारी रखा जाएगा-

1. नई पेंशन योजना अर्थात एनपीएस या अप्रैल से लागू होने वाले यूपीएस (एकीकृत पेंशन योजना) को खारिज कर पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जाए।

2- सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों के निजीकरण पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा सभी रिक्त पदों पर तत्काल स्थाई नियुक्ति की जाय तथा आउट सोर्सिंग के माध्यम से नियोजित संविदा तथा स्कीम वर्कर्स को श्रम कानूनों के तहत पूर्ण वेतन पर नियमित और स्थाई नियुक्ति दी जाए।

3- मृतक आश्रति के रिक्त पदों के लिये सीलिंग हटाकर शतप्रतिशत भर्ती सुनिश्चित की जाए।

# जन-कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा संकल्प: विधायक रामवीर

## आयुष्मान कार्ड व वृद्धावस्था पेंशन निःशुल्क शिविर आयोजित





नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन

**मुरादाबाद।** ब्लॉक परिसर कुंदरकी एवं महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना में सत्तर वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड और साठ वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन बनाए जाने हेतु संबंधित विभागों द्वारा कैंपों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित होकर बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। विधायक ठाकुर रामबीर सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से अब सत्तर वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक वृद्धजन को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है। विगत छह वर्षों से आयुष्मान भारत के अंतर्गत अनेक योजनाओं के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ बहुत बड़ी आबादी को मिल रहा है। सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक यह योजना पहुँचे और कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान न हो। आज कैंप में हुए वृद्धावस्था पेंशन के आवेदनों को विभाग द्वारा जांच कर शीघ्र स्वीकृत कर दिया जाएगा, उसके बाद वृद्ध जनों के खाते में वृद्धावस्था पेंशन आना प्रारंभ हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास के संकल्प को साकार करते हुए हम जनकल्याण की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने हेतु संकल्पबद्ध हैं। कुंदरकी विधायक ने ब्लॉक परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना के मॉडल हाउस के निर्माण का भूमि पूजन कर शुभारंभ भी किया। कुंदरकी ब्लॉक कैंप में 331 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड एवं 200 वृद्धजनों के वृद्धावस्था पेंशन आवेदन किए गए। महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना कैंप में 180 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड एवं 150 वृद्धजनों के वृद्धावस्था पेंशन आवेदन किए गए। इस अवसर पर एसडीएम विनय कुमार सिंह, चेयरमैन कुंदरकी मेंहदी हसन, ब्लॉक प्रमुख कुंदरकी गुलाम जिलानी, ब्लॉक प्रमुख मुंडापांडेय डॉ नवदीप यादव, डॉ अशरफ, डॉ सौरभ भरतिया, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू सिंह, महेंद्र सैनी, नीरज चंद्रा, रामकिशोर लोधी, रोहित ठाकुर, जयसिंह, खेमपाल सिंह, नसीम खान, दिलशाद, रविन्द्र सिंह, संजय दिवाकर, बृजेश लोधी सहित अनेक क्षेत्रवासी एवं स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में समस्याओं का निस्तारण कर दिए आवश्यक निर्देश



नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी

**पुलिस** अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शनिवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। कुंवर आकाश सिंह द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस क्षेत्राधिकारी ने किया भगतपुर थाने का निरीक्षण



**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निदेर्शानुसार पर क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रुद्र कुमार के द्वारा थाना भगतपुर पर निरीक्षक,उ0नि0गण का ओआर लिया गया। जिसमें लंबित प्रार्थनापत्रों, कम्प्लेन्ट, विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, यातायात,कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत, संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश तथा समय रहते समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए।

### बाइक सवार की टक्कर से घोड़ी की मौत

**भोजपुर।** शुक्रवार की रात को खेत से घोड़ी बुग्गी में बैठकर घर को आ रहे गांव गणेशपुर देवी निवासी जुल्फेकार पुत्र अमीर हुसैन की बुग्गी में गांव देवीपुरा निवासी ग्रामीण ने टक्कर मार दी। हादसे में घोड़ी की मौत हो गई। पुलिस ने घोड़ी मालिक की तहरीर पर सुभाष और उसके बेटे शिवम के खिलाफ लापरवाही से ड्राइविंग कर टक्कर मारने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

### चार के खिलाफ मारपीट का केस

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव देवीपुरा निवासी आसिया पत्नी इकराम की तहरीर पर गांव के रईस, वाजिद, इदरीश और आकिल के खिलाफ पति को मारपीट कर घायल कर देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाद की वजह आरोपीयों द्वारा घायल से लाटरी के रुपए मांगना बताया जा रहा है।

### भू माफियाओं के खिलाफ राजस्व विभाग का बड़ा एक्शन, जिला अधिकारी के आदेश पर कब्जा मुक्त कराई जमीन



नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी

**भोजपुर।** भू-माफियाओं के खिलाफ राजस्व विभाग का बड़ा एक्शन जिला अधिकारी के आदेश पर कब्जा मुक्त कराकर जमीन को नगर पंचायत कि सुपुर्दगी सौपी। शनिवार को जेसीबी मशीन की सहायता से नगर पंचायत, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने पीपलसाना रेलवे स्टेशन के निकट स्थित गाटा संख्या 601 को कब्जा मुक्त कराने के बाद नगर पंचायत की सुपुर्दगी में दे दिया। कस्बे के राहत जान पुत्र भूरे ने पीपलसाना रेलवे स्टेशन और आसरा कालोनी के निकट ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत, मंडलायुक्त ,मुख्यमंत्री पोर्टल, तहसील दिवस में करते हुए जमीन को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई थी। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने उच्चाधिकारियों को करीब कई शिकायती पत्र भेजे थे। शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर हल्का लेखपाल हरिराज सिंह, कानूनगो युनूस अली, कस्बा चौकी प्रभारी ब्रजपाल सिंह एवं नगर पंचायत की टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्राम समाज की पैमाइश कर जमीन पर कब्जा जमाऐ बैठे पुराने प्लास्टिक के कबाड़ी अहमद अली पुत्र सईद अहमद के कब्जे को जेसीबी मशीन से हटवाकर नगर पंचायत की सुपुर्दगी में दे दिया। इस दौरान आसरा कालोनी को आने जाने का रास्ता पूर्ण रूप से बंद हो गया।

# बैंकों की सुरक्षा को लेकर चलाया चेकिंग अभियान

## संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों किया चेक



नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी

**मुरादाबाद।** शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान चलाकर बैंक,एटीएम तथा बैंकों के आस-पास संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग की गयी तथा बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक किया गया। साथ ही शाखा प्रबंधक एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

# चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा दी जानकारी, दिलाई शपथ

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



**मुरादाबाद।** मिशन रोड सेफ्टी के अंतर्गत चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में बच्चों को रोड पर चलने के नियमों के बारे में जागरूक कर मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। मिशन रोड सेफ्टी के अंतर्गत टीएसआई मुहम्मद फिरोज, कांस्टेबल रजत कुमार होमगार्ड प्रेमचंद आदि मौजूद रहे।

चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में जाकर प्रधानाचार्य वीर सिंह ,उप प्रधानाचार्य राकेश वर्मा ,एनसीसी मेजर शिव कुमार की अगुवाई में स्कूल के छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा चलाए जा रहे। मिशन रोड सेफ्टी के अंतर्गत बच्चों को रोड पर चलने के नियमों के बारे में जागरूक किया गया।

नाबालिक छात्रों को बाइक ना चलने को जागरूक किया क्योंकि नाबालिग बच्चें बाइक या स्कूटी से रोड पर तीन सवारी बैठा कर के फरार्टा मारते हुए रोड पर दौड़ते नजर आते हैं तो ऐसी स्थिति में दुर्घटना होने व कानून के नियमों का उल्लंघन होता है इसलिए सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए।

# गेहूं की निकासी के दौरान मशीन में अंध जाने से मशीन का टापा फटा, दो घायल

नेशनल एक्सप्रेस आसिफ वारसी



**मैनाठेर।** थाना क्षेत्र के गांव इमरतपुर उधो में गेहूं के निकासी के दौरान गेंहू मशीन अंध जाने से मशीन का टापा फट गया। हादसा में दो किसानों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों का कहना हैं कि मशीन संचालक ग्रीस कि लापरवाही कि बजह से इतना बड़ा हादशा हुआ हैं? मशीन में पहले से ही कोई कमी थी। जिसकी बजह से मशीन का टापा फट गया। हादसे के मशीन में मुट्ठा लगा रहे किसान छोटे का मशीन कि खुरपिया लगने से पेट फट गया। हादसे की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जगंल में मौके पर लोगो की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिये मुरादाबाद भेज दिया। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिसमे छोटे कि हालत ज्यादा नाजुक बताई जा रही हैं। छोटे पुत्र महेंदी ने और अन्य कई लोगों ने गांव के सरकारी पट्टे की जमीन पर साझे में गेहूं की फसल लगाई थी। शनिवार को छोटे पुत्र टोन्डी और मेहदी हसन ने गेहूं की निकासी के लिए गांव की ग्रीषचन्द की कटर मशीन निकासी के लिये बुलाई थी। दोहपर के समय निकासी का काम चल रहा था। देर रात बारिश होने से गेंहू की लाक गीला हो गया था।

निकासी के दौरान छोटे की मशीन में मुट्ठा लगाने का काम कर रहा था। मगर मशीन साफ करने के बाद गेंहू भरने का काम करने लगा इस दौरान गेंहू का लाक गीला होने के कारण मशीन पूरी तरह अंध गई। मशीन पर अधिक लोड होने के कारण मशीन का टापा फट कर मशीन के हिस्सों के परखच्चे उड़ गए। हादसे के दौरान के मशीन में मुट्ठा लगा रहे छोटे और गेहूं बचाने का काम कर रहे मेहदी भी हादसे की चपेट में आ गए। हादसा इतना भयंकर था कि मशीन के हिस्से खेत मे अलग - अलग बिखर गए। मशीन के टुकड़े छोटे के पेट मे घुस गए हादसे में छोटे का पेट फट जाने से उसकी आंते बाहर निकल गई है। मेहंदी की टांग मे फैक्चर हो गई है । हादसा देख आसपास के लोग जमा हो गए। वही सूचना पर गांव की भीड़ भी मौके पर पहुँच गई। सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुँच गई।पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए मुरादाबाद भेज दिया। बताया जा रहा है कि छोटे की हालत नाजुक बनी हुई है।

# मैं सुरक्षित भारत के लिए प्रतिज्ञा करता हूं यातायात नियमों का पालन करूंगा, पुलिस ने स्थापित किए सेल्फी प्वाइंट



नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी

**मुरादाबाद।** शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में यातायात पुलिस द्वारा स्कूल में जाकर छात्र-छात्राओ को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया व सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक कर सुरक्षित यातायात के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करें। दो पहिया वाहन चलाते समय खुद व पीछे बैठे व्यक्ति हेलमेट अवश्य पहने वाहन चलाते समय ध्यान भटकाने वाले उपकरणों से दूर रहें। मैं सुरक्षित भारत के लिए प्रतिज्ञा करता हुं, यातायात नियमों का पालन करूंगा। थाना कोतवाली नगर पुलिस, थाना गलशहीद पुलिस, थाना सिविल लाइन्स पुलिस तथा थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना परिसर में सेल्फी प्वाइंट बनाकर स्थानीय लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया व सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक किया गया।

# गौशाला में पशुओं के लिए सुरक्षित व स्वस्थ वातावरण प्रदान करना आवश्यक : अविनाश चौहान



नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन

**मुरादाबाद।** ब्लॉक मूंढापांडे की ग्राम पंचायत रनियाठेर में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित गौशाला में लगभग तीन सो गौवंशीय पशुओं को गौ आश्रय स्थल मिला हुआ है। पहले ये सभी पशु सड़कों व खेतों पर बेसहारा घूमते थे। इनके पेट भरने का भी कोई साधन तथा इंतजाम नहीं था। खेतों से भगाए जाने पर सड़कों पर आ जाते थे।

सड़कों पर पड़ा कुछ भी खा लिया। अक्सर कूड़े के ढेर में चारा तलाशते रहते लेकिन गौशाला में पहुंच जाने के बाद इन पशुओं को भूसा के साथ ही चोकर, हरा चारा और गुड़ खाने को मिलता है। साथ ही हर हफ्ते पशु चिकित्सक गौशाला का दौरा करके इन पशुओं का नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और उचित साफ-सफाई सफाई स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं।

ग्राम पंचायत रनियाठेर प्रधानपति अविनाश चौहान ने बताया कि इस गौशाला में तीन सौ के करीब गौवंशीय पशु है। जिसमें गायों के साथ ही बछड़े और बछिया भी शामिल हैं। इन पशुओं के लिए हरे चारे से लेकर पानी, गुड, चोकर की व्यवस्था सरकार और ब्लॉक व ग्राम पंचायतों की ओर से की जाती है। समय-समय पर पशु चिकित्सक वहां पहुंचकर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी करते हैं। अगर कोई गाय बीमार हो जाती है। तत्काल उसका उपचार किया जाता है। बारिश तथा तेज धूप से बचाव के लिए टीनशैड तथा रात में रोशनी के लिए बिजली की व्यवस्था है। गौशाला के रख-रखाव की जिम्मेदारी केयरटेकर को सौंपी गई है।

ब्लॉक अधिकारी तथा जिले के अधिकारी भी समय समय पर व्यवस्थाओं की जांच करने के लिए पहुंचते हैं। किसी व्यवस्था में कोई कमी नजर आती है। तो उसे तुरंत सुचारू किया जाता है। छोटे-छोटे बछड़ा बछिया गाय का दूध पीकर एकदम स्वस्थ नजर आ रहे हैं।

# तेज आंधी के कारण बिजली हुई बाधित 36 घंटे के बाद भी सुचारू नहीं हो पाई

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



**भोजपुर।** देर रात आई आंधी-तूफान व बारिश के कारण ठाकुरद्वारा से लेकर बिजली उपकेंद्र पीपलसाना तक खंभे टूट गए। जिसके कारण ट्रांसफार्मर और तार नीचे गिर गए।

बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों ने क्षेत्र की बिजली सुचारू करने के लिए कर्मचारियों को ले जाकर कार्य किया। लाइन रोड का कार्य चलते हुए बार-बार 33ङश्अ की लाइन ट्रिप व ब्रेकडाउन होती रहती है। जिसके कारण विद्युत उपभोक्ताओं को समस्या झेलना पड़ती है। मजलिस के नगर अध्यक्ष शराफत अली ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 33ङश्अ की लाइन को डिलारी से जोड़ा जाये। जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत पूर्ति मिल सके। नगर में जगह-जगह रखे ट्रांसफार्मरों की वेरिकटिंग कर उनको सुरक्षित स्थानों पर रखा जाये।

# तेज बारिश के बावजूद सीएम योगी ने जारी रखा जनसेवा का अनुष्ठान

## जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री ने, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश, किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी सरकार : मुख्यमंत्री

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





**गोरखपुर।** शनिवार सुबह तेज बारिश के कारण एक बार यह लगा था कि शायद इतने प्रतिकूल मौसम में जनता दर्शन कार्यक्रम न हो पाए। पर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार ने ऐसी आशंका को निर्मूल सिद्ध कर दिया। तेज बारिश के बावजूद सीएम योगी ने जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। जनता दर्शन का आयोजन सुनिश्चित कराने के साथ ही उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और इन समस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर प्रवास पर होने के चलते शनिवार सुबह कई लोग जनता दर्शन में शामिल होने पहुंचे थे। पर, तेज बारिश के कारण उन्हें यह आशंका थी कि शायद उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से न हो पाए। पर, मुख्यमंत्री ने प्रतिकूल मौसम को देखते हुए लोगों के बैठने की व्यवस्था महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कराई। इस दौरान उन्होंने 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सभी को आश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सीएम ने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे अधिकारियों की इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने आत्मीयता से सभी लोगों को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

### पुलिस और राजस्व के मामले शीघ्र करें निस्तारित

उन्होंने पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में कार्रवाई करने में अनावश्यक विलंब न होने की हिदायत दी तो जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दबंग और भू माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़े कुछ मामलों पर मुख्यमंत्री ने कहा प्राथमिकी दर्ज करने और उसके बाद विधिक कार्यवाही में कोताही नहीं होनी चाहिए। घरेलू विवाद के मामले में उन्होंने परस्पर संवाद से समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

हर बार की भांति इस बार भी जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा।

### समस्या निस्तारण कराओ, चाय भी पिलाओ

जनता दर्शन में समस्या लेकर आई आंशिक रूप से शारीरिक अक्षमता की शिकार कर महिला और उसके साथ बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इनकी समस्या का निस्तारण कराओ और इन्हें चाय भी पिलाओ। इस दौरान कुछ अन्य लोगों के साथ आए उनके बच्चों को सीएम योगी ने प्यार, दुलारकर आशीर्वाद दिया। उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।

### तेज बारिश में भी मंदिर परिसर का भ्रमण किया सीएम ने

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह तेज बारिश का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। खराब मौसम में भी वह गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकले।

# महिला कल्याण की योजनाओं से नारी शक्ति को नई दिशा दे रही योगी सरकार

■ विधवा से विवाह करने वालों को आर्थिक सहायता सहायता देगी योगी सरकार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में महिलाओं के उत्थान और उनके सशक्तीकरण के लिए योगी सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं को तेजी के साथ आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने अपने खजाने भी खोल दिए हैं, जिससे योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार से वित्तीय रुकावट बाधा न बनें। योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दहेज पीड़ित महिलाओं, विधवाओं, और जरूरतमंद परिवारों की पुत्रियों को आर्थिक मदद देने के लिए 112 लाख रुपये की धनराशि का प्रावधान किया है। योगी सरकार ने इन योजनाओं के माध्यम से तुरंत मदद के लिए प्रथम किस्त के रूप में 56 लाख रुपये की धनराशि विभिन्न मदों में स्वीकृत की है। यह राशि चार अलग-अलग योजनाओं के तहत दी जाएगी, जो महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई है। दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं के लिए सरकार ने विशेष मदद का प्रावधान किया है। पीड़ित महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा देने के उद्देश्य से योगी सरकार इस साल करीब 9 लाख रुपये की राशि उन महिलाओं को देगी जो दहेज के कारण परेशानियों का सामना कर रही हैं। इसके अलावा, दहेज पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता देने के लिए 8 लाख रुपये खर्च करेगी। इसके लिए प्रथम किस्त के रूप में योगी सरकार ने 9.50 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं।

### विधवाओं के बेटियों के विवाह में मदद करेगी योगी सरकार

विधवाओं की पुत्रियों के विवाह के लिए भी बड़ी मदद की घोषणा की है। इस योजना के तहत 70 लाख रुपये की राशि दी जाएगी, ताकि जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी में आर्थिक दिक्कतें न आएं। यह कदम गरीब परिवारों को राहत देने और बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में है।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ : सपा प्रमुख को जान से मारने की धमकी देने वाले करणी सेना नेता मोहन चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जान से मारने की धमकी देने के मामले में करणी सेना के नेता मोहन चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया है। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब मोहन चौहान पर आपराधिक मामला दर्ज हुआ हो। बीते हफ्ते भी उनके खिलाफ एक अन्य केस दर्ज किया गया था, जिसमें उन्होंने सपा सांसद रामजीलाल सुमन को गोली मारने वाले व्यक्ति को इनाम देने की घोषणा की थी। इन दोनों गंभीर मामलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोहन चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है, वहीं समाजवादी पार्टी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### रास्ते पर दबंगों का कब्जा, शिकायत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**गोण्डा।** जिले के वजीरगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत चंदापुर में गाँव कुछ दबंगों ने एक व्यक्ति के सहन दरवाजे के सामने रास्ते पर खर-पतवार, घूर नादा आदि रखकर उस पर अवैध कब्जा कर लिया। पीड़ित व्यक्ति ने इसकी शिकायत पुलिस व एसडीएम से की है। अपने शिकायती पत्र में चंदापुर पोखई पुरवा निवासी रामनरेश पुत्र छेदीलाल ने बताया कि, गाँव के दबंग रामजग भ शिव प्रसाद पुत्र रामजग आदि ने, सरकारी भूमि पर जो वृक्षारोपण के लिये आरक्षित है तथा उसपर उसके घर से निकलने का रास्ता है। उस पर घूर, नादा आदि लगाकर कब्जा कर उसका रास्ता बंद कर रहे हैं।

इस संबंध में पीड़ित ने बताया कि, अवैध कब्जे के विरोध पर विपक्षी उसे गाली-गलौज के साथ जान से मार देने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित रामनरेश के कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक उसका रास्ता नहीं खुला। जिससे उसको आने-जाने में समस्या हो रही है।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल करेंगे तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का शुभारंभ

■ ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु 21 अप्रैल से लखनऊ में होगा आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन 21 से 23 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा है। यह कार्यशाला लखनऊ स्थित होटल सेंटरम, अंसल, सुशांत गोल्फ सिटी में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगी।

इस कार्यशाला का उद्घाटन प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल द्वारा 21 अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम करेंगे। मिशन निदेशक अभिषेक सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेशभर में कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही संस्थाओं के प्रमुखों, मंडल स्तर के संयुक्त निदेशकों, जनपदीय समन्वयकों, जिला कार्यक्रम प्रबंधकों एवं एम.आई.एस. प्रबंधकों को नवीनतम प्रशिक्षण अवधारणाओं से अवगत कराना तथा उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि करना है।

कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने, संचालन में आ रही चुनौतियों के समाधान तथा सरकार द्वारा शुरू किए गए नवीन नवाचारों की जानकारी साझा की जाएगी। यह पहल ग्रामीण युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें न केवल रोजगार योग्य बनाएगी, बल्कि स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराकर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में योगदान देगी।

इस कार्यशाला में कौशल, रोजगार, उद्योग और शिक्षा से जुड़े विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सहभागिता करेंगे।

# वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन प्रारंभ, मृतक और अपात्र हटेंगे, नए पात्र पेंशन पाएंगे

■ मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को सत्यापन अभियान में तेजी लाने के निर्देश, 25 मई तक पूरा होगा कार्य

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे 61 लाख लाभार्थियों का सत्यापन प्रारंभ कर दिया है। नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना का लाभ केवल वास्तविक और पात्र व्यक्तियों को मिले, इसके लिए मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को सत्यापन का कार्य 25 मई तक पूरा कराने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### नए लाभार्थियों को मौका

सत्यापन के दौरान जो पेंशनर्स मृतक या अपात्र पाए जाएंगे, उन्हें सूची से हटाकर नए पात्र वृद्धजनों को पेंशन दी जाएगी। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार बुजुर्गों की सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध है। पेंशन राशि पात्र वृद्धजनों को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजी जाएगी।

### पात्रता का निर्धारण स्पष्ट

60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे वृद्धजन, जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्रों में ₹46,080 और शहरी क्षेत्रों में ₹56,460 से कम है, योजना के पात्र हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सत्यापन बीडीओ और शहरी क्षेत्रों में एसडीएम अथवा ईओ के माध्यम से किया जा रहा है।

### गलत सत्यापन पर सख्ती

सत्यापन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु 10% क्रॉस वेरिफिकेशन की जिम्मेदारी मंडलीय उप निदेशकों और समाज कल्याण अधिकारियों को दी गई है। यदि किसी जीवित पेंशनर्स को मृतक दिखाया गया, तो जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर जिलाधिकारी के माध्यम से दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित परिवारों के 60+ वृद्धों को पेंशन योजना से जोड़ने की कार्यवाही जारी है। पात्र पाए जाने पर उन्हें जून माह से प्रथम किश्त का भुगतान शुरू किया जाएगा, जिससे उनका जीवन यापन थोड़ा सहज हो सके।

### तकनीक से जुड़ी पारदर्शिता

पेंशन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु आधार प्रमाणीकरण, मोबाइल नंबर और बैंक खातों की लिंकिंग अनिवार्य की गई है। एकीकृत पोर्टल की मदद से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति एक से अधिक पेंशन का लाभ न उठा सके।

# उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 14 करोड़ रुपए से करेगा अमेठी में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार

## मलिक मोहम्मद जायसी स्मारक बनेगा प्रमुख आकर्षण, सूफी स्थलों का होगा सौंदर्यीकरण: जयवीर सिंह

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में अमेठी जिले में 14 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से पर्यटन सुविधाओं के समग्र विकास की योजना तैयार की गई है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। मंत्री ने बताया कि अमेठी अपनी सूफी परंपरा, संत परंपरा और ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता है। यहां के अनेक स्थल सूफी संतों, महान कवियों और आध्यात्मिक विचार-धाराओं से जुड़े हुए हैं। इसी विरासत को संरक्षित और विकसित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 में पर्यटन विभाग द्वारा कई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है।

### जायसी स्मारक बनेगा केंद्र बिंदु

पर्यटन मंत्री ने बताया कि अमेठी जिले में सूफी संत, महान कवि और 'पद्मावत' के रचयिता मलिक मोहम्मद जायसी की स्मृति में एक भव्य स्मारक का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना हेतु 10 करोड़ 86 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह स्मारक जायसी की साहित्यिक विरासत को संजोने के साथ-साथ अमेठी को एक प्रमुख सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

### संत स्थलों का विकास

अमेठी को संतों की भूमि के रूप में प्रतिष्ठित करते हुए सतगुरु कबीर साहेब के बैठका का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार कार्य 99.10 लाख रुपए की लागत से कराया जाएगा। वहीं, बाबा दूलभ दास स्थल (ग्राम धर्म, विकासखंड तिलोई) का पर्यटन विकास 94.03 लाख रुपए में किया जाएगा।

### धार्मिक स्थलों को मिलेगा नया स्वरूप

पर्यटन मंत्री ने बताया कि हिंगलाज भवानी मंदिर (ग्राम पंचायत दादरा, मुसाफिरखाना) का विकास 62 लाख रुपए, और पौराणिक मुकुट नाथ मंदिर (ग्राम ताला) का पर्यटन विकास 59.16 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा।

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इन योजनाओं से न केवल अमेठी जिले में पर्यटन को नई दिशा मिलेगी, बल्कि स्थानीय रोजगार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश आज घरेलू पर्यटन में देश में प्रथम स्थान पर है। हमारा लक्ष्य है कि इसे अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर भी प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित किया जाए।

# परसपुर भूमि प्रकरण: जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गठित की उच्चस्तरीय जांच समिति

## भूमि खरीद में फजीवाड़े की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई, 22 अप्रैल तक रिपोर्ट तलब




**गोंडा।** नगर पंचायत परसपुर अंतर्गत गाटा संख्या 559 एवं 743 से जुड़े एक गंभीर भूमि विवाद के मामले में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए शनिवार को चार सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच समिति के गठन का आदेश जारी किया है। यह समिति मामले की गहराई से जांच कर 22 अप्रैल 2025 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। समिति की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी, गोंडा करेंगे, जबकि उप जिलाधिकारी करनैलगंज, सहायक महानिरीक्षक निबंधन गोंडा एवं बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी इसके सदस्य होंगे।

### गंभीर आरोपों की जांच होगी

शिकायती पत्र अनिल कुमार पुत्र मोतीलाल, मुस्तफा और इब्राहीम पुत्रगण वाजिद अली द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि विपक्षी पक्ष द्वारा फर्जी इकरारनामा तैयार कर विवादित गाटों का अवैध रूप से विक्रय किया गया है। साथ ही, शिकायत में यह भी कहा गया है कि विद्यालय, कब्रिस्तान, पुरानी आबादी और अन्य व्यक्तियों की स्वामित्वाधीन भूमि पर अनधिकृत कब्जा कर फर्जी तरीके से क्रय-विक्रय किया जा रहा है।
शिकायत में बाहरी जनपदों के व्यक्तियों की संलिप्तता का भी उल्लेख किया गया है, जिससे मामला और भी अधिक गंभीर हो गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि परसपुर क्षेत्र में पिछले कुछ समय से भूमि से संबंधित फजीवाड़े की घटनाएं सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भी संज्ञान में आई थीं। इन सबको ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल जांच समिति गठित कर दी है।

### जिलाधिकारी ने जताई सख्ती

जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कूटरचना या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अज्जू पंडित के मुद्दों को दें सहयोग, तभी बढ़ेगा जिले में आप का ग्राफ

## टाउनहाल में आयोजित समीक्षा बैठक में बोले इमरान लतीफ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**गोण्डा।** आम आदमी पार्टी की समीक्षा बैठक शहर के टाउन हॉल में सम्पन्न हुई। जिसमें बौद्ध प्रांत के अध्यक्ष इं० इमरान लतीफ शामिल हुये। समीक्षा बैठक में पार्टी को जनपद में कैसे आगे बढ़ाया जाए इस पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुये प्रांतीय अध्यक्ष ने आप पार्टी के गोण्डा सदर विधानसभा प्रभारी अजय कुमार मिश्र उर्फ अज्जू पंडित के उठाए गए आमजन मानस के हितों के मुद्दों पर कार्यकताओं और पदाधिकारियों से सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि, इससे जिले में आप की विश्वसनीयता बढ़ेगी और पार्टी का जिले में ग्राफ बढ़ेगा। बौद्ध प्रांत महासचिव रजत चौरसिया ने कहा कि, मौजूदा सरकार तानाशाही पर अमादा है तब भी हम लोग किसी से डरने वाले नहीं हैं।

बैठक में करनैलगंज विधानसभा के अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि, हमारी पार्टी तभी आम जनमानस के हृदय में राज कर पाएगी जब हम जनता के बीच जाएंगे और उनके दुःख- दर्द में सहायक होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान जनपद के पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष स्व० रवि प्रकाश पाण्डेय पुत्र आर्यन पाण्डेय ने पार्टी की सदस्यता ली। इसी के साथ विधानसभा के प्रभारी/ अधिवक्ता प्रवीण मिश्र , पं० सुनील पाण्डेय , रजनीश पटेल, आर्यन पाठक, विवेक शुक्ल आदि अपनी विधानसभा की टीम के साथ उपस्थित रहे। कटरा विधानसभा के प्रभारी विवेक द्विवेदी व उपाध्यक्ष दीपक केजरीवाल पाण्डेय , इं० शुभम शुक्ल भी अपनी टीमो के साथ उपस्थित रहे इसी के साथ करनैलगंज से योगेश प्रताप सिंह 'राजू' , करनैलगंज विधानसभा प्रभारी मोईन अहमद , सह-प्रभारी लल्लू लाल मिश्र , विपिन तिवारी ,शिवम् मिश्र चांद बाबू , अध्यापक अभिषेक प्रताप सिंह जी, पियूष सिंह , बाबा भगवत शरण गोस्वामी, देवतादीन , उपाध्यक्ष राहुल कनौजिया , कार्यक्रम में चर्चित व्यक्तित्व के धनी मनीष कुमार शुक्ल मौजूद रहे।

# लोक अदालत को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश

## 10 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**गोंडा।** राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक पात्र लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस संबंध में निर्देश राष्ट्रीय लोक अदालत की नोडल अधिकारी एवं अपर जिला जज नम्रता अग्रवाल तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज दानिश हसनैन ने सिविल कोर्ट स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित विभागीय बैठक में दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ज्यादा से ज्यादा लंबित मामलों की पहचान की जाए और उन्हें लोक अदालत में निस्तारित कराने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। अधिकारियों को निर्देश मिला कि लोगों को लोक अदालत की प्रक्रिया व लाभ के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार अभियान भी चलाया जाए। बैठक में एडीएम आलोक कुमार, एएसपी राधेश्याम राय, सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा, एसडीएम सदर अशोक कुमार गुप्ता, बीएसए अतुल कुमार तिवारी और डीपीआरओ लालजी दुबे समेत सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि वर्ष 2025 की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 10 मई को किया जाएगा, जिसके माध्यम से वादकारियों को त्वरित और सहज न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 74 शिकायत में से 09 का मौके पर निस्तारण

## सभी अधिकारी जन समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न बरतें, अन्यथा की जाएगी कठोर कार्यवाही: जिलाधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील जसराना में किया गया, जिलाधिकारी ने जनसुनवाई करते हुए सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया, कि जो भी जन समस्याएं आपके विभाग से संबंधित आती हैं, उनके निस्तारण में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न बरते, शिकायतकर्ता को एक ही शिकायत के निवारण हेतु बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े, सभी सम्बंधित अधिकारी इस बात को सुनिश्चित कर लें, अगर इसमें कोई भी अधिकारी लापरवाही प्रदर्शित करेगा, तो उसको कठोरतम दंड दिया जाएगा, जिलाधिकारी ने कुछ मामलों के निस्तारण हेतु मौके पर राजस्व पुलिस की टीम बनाकर भेजा, ताकि उनका निस्तारण शीघ्र हो सके।

इस दौरान सुबोध कुमार निवासी कमालपुर द्वारा दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत प्राप्त हुई, जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी और उप जिलाधिकारी की संयुक्त टीम बनाकर जांच करने के आदेश दिए, इसी तरह नेकराम नामक व्यक्ति ने फर्जी कृषि आवंटन की जांच करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया, जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि इस मामले की तुरंत जांच कर जांच आख्या उपलब्ध कराऐं, इसी तरह अर्चना देवी द्वारा उचित विक्रेता द्वारा राशन न दिए जाने की शिकायत की, इस पर जिलाधिकारी ने आपूर्ति निरीक्षक को प्रकरण की जांच कर तत्काल निस्तारण करने के आदेश दिए, इसी तरह आए संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारित करने के आदेश दिए, इस दौरान कुल 74 शिकायत प्राप्त हुई, जिनका मौके पर 09 शिकायतों का निस्तारण कराया गया, बाकी बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया, कि ससमय गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराऐं, सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राम बदन राम, उप जिलाधिकारी जसराना पुष्पेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे ।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार कब्जे से ई-रिक्शा बरामद



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने चैकिंग के दौरान वाँछित दो शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा। चोरों के कब्जे से ओम कॉलोनी से चोरी किया हुआ ई-रिक्शा बरामद हुआ है।

वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना उत्तर पुलिस ने थाना पर पंजीकृत अभियोग में वांछित मनोज उर्फ थुईया पुत्र राम महेश और टिन्ना उर्फ श्याम पुत्र पृथ्वीराज को गोमती नगर में निमार्णाधीन प्लाट के पास सड़क पर थाना उत्तर फिरोजाबाद गिरफ्तार किया गया है। चोरों पर विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह ई-रिक्शा हमने ओम कॉलानी से चोरी किया था। हम ऐसे ही सुनसान जगह पर खड़े बाहन देखते है और चोरी कर सस्ते दामों में बेच देते हैं।

# लूट और चोरी के मामले में वांछित इनामी बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद। थाना टूण्डला पुलिस और एसओजी सर्विलांस ने लूट और चोरी के आरोपों में वाँछित 20 हजार रुपए का इनामिया सिन्टू उर्फ सिन्टौला को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान सिन्टू उर्फ सिन्टौला के पैर में गोली लगने से घायल हुए बदमाश को इलाज हेतु अस्पताल भेजा। आरोपी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 02 खोखा कारतूस व चोरी की 01 प्लैटिना मोटर साइकिल बरामद हुई है। आरोपी लगभग एक वर्ष से फरार था।

थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना टूण्डला से चोरी के आरोपों में वांछित चल रहा सिन्टू उर्फ सिन्टौला थाना क्षेत्र में घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने हिरनगाँव पुल के मोड़ पर जरौली खुर्द की ओर जाने वाले रास्ते पर बीएस कालेज के पास चैकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान सामने से मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। तो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा जिससे हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में आरोपी को गिरफ्तार किया। घायल की पहचान 20 हजार रुपये के इनामिया वांछित सिन्टू उर्फ सिन्टौला पुत्र शेर सिंह के रूप में हुई है जो कि थाना टूण्डला, थाना नारखी, थाना उत्तर एवं जनपद मथुरा से विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहा है।

घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# समाधान दिवस में आई 27 शिकायतें, दो का मौके पर निस्तारण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



टूंडला ।शनिवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें दो का निस्तारण मौके पर किया गया।सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग से रही,और कुछ शिकायतें पुलिस विभाग की रही।

उपजिलाधिकारी टूंडला अनुराधा सिंह ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में 27 शिकायतें प्राप्त हुई है।और दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया है।उन्होंने बताया कि तहसील में गांव गांव फार्मर रजिस्ट्री के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री उनके गांव में जाकर हो जाए।जिन किसानों की खतौनी के नामों में मिसमैच आ रहा था।उनके अधिकतर आवेदन हमें प्राप्त हुए हैं जिनमें से मौके पर दो का निस्तारण कर दिया गया है।और अधिकतर शिकायतों में संबंधित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दे दिए गए हैं। समाधान दिवस में तहसीलदार राखी शर्मा, नायब तहसीलदार सरिता कुमारी, बीडीओ प्रभात रंजन, अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी सहित कई विभागों से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो चोर गिरफ्तार, चोरी किए हुए रुपए बरामद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना नगला खंगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो चोरों को दुकान के गल्ले से चोरी किये रुपए सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में नगला खंगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित सुरजीत उर्फ सीटू पुत्र स्वदेशी और हरीशंकर उर्फ शीलू पुत्र रामायन सिंह निवासीगण ग्राम ईशाहकपुर थाना नगला खंगर को मिठाई की दुकान के गल्ले से चोरी किये 2000 रुपए सहित आटेपुर चौराहे से शिकोहाबाद रोड़ के पास बम्बा पुलिया से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों चोरों को जेल भेजा।

### बीच बचाव करने आए दो युवकों को मारपीट कर किया घायल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूंडला ।बीती रात कार सवार युवकों ने बीच बचाव करने आए दो युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया ।पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों को हिरासत में लिया है ।एक्सयूवी 300 में शाहनवाज,सुफियान, फैजान सहित 2 अन्य निवासीगण अनामिका टॉकीज मंगलसेन गली में कार से अपने साथ अर्श पुत्र मोहम्मद अली निवासी एमपी रोड नई बस्ती गुरुद्वारा के पास को घर से कार में बिठाकर ले गए ।आरोप है कि उन्होंने मुल्तान सिंह की कोठी के सामने ले जाकर अर्श उर्फ अईया के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में बीच बचाव करने के लिए वरुण और रोहित निवासीगण नई बस्ती एमपी रोड आए तो युवकों ने वरुण और रोहित को मारपीट कर घायल कर दिया ।मौके पर जुटी भीड़ ने तीन आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि उनके दो साथी भागने में सफल हो गए ।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है ।प्रभारी निरीक्षक टूंडला अंजीश कुमार सिंह ने बताया है कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्यवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में कार सवार दो सगी बहनों की मौत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/वृंदावन। शादी समारोह में शामिल होकर कार से लौट रहे परिवार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में कार सवार दो सगी बहनों की मृत्यु हो गई जबकि दुर्घटना में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान के डीग जिले के रहने वाले उमेश अपनी पत्नी शिवानी तथा दो भतीजी अनु तथा प्रिया के साथ गाजियाबाद में शादी समारोह से शामिल होकर वापस लौट रहे थे। स्विफ्ट डिजायर कार में सवार परिवार जैसे ही छाता कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दौताना गांव के समीप पहुंचा तो फ्लाईओवर के पास किसी अज्ञात वाहन ने गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। टक्कर की आवाज सुनकर क्षेत्रीय निवासियों द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी की दोनों सीटों के बीच में बुरी तरह से फसी बहनों को बम मुश्किल बाहर निकाला तथा घायल दंपति को चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना की सूचना दुर्घटना के शिकार परिजनों को दे दी गई है। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति नियुक्त हुए फिरोजाबाद के जिला जज हरवीर सिंह



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। जिला न्यायालय फिरोजाबाद में जिला जज हरवीर सिंह को हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति नियुक्त किया गया है। ऐसा पहली बात हुआ है कि फिरोजाबाद जिले के किसी जिला जज को हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति के रूप में नियुक्त किया गया है। हरवीर सिंह के न्यायमूर्ति की खबर से उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई वहीं शनिवार की सुबह जब न्यायमूर्ति हरवीर सिंह फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचे, तो अधिवक्ताओं और शहरवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्टेशन पर स्वागत करने वालों की भारी भीड़ जमा हुई। डीजीसी राजीव प्रियदर्शी ने इस अवसर को जिले के लिए सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने कहा कि हरवीर सिंह अब पूरे प्रदेश के लोगों को न्याय दिलाएंगे। पहले वह केवल जिले के लोगों को न्याय दिला रहे थे। हरवीर सिंह पिछले कई वर्षों से फिरोजाबाद में जिला जज के रूप में सेवारत थे। जिलेवासी उन्हें कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति मानते हैं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

### अनियंत्रित बुलेरो ने कार में मारी टक्कर एक की मौत तीन घायल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। जनपद के नसीरपुर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे में कार में सवार प्रहलाद कुशवाह की 24 वर्षीय बेटी शशि प्रभा कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार अन्य तीन लोग मामूली रूप से घायल हुए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार सवार फरीदाबाद से बिहार जा रहे थे। हादसे के बाद बोलेरो चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बोलेरो को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतका अपने पिता की चार संतानों में सबसे बड़ी थी। हादसे के बाद कार सवारों में चीख-पुकार मच गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि माइल स्टोन 50 पर एक बेकाबू बोलेरो ने डिवाइडर तोड़कर सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। जिससे शशि प्रभा की मौत तथा अन्य लोग घायल हुए हैं ।

# प्रभात फेरी निकालकर डॉक्टर अंबेडकर के जीवन पर डाला प्रकाश




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

टूंडला । स्वतंत्रता के अमृत काल में डॉ भीमराव अंबेडकर भारत रत्न के जन्मोत्सव पर 14 से 15 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के तहत नारखी ब्लॉक के ग्राम पंचायत रामपुर कठेलीया मैं कक्षा एक से 8 तक सुनाबाई माध्यमिक विद्यालय से प्रभात फेरी निकाली गई यह प्रभात फेरी गांव की गलियों में होती हुई बाबा साहब अंबेडकर बाबा साहब के चित्र पर माला अर्पण किया गया जिसमें बच्चे हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान शिक्षा व शेरनी का दूध है जो पियेगा वही जैसे नारे लगाते हुए बच्चे प्रभात फेरी निकाली कार्यक्रम में शिक्षक चेतन प्रताप सिंह एवं जिला गाइड कैप्टन श्रीमती विनीता चौधरी प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीता शर्मा सुरेश यादव विजयकांत सारस्वत सर्वेश जितेंद्र नीलम और ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। इसी बीच गांव वालों को विनीता चौधरी के द्वारा बताया गया कि अपने बच्चों को शिक्षा दिलाए जिससे वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो और पढ़ लिखकर अपने गांव देश और समाज का नाम रौशन कर सकें इस दौरान संविधान के विषय में भी जानकारी दी गई।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर पाइप लाइन की खुदाई में लापरवाही बरतने पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । जनपद में जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक अभियंता जल निगम फिरोजाबाद शिवम राजपूत द्वारा थाना रजावली में भारतीय न्याय संहिता की धारा 290 और 125 (बी)के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है । जिसमें अज्ञात के विरुद्ध दर्ज एफआईआर में यह आरोप लगाया गया है, कि रामगढ़ स्थित सी0डब्ल्यू0आर0 के लिए 1800 एम0एम0 पाइप लाइन का कार्य प्रगति पर था, इस कार्य हेतु खुदाई के दौरान निकाली गई मिट्टी एक साइड पर जमा की जा रही थी, पाइपलाइन बिछाई जाने हेतु लगभग 2.8 एम0टी0आर0 मिट्टी खोदी जा रही है, इस कार्य को देखने हेतु गांव के चार-पांच लड़के इकट्ठे थे, जो की ट्रेंच के किनारे खड़े थे, कंपनी द्वारा खोदी गई, ट्रेंच के किनारे कोई सुरक्षा बैरिकेडिंग एवं मानक एवं साइन बोर्ड आदि नहीं लगाया गया था, इसी कारण से अचानक मिट्टी धस जाने पर लड़के मिट्टी के साथ-साथ नीचे गिर पड़े, जिससे एक लड़का सोमवीर मिट्टी में दब गया, जिसको ग्राम वासियों द्वारा मिट्टी हटाकर बाहर निकाला गया, घायल को तत्काल आगरा स्थित नर्सिंग होम में भर्ती किया गया, जहां उसकी हालत गंभीर है, कंपनी के इस लापरवाही पूर्ण रवैया को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर एफ०आई०आर० दर्ज कराया गया

# हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की प्रभातफेरी एवं विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

शिकोहाबाद । स्वतंत्रता के अमृत काल में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती दिनांक 14 अप्रैल से 15 दिवसीय कार्यक्रम को संपूर्ण प्रदेश में उत्सव के रूप में आयोजित किए जाने की कार्य योजना शासन द्वारा जारी की गई है उक्त के क्रम में नोडल अधिकारी ,खंड शिक्षा अधिकारी शिकोहाबाद विजय सिंह के निर्देश पर जनपद स्तरीय गठित समिति के सदस्यों द्वारा जनपद फिरोजाबाद के ग्राम पंचायत हरिहा ,तथा ग्राम पंचायत फरोल नगरिया में पंचायत स्तर पर ₹हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की प्रभात फेरी एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । प्रभात फेरी में छात्र छात्राओं, ग्राम प्रधान तथा ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया साथ ही बाबा साहब के विचारों पर चलने का संकल्प लिया ।

कार्यक्रम में भुवनेश चन्द्रा, दधीच कुमार, हेमंत ,ललित किशोर,प्रेमलता ,आकाश यादव, सीताराम , इंद्रा परिहार,रामकुमार आदि उपस्थित रहे ।

# भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ मलूक जयन्ती का समापन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



वृंदावन। स्थानीय वंशीवट स्थित श्री मलूकपीठ बिहारी सेवा संस्थान में चल रहे श्रीमद् जगद्गुरू द्वाराचार्य श्री मलूकदास देवाचार्य जी महाराज के 451वें जयन्ती महोत्सव का भव्य शोभायात्रा के साथ समापन हो गया। शोभायात्रा मलूक पीठ से प्रारम्भ हुई और ज्ञान गूदड़ी गोपीनाथ बाजार, रंगजी मन्दिर, चुंगी चौराहा, अनाज मण्डी चौराहा, सरार्फा, बनखण्डी, किशोरपुरा, विद्यापीठ होते हुए बांके बिहारी, लोई बाजार होकर वापिस मलूकपीठ पहुंची, जहां इसका समापन हो गया। शोभायात्रा का श्रद्धालु भक्तों एवं नगर के स्थानीय लोगों द्वारा जगह-जगह पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में संत मलूक दास जी की प्रतिमा सबसे आगे-आगे चल रही थी। उसके पीछे-पीछे श्रीमज्जगद्गुरू अग्रदेवाचार्य पीठाधीश्वर एवं श्री मलूक पीठाधीश्वर डॉ राजेन्द्र दास देवाचार्य महाराज अन्य संत-महंतों के साथ पोलो कार्ट से बने रथ पर सवार होकर चल रहे थे। उनके साथ ही ठाकुर श्री राधा - कृष्ण जी के स्वरूप की भव्य झांकी भी चल रही थी। उनके साथ-साथ भक्तों का भारी हुजूम भी चल रहा था। शोभायात्रा के समापन के बाद एक विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों संत-महंतों के साथ-साथ हजारों भक्तों ने प्रसाद का आनन्द लिया। इस अवसर पर नाभा पीठाधीश्वर सुतीक्ष्ण दास महाराज, गोरीलाल कुंज के श्री किशोरदास देव जू महाराज, खाक चौक के श्री राम अवतार दास महाराज, राम कबीर एवं आद्य वाराह पीठाधीश्वर द्वाराचार्य रामप्रवेश दास महाराज, श्री राधावल्लभ लाल के अनन्योपासक संत रसिक दास जी महाराज, रसिया बाबा सहित अनेकों संत-महंत भी उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




फिरोजाबाद । जनपद के जिला मुख्यालय पर शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने पैदल मार्च करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

विहिप नेता दीपक सोलंकी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मंदिरों को नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां हिंदुओं की हत्याएं हो रही हैं। हिंदू बहन-बेटियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है । प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब अन्य राज्यों में सभी समाज के लोग शांति से रह रहे हैं, तब पश्चिम बंगाल में हिंदू सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने मांग की कि राष्ट्रपति को अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए। कार्यकताओं ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

# हितहरिवंश नगर के निवासियों ने मांगों को लेकर नगर निगम में लगाए मुर्दाबाद के नारे



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

वृंदावन। लंबे समय से पानी और सीवर की समस्या से परेशान श्री हितहरिवंश नगर ललित नगर रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के दर्जनों लोग अपनी मांगों को करने के लिए वृंदावन जोनल कार्यालय में प्रदर्शन कर नगर निगम मुदार्बाद के नारे लगाते नजर आए। वही अपने कार्य को लेकर लापरवाह निगम अधिकारियों ने एक बार फिर अपने रटे हुए आश्वासन की घुट्टी देकर उन्हें फिर से टरका दिया । निगम अधिकारियों की लापरवाही के चलते निगम कार्यालय में प्रदर्शन कर रहे वृंदावन के हरिवंश नगर के रहने वाले कालौनी निवासी दो वर्षों से अपनी मांगो को पूरा करने के लिए दर्जनों बार प्रदर्शन और शिकायती पत्र भी दे चुके है। लेकिन हर बार उन्हें आश्वाशन की घुट्टी पिलाकर टरका दिया जाता है। कालोनीवासियों द्वारा प्रदर्शन करना अधिकारियों के लिए अब आम बात हो गया है। ऐसा ही शनिवार को देखने को मिला। इस बार का प्रदर्शन उनके लिए कितना कारगर साबित होता है या फिर दो साल से परेशान कालौनी वासियों को फिर से प्रदर्शन कर अधिकारियों को अपनी कालौनी की ओर ध्यान आकर्षित कराने के लिए प्रदर्शन करना होगा। प्रदर्शन कर रहे कालौनी वासियों का कहना था कि अगर जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो अब कालौनी निवासी धरने को बाध्य होंगे। जिसका जिम्मेदार नगर निगम प्रशासन होगा।

# [ बिहार चुनाव 2025 ] महायुद्ध की रणनीति बनाने को बनी महागठबंधन कमेटी के योद्धाओं के नाम तैयार

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



पटना(बिहार)।बिहार की राजनीति एक बार फिर गर्मा चुकी है।वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही सत्ता की जंग का बिगुल बज चुका है।मैदान में उतरने से पहले महागठबंधन ने अपनी पहली चाल चल दी है।राजनीतिक समन्वय की दिशा में एक कोऑर्डिनेशन कमिटी का गठन किया गया है।लेकिन यह सिर्फ एक कमिटी नहीं,बल्कि उस वार रूम की नींव है जहां से तेजस्वी यादव चुनावी रण का संचालन करेंगे।बताते चले कि विगत 17 अप्रैल को पटना स्थित आरजेडी कार्यालय में महागठबंधन की पहली बैठक हुई।इसमें छह दलों के प्रतिनिधियों ने शामिल होकर चुनावी समन्वय के लिए साझा कमिटी बनाने का फैसला लिया और कमिटी की बागडोर सौंप दी गई तेजस्वी यादव को।तेजस्वी न सिर्फ महागठबंधन के सबसे बड़े चेहरे हैं,बल्कि विपक्ष की रणनीति के केंद्रीय नायक भी बन चुके हैं। कोऑर्डिनेशन कमिटी में हर दल से दो-दो सदस्य शामिल किए जाएंगे,लेकिन अब तक केवल वाम दल,सीपीआई और सीपीएम,ने अपने प्रतिनिधियों के नाम भेजे हैं।सीपीआई ने रामनरेश पांडेय और राम बाबू कुमार को नामित किया है।बताया जाता हैं कि सीपीएम ने ललन चौधरी और विधायक अजय कुमार का नाम भेजा है।लेकिन तीसरी वामपंथी पार्टी,सीपीआई(माले)अभी भी पसोपेश में है।नाम तय नहीं हुए हैं।वहीं,सबसे अहम दल,आरजेड-ी,कांग्रेस और वीआईपी,अब तक खामोश हैं।सियासी हलचल अब अगले पड़ाव की ओर बढ़ चुकी है।महागठबंधन की दूसरी बैठक 24 अप्रैल को पटना स्थित सदाकत आश्रम(कांग्रेस प्रदेश कार्यालय)में होगी।यह बैठक सिर्फ एक मुलाकात नहीं होगी,बल्कि उस साझा रणनीति का खाका तय करेगी,जो नीतीश कुमार और बीजेपी को सत्ता से बेदखल करने का सपना देख रही है।आरजेडी की तरफ से चर्चा में हैं अब्दुलबारी सिद्दिकी,संजय यादव और आलोक मेहता। लेकिन इन तीनों में से दो को ही जगह मिलेगी।-

दलचस्प बात ये है कि पार्टी अध्यक्ष जगदानंद सिंह पहली बैठक में नहीं आए और सूत्रों के मुताबिक आगे भी वे सक्रिय भूमिका में नहीं दिखेंगे।ऐसे में उनके शामिल होने की संभावना न के बराबर है।कांग्रेस की ओर से प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, अध्यक्ष राजेश राम और वरिष्ठ नेता शकील अहमद में से दो नाम चुने जा सकते हैं।

कांग्रेस आलाकमान की हरी झंडी के बाद ही यह फैसला संभव होगा।वीआईपी से पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी तो तय माने जा रहे हैं,लेकिन उनके साथ कौन होगा?यह पार्टी के अंदर गहन मंथन का विषय बना हुआ है।अब देखना ये है कि 24 अप्रैल की बैठक में क्या सिर्फ नामों की घोषणा होगी या फिर चुनावी जंग की पहली रणनीति का खुलासा भी?बिहार की सियासत की नई पटकथा लिखी जा रही है,जो कलम तेजस्वी के हाथ में है,लेकिन कागज पर अभी कुछ खाली जगहें हैं।

## राजद के मंसूबे पर कांग्रेस ने फेरा पानी: मंगल पाण्डेय,मंत्री

### तेजस्वी को संयोजक बना कांग्रेस ने खेला बड़ा सियासी दांव बिहार के मतदाता नहीं होने देंगे राज्य के विकास को बेपटरी

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



पटना(बिहार)।स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि कांग्रेस ने तेजस्वी यादव को बिहार में इंडी एलायंस का स्टेट को-ऑर्डिनेशन कमिटी का कन्वेनर बना कर एक तरह से राजद के मंसूबे पर पानी फेर दिया है।राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की प्रबल इच्छा पर कांग्रेस ने अपनी सियासी चाल से विराम लगा दिया है।कांग्रेस को बिहार की राजनीतिक हकीकत मालूम है।वर्षों पहले खिसक चुकी अपनी सियासी जमीन की तलाश के लिए बेचौन कांग्रेस यह भी अच्छी तरह से समझ रही है कि अगर उसने जंगल राज के वारिस का नेतृत्व स्वीकार कर लिया तो बिहार में उसका कोई नामलेवा नहीं बचेगा।

श्री पांडेय ने कहा कि बिहार के लोग पूरी तरह से एनडीए के साथ एकजुट है।न्याय के साथ विकास,कानून का राज और सुशासन एनडीए सरकार की यूएसपी है।डबल इंजन की सरकार की वजह से आज बिहार विकास के रास्ते पर तेजी से दौड़ रहा है।बिहार के तरक्कीपसंद जिम्मेवार मतदाता किसी भी कीमत पर बिहार को बेपटरी नहीं होंने देंगे।श्री पाण्डेय ने कहा कि धींगा-मुश्ती के बावजूद कांग्रेस और राजद की मंशा केवल भ्रष्टाचार,अराजकता,लूट-खसोट को बढ़ावा देने,वंशवाद,परिवारवाद को संरक्षित करने के लिए सत्ता हासिल करने की है।

## न्यूज ब्रीफ

### चित्तौड़गढ़ डीएसटी व कनेरा थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

जयपुर(राजस्थान) चित्तौड़गढ़ जिले की कनेरा थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जिला विशेष टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप गाड़ी से 52 प्लास्टिक के कट्टों में भरा 10 क्विन्टल 12 किलो 380 ग्राम अवैध डोडा चुरा जब्त किया है।जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 1.50 करोड रुपए आंकी गई है।एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ के लिए एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन एवं डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के सुपर विजन में शनिवार को थानाधिकारी कनेरा महेन्द्र सिह मय टीम एएसआई बालमुकन्द,हैड कांस्टेबल दीपक पाटील, कांस्टेबल सुरेश चन्द्र,किशनाराम,गोपाल व राजेन्द्र सिह एवं डीएसटी ईन्चार्ज मुन्शी मोहम्मद व उनकी टीम द्वारा कनेरा से विजयपुरा रोड पर नाकाबन्दी की गई।

नाकाबंदी के दौरान कनेरा की तरफ से एक क्रेटा कार तेजगति से आई जिसमे दो व्यक्ति बैठे थे।जिसको हाथ का ईशारा कर रुकवाने का प्रयास किया तो क्रेटा का चालक नाकाबन्दी तोडकर गाड़ी को भगाकर ले गया।उसी समय उसके पीछे से आ रही एक पिकअप गाडी के चालक ने पिकअप को तेजगति से चलाकर भगाने का प्रयास किया।पुलिस के गाड़ी के आगे स्टोप स्टीक डालने से पिकअप का टायर ब्रस्ट हो गया।

## तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग से पांच लोग जख्मी

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



रांची(झारखंड)।गढ़वा जिले में बीती देर रात एक तिलक समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग ने जश्न को मातम में बदल दिया।समारोह के दौरान की गई गोलीबारी में पांच लोग जख्मी हो गए,जिनमें तीन को गोली लगने की पुष्टि हुई है।यह मामला मेराल थाना क्षेत्र अंतर्गत रेजों गांव की है।मिली जानकारी के अनुसार रेजो गांव निवासी रमाशंकर चौबे के पुत्र प्रशांत चौबे का विवाह रंका थाना क्षेत्र के रंका अस्पताल रोड निवासी शंभू पांडेय की बेटी से तय हुआ था।इसी सिलसिले में शुक्रवार रात तिलक समारोह का आयोजन किया गया था।समारोह में कन्या पक्ष से आए कुछ लोगों ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दी,जो अचानक हादसे का कारण बन गई।

## मुख्यमंत्री ने हज-2025 की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक की,अधिकारियों को दिये निर्देश

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1,अण्णे मार्ग स्थित संकल्प में हज-2025 की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मो.सोहैल ने प्रस्तुत-ीकरण के माध्यम से हज-2025 की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान उन्होंने जिलावार हज यात्रियों की संख्या,इंबारकेशन प्वाइंट,हज यात्रियों को दी जानेवाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी।उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग,बिहार सरकार के द्वारा हज यात्रियों को सभी सुविधाएं प्रदान करने की तैयारी की जा रही है।इस वर्ष देश के 10 अलग-अलग हवाई अड्डो से बिहार के हज यात्रियों को हज यात्रा पर भेजा जायेगा।विभिन्न जगहों पर बिहार के हज यात्रियों के लिये की गयी व्यवस्था की देख-रेख के लिये वरीय अधिकारियों के अधीन टीम की प्रतिनियुक्ति की गयी है।समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हज यात्रियों के लिए हज यात्रा के दौरान एयरपोर्ट तक जाने के पूर्व आवासन,भोजन,आवागमन इत्यादि हेतु सभी सुविधा राज्य सरकार की ओर से प्रदान की जा रही है।सभी मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था करें ताकि हज यात्रियों को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो और उनकी यात्रा सुगमतापूर्वक सम्पन्न हो सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग,बिहार सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष मुस्लिम धर्म के लोगों को हज यात्रा हेतु उनके सबसे प्रमुख धार्मिक स्थल मक्का(सउदी अरब)भेजे जाने की व्यवस्था की जाती है।जैसी की जानकारी दी गयी है कि इस वर्ष बिहार से 1391पुरुष एवं 1012 महिला कुल 2403 हज यात्री हज हेतु मक्का(सउदी अरब)जाएंगे।ये हज यात्री देश के 10 अलग-अलग हवाई अड्डों से हज यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे।यह बहुत खुशी की बात है।हज यात्रियों की सारी सुविधाओं का ख्याल रखा जायेगा।उन्होंने कहा कि हज भवन,पटना के समरूप किशनगंज में बहुउद्देशीय भवन,हज यात्रियों के लिये आवासन, भोजन, पासपोर्ट सत्यापन, टीकाकरण,विदेशी मुद्रा विनियमण आदि की बेहतर व्यवस्था की गयी है।इसी प्रकार की व्यवस्था सीतामढ़ी,दरभंगा सहित अन्य जिलों के लिये भी करायें।हज यात्रा प्रारम्भ होने के पूर्व शुभकामना बैठक(दुआईया मजलिस)का आयोजन हज भवन,पटना में किया जाता है।इस वर्ष यह बैठक हज भवन,पटना स्थित मौलाना मजहरूल हक ऑडिटोरियम में 1 मई को प्रस्तावित है।

समीक्षा बैठक के पश्चात मुख्यमंत्री ने हज भवन जाकर दुआईया मजलिस के आयोजन की तैयारियों का भी जायजा लिया।इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी,अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमां खान,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार,मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा,विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत,मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मो.सोहैल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# खेल

## न्यूज ब्रीफ

### वापसी की राह पर सौरभ चौधरी उम्मीदों और लक्ष्यों को लेकर चिंतित नहीं

नयी दिल्ली (भाषा) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दो साल के अंतराल के बाद वापसी कर रहे भारतीय पिस्टल निशानेबाज सौरभ चौधरी ने कहा कि वह पदक जीतने, लक्ष्य निर्धारित करने और उम्मीदों को पूरा करने के लिए अपनी नींद गंवाने की जगह कदम दर कदम आगे बढ़ना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह अतीत में भी इन चीजों को लेकर परेशान नहीं थे। भारतीय निशानेबाजी में सबसे तेजी से उभरते युवा से लेकर खराब फॉर्म के कारण गुमनामी में जाने तक इस 22 साल के निशानेबाज ने कम समय में करियर में बड़ा उतार चढ़ाव देखा है। उन्होंने हाल ही में ब्यूनस आयर्स और लीमा में आईएसएसएफ विश्व कप में क्रमशः कांस्य और स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष स्तर की निशानेबाजी में शानदार वापसी की है।

उन्होंने प्रतिभाशाली सुरुचि सिंह के साथ मिलकर दक्षिण अमेरिका में 10 मीटर मिश्रित टीम एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य और स्वर्ण पदक जीता, जबकि लीमा में 10 मीटर व्यक्तिगत एयर पिस्टल स्पर्धा में तीसरा स्थान भी हासिल किया। आमतौर पर शांत रहने वाले इस निशानेबाज ने सुर्खियों से दूर मेरठ में गुमनामी में मेहनत के साथ राष्ट्रीय टीम में वापसी की है।

चौधरी ने सुरुचि के साथ मिलकर स्वर्ण पदक जीतने के बाद लीमा से पीटीआई से कहा, मैंने बस कड़ी मेहनत की और कभी-कभी तकनीकी रूप से भी पिस्टल के साथ प्रयोग किया। मैंने भविष्य के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है और मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि दूसरे मुझसे क्या उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ अपनी ट्रेनिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूँ और अच्छी निशानेबाजी करना चाहता हूं और लगातार सुधार करना चाहता हूं।

## पंजाब के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

मुल्लांपुर (पंजाब) (भाषा) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

पंजाब के खिलाफ शुक्रवार को बेंगलुरु में खेले गए मैच में टिम डेविड को छोड़कर आरसीबी का कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और टीम को पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

आरसीबी के पास फिल साल्ट, विराट कोहली, कप्तान रजत पाटीदार और लियाम लिविंगस्टोन जैसे धाकड़ बल्लेबाज हैं लेकिन उनके पास वापसी करने का बहुत कम समय है। पाटीदार ने बेंगलुरु में पंजाब के हाथों पराजय के लिए बल्लेबाजों की नाकामी को जिम्मेदार ठहराया था।

उन्होंने कहा, ह्वविकेट शुरू में बल्लेबाजी के लिए बहुत अनुकूल नहीं था लेकिन हम एक बल्लेबाजी इकाई के तौर पर अच्छा प्रदर्शन कर सके।

आरसीबी अभी अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और अगर उसे शीर्ष चार में जगह बनाए रखनी है तो उसके बल्लेबाजों को जल्द से जल्द अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। आरसीबी विस्फोटक शुरूआत प्रदान करने के लिए साल्ट और कोहली पर भरोसा करेगी और मध्य क्रम में स्थिरता प्रदान करने के लिए पाटीदार, लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या और डेविड पर जिम्मेदारी होगी।

## खराब लय में चल रही चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में मुंबई इंडियंस

मुंबई (भाषा) चेन्नई सुपर किंग्स की खराब फॉर्म इंडियन प्रीमियर लीग के ह्यक्लासिको (सबसे ज्यादा प्रतिद्वंद्विता वाला मैच)ह्न की चमक को कम कर सकती है, लेकिन मुंबई इंडियंस के लिए रविवार को यहां अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए रणनीति बदलने की चुनौती होगी।

मुंबई ने शुरूआती मैचों की निराशा को पीछे छोड़ते हुए अपने पिछले दो मैचों में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद को मात देकर अच्छी वापसी की है। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम तालिका में सातवें पायदान पर है और वह मौजूदा सत्र में जीत की हैट्रिक लगाने के साथ सत्र के अपने पहले मैच में इस टीम से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में शानदार गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी को बड़ा स्कोर खड़ा करने का मौका नहीं दिया। टीम ने इसके बाद आसानी से जीत के लिए मिले 163 रन के लक्ष्य को छह विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया था। उस मैच में पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिली थी। लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलना टीम के लिए जोखिम भरा हो सकता है। चेन्नई के पास शानदार लय मेंचल रहे खब्बू स्पिनर नूर अहमद के अलावा अनुभवी रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन का भी विकल्प है। नूर ने सात मैचों में 12 विकेट लिये है, जिसमें मुंबई के खिलाफ शुरूआती मैच में तीन सफलता शामिल है। चेन्नई के खिलाफ सत्र का पहला मैच गंवाने के बावजूद मौजूद फॉर्म के आधार पर मुंबई का पलड़ा भारी है। रोहित शर्मा ने अभी तक बड़ा स्कोर नहीं बनाया है, लेकिन सनराइजर्स के खिलाफ उनकी तेज शुरूआत ने टीम को बिना किसी दबाव के लक्ष्य का पीछा करने की आजादी दी। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन रयान रिकेल्टन ने शीर्ष क्रम में अच्छा योगदान दिया है। विल जैक्स के हरफनमौला खेल ने सनराइजर्स की जीत में अहम भूमिका अदा की थी।




अनुभवी जसप्रीत बुमराह की वापसी से मुंबई की गेंदबाजी मजबूत हुई है। ट्रेंट बोल्ट भी अपने पुराने अंदाज में दिख रहे है। उन्होंने सनराइजर्स के खिलाफ शानदार यॉर्कर गेंदें डाली। हार्दिक ने गेंदबाज और बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका अच्छी तरह निभाई है, लेकिन आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी के लिए वह नमन धीर पर निर्भर रहेंगे।

कर्ण शर्मा को पिछले मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान उंगली में चोट लग गई थी और उनका चोटिल होना चिंता का विषय हैं।

चेन्नई ने पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पांच विकेट की जीत के साथ लगातार पांच हार के सिलसिले को खत्म किया लेकिन बल्लेबाजी उनकी कमजोर कड़ी बनी हुई है।

## भारतीय घरेलू हॉकी में अच्छी गहराई और गुणवत्ता है : मुख्य कोच फुल्टन

नयी दिल्ली (भाषा) राष्ट्रीय चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने शनिवार को कहा कि देश की हॉकी में काफी गहराई है और मजबूत बेंच स्ट्रेंथ वाली टीम बनाने के लिए अगले 18 महीने महत्वपूर्ण होंगे। फुल्टन को हाल में समाप्त हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान भारत की क्षेत्रीय प्रतिभा को जानने और समझने का मौका मिला।

फुल्टन ने कहा, जब हमने अपनी मजबूती पर जोर दिया तो मैच काफी करीबी रहे। भारतीय हॉकी में काफी गहराई है विशेषकर गोलकीपिंग और कुछ अन्य क्षेत्रों में जिसे देखना बहुत अच्छा था। उन खिलाड़ियों को पहचानना भी उत्साहजनक था, जिन्होंने पहले लीग में भाग नहीं लिया था। मुख्य कोच ने क्षेत्रीय टीमों के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि जहां विजेता पंजाब का मजबूत पक्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मौजूदगी था, वहीं शीर्ष चार टीमों ने कुल मिलाकर अच्छे संतुलन और गुणवत्ता का प्रदर्शन किया।




उन्होंने कहा, कुछ क्षेत्र निश्चित रूप से दूसरों की तुलना में मजबूत थे। उदाहरण के लिए, पंजाब सबसे अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ उतरा था जिसका उसे फायदा मिला। इसके अलावा शीर्ष चार टीमों में प्रतिभा का अच्छा संतुलन था।

फुल्टन ने एशिया कप चक्र के लिए एक नए कोर ग्रुप के गठन के संदर्भ में कहा कि उनका ध्यान खिलाड़ियों की उम्र पर नहीं बल्कि विशिष्ट भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों को खोजने पर है।

उन्होंने कहा, यह अधिक युवा खिलाड़ियों को लाने के बारे में नहीं है। यह उचित भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों की पहचान करने से जुड़ा है। फुल्टन ने कहा, हम जल्द ही एक अभ्यास शिविर आयोजित करने जा रहे हैं जिसमें 54 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें से 40 खिलाड़ियों का एक कोर ग्रुप तैयार किया जाएगा। हम खेल के प्रत्येक विभाग में मजबूती चाहते हैं। अगले 18 महीने मजबूत बेंच स्ट्रेंथ वाली टीम बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने कहा, हम ऐसे खिलाड़ी चाहते हैं जो मैन-टू-मैन और डिफेंस दोनों के खिलाफ गेंद को प्रभावी ढंग से मूव कर सकें, समझदारी से विरोधी टीम पर दबाव बना सकें और अगर टीम पर दबाव है तो उससे बाहर निकल सकें।

## खेलों और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदली: राजनाथ



लखनऊ (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि समाज में खेल और खिलाड़ियों को लेकर धारणा बदलल चुकी है और आज माता-पिता अपने बच्चों को लिएंडर पेस, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा, पीवी सिंधू, डी गुकेश और नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ियों के रूप में देखना चाहते हैं।

खेलोगे कूदोगे होगे खराब, पढ़ोगे, लिखोगे तो बनोगे नवाब नामक लोकप्रिय मुहावरे का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि एक समय ऐसा माना जाता था कि खेलों में समय लगाना समय की बबार्दी है।

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को ह्यसांसद खेल महाकुंभह्न में बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, ह्लआज यह सोच बदल गई है और खेलों और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदल गई है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए यह बहुत जरूरी है कि खेलों और खिलाड़ियों को ना केवल समाज में महत्व दिया जाए बल्कि उन्हें फलने-फूलने का पूरा मौका भी दिया जाए।

लखनऊ की खेल संस्कृति के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, ह्ललखनऊ शहर अपनी खेल संस्कृति के लिए उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश-विदेश में भी जाना जाता था। महान हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू, जिनके नाम पर यह स्टेडियम जाना जाता है, ने यहां लंबा समय बिताया था। हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले ध्यानचंद ने भी लखनऊ की खेल संस्कृति को बढ़ाया है। यह उनके बेटे अशोक कुमार और मशहूर ओलंपियन जमनालाल शर्मा की कर्मभूमि रही है। 80 के दशक में लखनऊ के स्पोर्ट्स कॉलेज में भारत का पहला एस्ट्रो टर्फ भी लगाया गया था।

उन्होंने कहा, आजकल लखनऊ में इंडियन प्रीमियर लीग के मैच हो रहे हैं, लेकिन एक समय था जब इसके केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शीशमहल ट्रॉफी नाम से क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होता था और टीम इंडिया के बड़े-बड़े खिलाड़ी लखनऊ में खेलते नजर आते थे।

